e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 62

शनिवार

04.03.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

*जैसे हमारे विचार होते हैं हमारी जिन्दगी भी वैसी ही होती है..*

*ताजा खबरों के लिए देखें*

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

## रांची का तापमान

अधिकतम 32°

न्युनतम 18°

## क्विक न्यूज

### सोनिया गांधी अस्पताल में भर्ती



**नई दिल्ली :** संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की अध्यक्ष और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को खराब स्वास्थ्य के चलते दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि उनके चेस्ट में इंफेक्शन है, हालांकि अभी उनकी हालत स्थिर है। अस्पताल ने हेल्थ बुलेटिन जारी करते हुए जानकारी दी कि सोनिया गांधी का इलाज चेस्ट मेडिसिन विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. अरूप बसु और उनकी टीम कर रही है। दो मार्च को बुखार की शिकायत के चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका इलाज लगातार चल रहा है और उनकी हालत स्थिर बनी हुई है।

**वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने 116418 करोड़ रुपये का पेश किया बजट**

# बजट 2023 : सब पर मेहरबान हेमंत सरकार

## बजट में ग्रामीण विकास, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा पर विशेष जोर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा में वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने राज्य का बजट पेश किया. बजट में लगभग सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है. बजट में किसानों का भी ध्यान रखा गया है. सरकार किसानों की समस्या का समाधान लेकर आई है. सरकार ने इस बार के बजट में इस बात का ध्यान भी रखा है. बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने जानकारी दी कि किसानों के आर्थिक सहयोग के लिए नई योजना लाई जाएगी. वित्त मंत्री झारखंड के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं देने की सरकार की कटिबद्धता को दोहराया. उन्होंने सदन के पटल पर बजट पेश करते हुए कहा कि स्वथ्य व्यक्ति से स्वस्थ्य परिवार के साथ विकसित समाज अवधारणा को बढ़ाते हुए कई योजनाएं प्रस्तावित है. जिसमें रांची और बोकारो में मेडिकल कॉलेज की स्थापना, पीपीपी मोड पर मोबाइल एंबुलेंस सेवा के साथ साथ नए नर्सिंग और फार्मासिस्ट कॉलेज की स्थापना इसमें शामिल है. इसके अलावा मंत्री ने स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए 7 हजार 40 करोड़ 90 बजट प्रस्तावित किया गया है. इसके तहत राज्य के कई जिलों में नए पॉलिटेक्निक कॉलेज खोले जाएंगे. इसके अलावा प्रदेश के पलामू, चाईबासा और दुमका जिला में मनोचिकित्सा केंद्रों की स्थापना का प्रावधान किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि कोविड काल के बजट से इस बार का बजट 70.42 प्रतिशत ज्यादा है. स्वास्थ्य मिशन के तहत मंत्री साल 2024 तक प्रदेश के करीब 60 लाख ग्रामीणों को नल से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का प्रस्ताव दिया और इसका लक्ष्य रखा है.

### सरकार ने किसानों के लिए खोला खजाना

रांची : वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि राज्य की आर्थिक स्थिति कृषि पर निर्भर करती है और झारखंड खेती-किसानी पर निर्भर है किसानों को ऋष्ण से मुक्त करना सरकार की प्राथमिकता है और उनकी आय बढ़ाना हमारी प्राथमिकता है. किसान ऋष्ण माफी योजना के तहत साढ़े चार लाख किसानों को ऋष्ण माफी का लाभ दिया गया है. सुखाड़ राहत के लिए 3500 रुपए की दर से 13,00,000 किसानों को राशि दी गई है.



### मनरेगा के लिए 1260 करोड़ का बजट

रांची : ग्रामीण विकास में रोजगार के अवसर बढ़ाने और वहां का जीवन स्तर सुधारने के लिए महात्मा गांधी मनरेगा के तहत 9,00,00,000 मानव दिवस कार्य स्वीकृत किए गए हैं. मनरेगा के लिए 1260 करोड़ का बजट प्रस्तावित किया गया है. मनरेगा के तहत 1,00,000 किसानों के निजी जमीन पर सिंचाई योजना को विकसित करने की व्यवस्था की जाएगी और इसका भुगतान मनरेगा योजना के तहत किया जाएगा.

### आंगनबाड़ी सेविकाओं का बढ़ा मानदेय

रांचीः झारखंड सरकार ने वर्ष 2023-24 के लिए महिला बाल विकास के लिए 7 हजार 171 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया है. इस साल के झारखंड बजट में वित्त मंत्री ने महिला एवं बाल विकास के लिए सर्वजन पेंशन योजना के तहत लोगों को आर्थिक सहायता पहुंचाने को लेकर सरकार के उद्देश्य को दोहराया है. राज्य में सर्वजन पेंशन योजना के लिए 2131 करोड़ रुपए का प्रस्ताव किया गया है. इसके अलावा उन्होंने बताया कि इस वित्तीय वर्ष के बजट में आंगनबाड़ी चलो अभियान योजना की शुरुआत की. इसके तहत बच्चों को पोशाक एवं टेस्ट बुक दिया जाएगा. राज्य में इस वित्तीय वर्ष के लिए 500 नए आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण किया जाएगा. इसके लिए 100 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया जा रहा है. आंगनबाड़ी सेविकाओं के मानदेय में 1700 की बढ़ोतरी की गई है. पहले 3100 दिया जाता था अब 4800 दिया जाएगा. साथ ही सामूहिक बिना बीमा योजना से जोड़ा जाएगा. सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को स्मार्टफोन देकर उन्हें नई तकनीक से जोड़ा जाएगा।

## बजट की मुख्य बातें

* सौर ऊर्जा आधारित माइक्रोलिफ्ट इरिगेशन के लिए कृषि समृद्धि योजना लागू की जाएगी
* कृषि क्षेत्र में पेस्टीसाइड तथा फर्टीलाइजर का उपयोग कम करते हुए जैविक खेती के प्रमोशन के लिए फसल सुरक्षा कार्यक्रम शुरू की जाएगी।
* स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के लिए 12546 करोड़ रुपए का बजट।
* राज्य की सभी पंचायतों को जीरो ड्रॉप आउट पंचायत बनाने का लक्ष्य, अभी तक 1828 पंचायत हो चुके हैं ड्रॉप आउट।
* सभी सरकारी विद्यालयों में बालिकाओं और बालकों के लिए अलग-अलग शौचालय बनाने का लक्ष्य।
* नेतरहाट विद्यालय की तर्ज पर चाईबासा, दुमका तथा बोकारो में आवासीय विद्यालय बनेगा।
* उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के लिए 2354.53 करोड़ रुपये का बजट।
* गुरुजी क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना एवं एकलव्य प्रशिक्षण योजना में 37000 बच्चों को लाभ देने का लक्ष्य।
* सभी राजकीय विश्वविद्यालय में इनोवेशन कम स्टार्ट अप सेंटर बनाने का प्रस्ताव।
* बरही, बुंडू, पतरातू, चाईबासा, जमशेदपुर, खूंटी में नए राजकीय पॉलिटेकनिक कॉलेज खोले जाने का प्रस्ताव।
* गोड्डा, जामताड़ा, लोहरदगा, चतरा, हजारीबाग, खूंटी, बगोदर, पलामू में बने पॉलिटेकनिक कॉलेज का संचालन अगले शैक्षणिक सत्र से।
* राज्य को अपने कर राजस्व से 30,860 करोड़, गैर कर राजस्व से 17,259 करोड़ और केंद्रीय सहायता से 16,438 करोड़ रुपये मिलेंगे।
* एफपीओ के अनुदान फंड में 50 करोड़ प्रस्तावित।
* जमशेदपुर रांची में मिल्क पाउडर प्लांट लगेगा।
* श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग के लिए बजट में 67 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। श्रम नियोजन के लिए 985 करोड़ का बजट प्रस्तावित है।
* आईटीआई संस्थानों के आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए और उन्हें अपडेट करने के लिए बजट में प्रस्ताव।
* मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत राज्य की 1 लाख 40 हजार युवक युवतियों को कौशल प्रशिक्षण दिए जाने का लक्ष्य
* स्वास्थ्य विभाग का 7040.90 करोड़ रुपये का बजट
* बोकारो एवं रांची में मेडिकल कॉलेज बनेगा।
* पलामू, चाईबासा एवं दुमका में मनोचिकित्सा केंद्र की स्थापना होगी।
* रांची में पीपीपी मोड पर एलकोअल डी एडिटकशन सेंटर खोला जाएगा।
* नए नर्सिंग कॉलेज एवं फॉर्मेसी कॉलेज की स्थापना होगी।
* पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का 4372.21 करोड़ रुपये का बजट
* खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले- 2750.15 करोड़ रुपए का बजट।
* पीडीएस प्रणाली में मोटा अनाज दिए का प्रस्ताव।
* अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग - 3011.65 करोड़ रुपए का बजट।
* मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का विस्तार करते हुए 2 लाख युवों को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य।
* रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, धनबाद, देवघर, बोकारो, चाईबासा में बहुमंजिला छात्रावास का निर्माण होगा।
* सभी छात्रावासों में बच्चों को निःशुल्क भोजन एवं रसोईया सहित अन्य कर्मी उपलब्ध कराने का लक्ष्य।
* छात्रावासों में मॉडल लाइब्रेरी की स्थापना का प्रस्ताव।
* जनजातीय कला केंद्रों में पारम्परिक वाद्य यंत्रों की आपूर्ति का प्रस्ताव।
* मानकी मुंडा शासन व्यवस्था से जुड़े मुंडा, मानकी, डकुआ को दोपहिया वाहन देने का प्रस्ताव।
* वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन का 1162 करोड़ रुपये का बजट
* लघु वन उत्पादों के प्रसंस्करण इकाइयों को प्रोत्साहित करने का प्रस्ताव।
* पक्की सड़क से अभी तक छूटे सभी गांव को जोड़ा जाएगा।
* विभाग पथ निर्माण विभाग का 5856 करोड़ रुपये का बजट
* रांची मास्टर प्लान 2037 के अनुरूप इनर रिंग रोड के मिसिंग लिंक के निर्माण का प्रस्ताव।
* साहिबगंज बरहेट जामताड़ा दुमका गोविंदपुर सड़क के फोरलेन काम का प्रस्ताव।
* कोडरमा जमुआ गिरिडीह टुंडी गोविंदपुर सड़क का फोरलेन का प्रस्ताव।
* बाहरी संपोषित परियोजना के तहत 400 किलोमीटर सड़क निर्माण का प्रस्ताव।
* ग्रामीण कार्य का 4293 रुपये का बजट
* केंद्र सरकार से स्वीकृत 3100 करोड सड़के तथा 143 पुल निर्माण शुरू करने की योजना।
* सभी स्वास्थ्य उप केंद्र, बाजार-हाट, पंचायत कार्यालय, मध्य उच्च विद्यालय, पोस्ट ऑफिस को पक्की सड़क से जोड़ने का प्रस्ताव।
* 3000 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों को सतही नवीकरण विशेष मरम्मत योजना से जोड़ने का प्रस्ताव।
* नागर विमानन का 354.40 करोड़ रुपये का बजट
* दुमका तथा बोकारो स्थित हवाई अड्डे से वायु सेवा शुरू करने का प्रस्ताव।
* दुमका में बनने वाले कॉमर्शियल पायलट लाइसेंस विद मल्टी इंजन रेटिंग स्तर के प्रशिक्षण केंद्र में 35 प्रशिशु को मिलेगा प्रशिक्षण।
* आम जनता के लिए सस्ते दर पर एयर एंबुलेंस सेवा शुरू की जाएगी।
* ऊर्जा विभा का 7769.10 करोड़ का बजट
* तेनुघाट विद्युत निगम लिमिटेड का क्षमता विस्तार एवं सामर्थ्य संवर्धन का प्रस्ताव।
* टीवीएनएल को आवंटित कोल ब्लॉक राजबार माइनर को प्रारंभ किया जाएगा।
* चांडिल में भी पीपीपी मोड पर फ्लोटिंग सोलर प्लांट बनाने का प्रस्ताव।
* बिजली उपभोक्ताओं को सब्सिडी प्रदान करने के लिए 2300 करोड़ रुपये का बजट।
* उद्योग विभाग का 474.50 करोड़ रुपये का बजट
* नए औद्योगिक क्षेत्र के निर्माण का प्रस्ताव।
* नई सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र पॉलिसी लागू करने का प्रस्ताव।
* नई खाद्य प्रसंस्करण नीति गठित करने का प्रस्ताव।
* नगर विकास एवं आवास विभाग का 3346.37 करोड़ रुपये का बजट
* झारखंड म्युनिसिपल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत लोहरदगा, गुमला, कपाली नगर निगम में शहरी जलापूर्ति योजना निर्माण करने का प्रस्ताव।
* एशियन विकास बैंक द्वारा संपोषित योजना जैसे झुमरीतलैया शहरी जलापूर्ति योजना, मेदिनीनगर शहरी जलापूर्ति योजना एवं रांची इंटेक वर्क्स का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।
* अमृत दो योजना के तहत रामगढ़ जलापूर्ति योजना, सिमडेगा शहरी जलापूर्ति योजना तथा 45 तालाबों के जीर्णोद्धार का कार्य का प्रस्ताव।
* राज्य में ओल्ड पेंशन स्कीम लागू है भविष्य में ओ पी एस का आर्थिक बोझ राजकोष पर ना पड़े इसके लिए 700 करोड़ रुपये का बजट प्रस्ताव।
* राज्य में वित्तीय प्रबंधन को पारदर्शिता बनाने के लिए डैशबोर्ड निर्माण वित्त विभाग करेगी।
* आउटकम बजट के लिए 43.411 करोड़ का प्रावधान- 13 विभागों के 238 राज्य और केन्द्रीय योजना का खर्च के साथ योजनाओं की प्रगति सदन के पटल पर रखा जाता है।
* योजनाओं का क्रिटिकल गैर पूरा करने के मकसद से 341. 69 करोड़ का बजट प्रस्तावित।
* गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग 9158.25 करोड़ बजट प्रस्तावित। इसके तहत चांडिल और चक्रधरपुर में नए उपकार का निर्माण किया जाना है।
* मुसाबनी, जामताड़ा और पाकुड़ के पुलिस लाईन में आवास निर्माण।
* मुख्यमंत्री, मंत्री एवं पदाधिकारियों द्वारा लाइव वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संवाद स्थापित करना।
* सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई गवर्नेंस के लिए 304.36 करोड़ रुपये बजट प्रस्तावित। इसके तहत स्टेट डाटा रिकवरी सेंटर का निर्माण आरटीआई पोर्टल का निर्माण।
* पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य 349.20 करोड़ बजट प्रावधान। इसके तहत राज्य में पर्यटन को उद्योग का दर्जा देने के लिए नई पर्यटन नीति का निर्माण।
* नेतरहाट को नेचर टूरिस्ट डेवलपमेंट अथॉरिटी के गठन का प्रस्ताव। राज्य में खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए ग्रास रूट ट्रेनिंग सेंटर एवं सिदो-कानु युवा क्लब की स्थापना पर जोर।

# बेहतर और संतुलित बजट : मुख्यमंत्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** झारखंड विधानसभा में गुरुवार को 01 लाख 16 हजार 418 करोड़ का बजट पेश किया गया। बजट को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बेहतर और संतुलित बताया। उन्होंने कहा कि इस बजट का लाभ वर्तमान में आमलोगों को तो मिलेगी ही। आने वाली कई पीढ़ी को भी इसका लाभ मिलेगा। सरकार ने झारखंड के आम लोगों के साथ-साथ यहां के संसाधनों का भी बजट में ध्यान रखा है। सोरेन ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा को लेकर कई ऐतिहासिक कदम उठाए गए लेकिन इससे काम नहीं बनेगा। अभी बहुत कुछ करना बाकी है। उन्होंने कहा कि 20 सालों में बजट केवल कागजी कार्रवाई के रूप में देखने को मिला। पहले हमलोगों ने हमारा बजट नाम दिया, मगर इस बार हमीन कर बजट नाम दिया है। राज्य के हितों और समस्याओं का समाधान कैसे हो, इसे ध्यान में रखकर यह बजट तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में बजट में 15 प्रतिशत बढ़ोतरी की गई है। राज्य को आगे ले जाने के लिए और अधिक संसाधनों की जरूरत होगी। हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार की क्षमता के अनुसार एक संतुलित बजट है।

# बजट राज्य के विकास से कोसों दूर : मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह बजट राज्य के विकास से कोसों दूर है। सरकार ने 2023-24 के लिए जो बजट पेश किया है, देखने-सुनने में तो बहुत अच्छा लगता है लेकिन राज्य में 60 फीसदी से अधिक लोग खेती पर ही आधारित हैं और 80 फीसदी से ज्यादा लोग गांवों में रहते हैं। सिंचाई की सुविधा नहीं के बराबर है। बजट में खेती, ग्रामीण विकास और सिंचाई पर कुल बजट का लगभग 12.5 प्रतिशत राशि ही बजटीय उपबंध किया गया है। ऐसे में गांवों और किसानों की हालत कैसे सुधारी जायेगी? यह समझ से परे है। विधानसभा में वित्त मंत्री जब बजट भाषण पढ़ रहे तभी अचानक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सदन से उठकर बाहर चले गये। यह हैरान करने वाली बात है कि वित्त मंत्री जब सदन में बजट पेश करें तो मुख्यमंत्री उठकर सदन से बाहर चलें जाएं। लगता है कि हजारीबाग में चल रहे ईडी के छापे में तीन करोड़ रुपये मिलने की खबर से घबराये हेमंत सोरेन असहज होकर परेशानी में बाहर निकल गये। इस खबर के बाद उन्हें बजट सुनना भी अच्छा नहीं लग रहा होगा।

# पर्यावरण मेला के समापन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी हमारा अस्तित्व रहेगा। लेकिन, आज विकास की अंधी दौड़ में जो पैमाने तय किए जा रहे हैं, वहां पर्यावरण पूरी तरह हाशिये पर है। अगर आज हम नहीं चेते तो आने वाली पीढ़ी को इसका खतरनाक अंजाम भुगतना होगा। इसलिए पर्यावरण संरक्षण में हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। अगर, हर इंसान इस दिशा में थोड़ा भी योगदान करे तो निश्चित तौर पर पर्यावरण को बेहतर बना सकते हैं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज मोरहाबादी मैदान, रांची में आयोजित 10 दिवसीय पर्यावरण मेला के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री ने तेजी से बढ़ रहे प्रदूषण के कारण उत्पन्न संकट पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि हम पर्यावरण के साथ अपने आप को नुकसान पहुंचा रहे हैं । अगर हम इसे नहीं समझे तो फिर इसके परिणाम भुगतने को भी तैयार रहें । मेरा मानना है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़ी मुहिम चलाने से बेहतर है कि हर व्यक्ति इस दिशा में अपना योगदान दें । अगर यह शुरुआत करने में सफल होते हैं तो पर्यावरण का नुकसान तो रुकेगा ही , उसकी भरपाई भी करने में कामयाब होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संकट से निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर तरह-तरह के अनुसंधान हो रहे हैं। करोड़ों -अरबों रुपए की लागत वाली बड़ी-बड़ी मशीनों से प्रदूषण को साफ करने की कोशिशें हो रही हैं ।

**पीएम मोदी ने संगमा को दी बधाई, कहा**

# मेघालय के विकास के लिए साथ मिलकर करेंगे काम

**एजेंसी**



**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेघालय विधानसभा चुनाव में सराहनीय प्रदर्शन के लिए नेशनल पीपुल्स पार्टी के मुखिया कोनराड संगमा को शुक्रवार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मेघालय की प्रगति के लिए वह एनपीपी के साथ मिलकर काम करते रहने को लेकर उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री ने संगमा के एक ट्वीट के जवाब में यह प्रतिक्रिया दी। संगमा के नेतृत्व में सरकार गठन के लिए भाजपा की ओर से एनपीपी को समर्थन पत्र सौंपे जाने पर उन्होंने एक ट्वीट कर भाजपा नेतृत्व का आभार जताया था। इसके जवाब में मोदी ने एक ट्वीट में कहा कि मैं मेघालय विधानसभा चुनावों में कोनराड संगमा की पार्टी के सराहनीय प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई देना चाहता हूं। मेरे मित्र स्वर्गीय पी ए संगमा जी को आज बहुत गर्व होता। मेघालय की प्रगति के लिए साथ मिलकर काम करते रहने को लेकर उत्सुक हूं। मालूम हो कि पी ए संगमा लोकसभा के अध्यक्ष रह चुके हैं। कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) से अलग होने के बाद उन्होंने एपीपी का गठन किया था। साल 2016 में दिल का दौरा पड़ने से राष्ट्रीय राजधानी स्थित राम मनोहर लोहिया अस्पताल में उनका निधन हो गया था। इससे पहले, कोनराड संगमा ने समर्थन देने के लिए भाजपा का आभार प्रकट करते हुए कहा कि मेघालय और वहां की जनता की साथ मिलकर सेवा करेंगे। बता दें कि मेघालय में गुरुवार को घोषित चुनाव परिणाम में एनपीपी 59 में से 26 सीटें जीत कर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। भाजपा सिर्फ दो ही सीट जीत सकी। चुनाव नतीजों के बाद संगमा ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को फोन कर सरकार बनाने में भाजपा की मदद मांगी थी। इसके बाद, भाजपा ने देर रात एनपीपी को समर्थन देने का पत्र उन्हें सौंपा था।

# कोयला कारोबारी के घर से 3 करोड़ कैश जब्त

**▫ पूजा सिंघल के 2 करीबियों के 14 ठिकानों पर ईडी की रेड**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रांची :** निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। पूजा सिंघल के करीबी माने जाने वाले कोयला कारोबारी इजहार अंसारी और अशोक कुमार के 14 ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की है। ईडी ने इजहार अंसारी के हजारीबाग वाले घर से 3 करोड़ कैश जब्त किए हैं। अशोक कुमार जेएसएमडीसी के पूर्व प्रोजेक्ट डायरेक्टर हैं। राजधानी रांची के हरमू स्थित ब्लू सिप्रा अपार्टमेंट के साथ- साथ रामगढ़ और हजारीबाग में मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर कई ठिकानों पर छापेमारी हुई है। ईडी की टीम अब भी कई घरों की तलाशी ले रही है। इजहार अंसारी कोयले का बड़ा कारोबारी है। कई नेताओं और अधिकारियों के साथ इसके रिश्ते हैं। बताया जा रहा है कि हाल में ही इजहार अंसारी ने जमशेदपुर में एक बड़ी पार्टी दी थी। इस पार्टी में राज्य के कई वरिष्ठ अधिकारी और नेता भी शामिल हुए थे।अशोक कुमार सिंह को पूजा सिंघल का नजदीकी भी माना जाता है। कोल तस्करी से जुड़े कई कंपनियों के पते पर यह छापेमारी की गई।जेएसएमडीसी में कॉन्ट्रैक्ट पर हुई थी। बताया जाता है कि निलंबित आईआईएस पूजा सिंघल का संरक्षण इन्हें मिला हुआ था।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# हुजूर हमार बेटा पुतोह 80 बरस के उमर में घर से निकाल देलन, हम कहां जाऊं : कलावती देवी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** हुजूर हम 80 बरस के हो गइल बानी भगवान के पास जायेवाला उम्र बा अईसन में हमार बेटा-पुतोह हमरा मार-पीट के घरे से बाहर निकाल देले हत, हमार घर इहाँ पलामू क्लब के बगल में बा हुजूर हम कहां जाई हमरा हमर घर दिवा दिहिं। ये बातें शहर के नवा टोली निवासी कलावती देवी ने उपायुक्त के जनता दरबार में डीसी के समक्ष कही इसपर उपायुक्त ने ऑन स्पॉट शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिंहा को बुलाकर उक्त महिला को अपने वाहन से घर पहुंचाते हुए उचित कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। इसी तरह उंटारी रोड के सिगसिगी निवासी जसमतिया देवी ने कहा कि उनके पति का देहांत 17 मई 2021 को कोविड से हो गया था जिसके पश्चात मुआवजा हेतु कई बार उंटारी अंचल में आवेदन दिया लेकिन आजतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी अतः उन्होंने उपायुक्त से कोविड का मुआवजा दिलवाने हेतु अनुरोध किया।

**उपायुक्त ने विभिन्न मामलों को लेकर कई बीडीओ-सीओ को किया फोन**

जनता दरबार में आये विभिन्न फरियादियों के मामलों के निष्पादन हेतु उपायुक्त ने छत्तरपुर सीओ, हरिहरगंज सीओ, सदर एसडीओ व सीओ चैनपुर सीओ अंचलाधिकारी समेत कई पदाधिकारियों को ऑन स्पॉट फोन कर मामलों का तेज़ गति से निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया।

**जनता दरबार में पेंशन से जुड़े कुल 4 मामले आये**

आज के जनता दरबार में विभिन्न प्रखंडों से जुड़े कुल 4 मामले आये जिसमे सभी वृद्धा पेंशन से संबंधित थे। उपायुक्त ने पेंशन संबंधित सभी आवेदन को संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को अग्रसारित करते हुए 15 दिनों के भीतर स्वीकृत करने का निर्देश दिया। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास व म्यूटेशन से जुड़े आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर 15 दिनों के भीतर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

# लौंग लाइफ केयर हॉस्पिटल में मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन 16 व 17 मार्च को



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में संचालित लौंग लाइफ केयर हॉस्पिटल एवं अंधापन नियंत्रण उन्मूलन, झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 16 व 17 मार्च को मोतितविंद का निःशुल्क ऑपरेशन किया जायेगा। यह ऑपरेशन शहर के सद्दीक मंजिल चौक स्थित लौंग लाइफ केयर हॉस्पिटल में होगा। मोतियाबिंद का ऑपरेशन देश के मशहूर नेत्र सर्जन डॉ. ध्रुव ज्योति सरकार करेंगे। इनके साथ नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. एस. सिंह भी रहेंगे। मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने वाले मरीजों का स्क्रीनिंग टेस्ट 12,13 व 14 मार्च को लौंग लाइफ केयर हॉस्पिटल में किया जायेगा। मरीजों का रजिस्ट्रेशन, जांच, दावा, चश्मा व ऑपरेशन निःशुल्क होगा। मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने वाले मरीज लौंग लाइफ केयर हॉस्पिटल में पहुंच कर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। गौरतलब है को इस हॉस्पिटल में हर साल मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन किया जाता है। साथ ही समय-समय पर जांच शिविर लगा कर कई अन्य रोगों का भी निःशुल्क जांच कर उसका ईलाज किया जाता है। लौंग लाइफ केयर हॉस्पिटल के निदेशक डा ए अंसारी ने बताया कि मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने वाले मरीज अस्पताल में पहुंच कर अपना निबंधन करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पलामू से अंधापन नामक बीमारी को जड़ से मिटाने के लिए उनका प्रयास लगातार जारी रहेगा। इसी प्रयास के तहत मोतियाबिंद के ऑपरेशन का कार्यक्रम रखा गया है।

# वार्षिकोत्सव का चार दिवसीय कार्यक्रम कलश यात्रा के साथ हुआ शुभारम्भ



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विशुनपुरा मुख्यालय स्थित शेषशैया भगवान विष्णु मंदिर के16 वीं वार्षिकोत्सव का चार दिवसीय कार्यक्रम शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उपस्थित थे। कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकल कर लाल चौक होते हुए मेन रोड विशुनपुरा, थाना के समीप में स्थित बांकी नदी तट पर पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सभी श्रद्धालुओं ने कलश में नदी का पवित्र जल को भर कर पुन॰ मुख्य सड़क होते हुए अपर बाजार, गांधी चौक, पुरानी बाजार पहुंचे। जहां शिव स्थल पर पूजा अर्चना कर पुन॰ विष्णु मंदिर का शिव स्थान पर जलाभिषेक किया गया। कलश यात्रा सह शोभा यात्रा में आस पास के विभिन्न गांव से आए हजारो की संख्या में श्रद्धालु शामिल थे। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु नारायण-नारायण, हर हर महादेव आदि जयकारे लगा रहे थे। वंही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए टैंकर से पानी का झिड़काव की सुविधा रखी गई थी। इस मौके पर अनंत प्रताप देव ने कहा कि विशुनपुरा का यह विष्णु मंदिर पूरे पलामू प्रमंडल में आकर्षण का केंद्र है। भगवान विष्णु मंदिर के वार्षिकोत्सव इस बार का भव्य आयोजन कराने पर विष्णु मंदिर विकास समिति को धन्यवाद दिया।कलश यात्रा के दौरान विष्णु मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष नारायण शर्मा, सचिव नवल किशोर गुप्ता उपकोषाध्यक्ष ललन प्रसाद गुप्ता एवं सभी सदस्यों की अगुवाई में बड़ी संख्या में पुरुष व महिला श्रद्धालु साथ में चल रहे थे। सचिव नवल किशोर गुप्ता ने शोभा यात्रा में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे लोगो को धन्यवाद दिया।साथ ही बताया कि चार दिवसीय कार्यक्रम में आज से पूजा प्रारम्भ हो गई है। कलश स्थापना प्रभाकर दुबे जी द्वारा सम्पन्न कराया गया। चार बजे से सीखा चतुर्वेदी द्वारा प्रवचन एवं रात्रि आठ बजे से विन्दावन से आए योगेश शर्मा द्वारा प्रवचन का कार्यक्रम कराया जा रहा है। वहीं मंदिर परिसर में झूलन मेला का भी प्रबन्ध कराया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर कमिटी सक्रिय हैं।भगवान विष्णु की शोभा सह कलश यात्रा में मंदिर के अध्यक्ष नारायण शर्मा, सचिव नवल किशोर गुप्ता, उप कोषाध्यक्ष ललन गुप्ता, उपसचिव प्रभु राम, प्रवक्ता अजय प्रसाद यादव, सुरेश भंडारी, सचिन गुप्ता, कृष्णा ठाकुर, जिला परिषद सदस्य शम्भू राम चन्द्रवंशी, प्रमुख दीपा कुमारी, मुखिया प्रमिला देवी, सहित कमिटी के सभी सदस्य एवं बड़ी संख्या में हजारो श्रद्धालु उपस्थित हुए।

# होली में रहेगी हुड़दंगियों पर प्रशासन की विशेष नजर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** आपसी सौहार्द के साथ होली पर्व एवं शब-ए-बारात मनाने को लैकर शुक्रवार को स्थानीय थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावे दोनों समुदाय के लोग शामिल थे । इस दौरान बीडीओ जयप्रकाश नारायण ने कहा कि कोई भी पर्व आपसी भाईचारे का संदेश देती है। उन्होंने लोगों से शांति और सद्भाव के साथ पर्व मनाने की अपील की। वहीं प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार ने कहा कि आपसी सौहार्द बिगाड़ने वाले हुड़दंगियों पर प्रशासन की विशेष नजर होगी। वहीं बैठक के बाद एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान कई लोगों ने सीमावर्ती बिहार राज्य की तरह बाइक जांच अभियान के दौरान स्थानीय स्तर पर ही जुर्माना वसूलने के प्रावधान को लागू करने के लिए पुलिस पदाधिकारियों से आग्रह किया। इस अवसर पर एसआई शिवशंकर उरांव, महावीर एक्का, रंजीत कुमार, अनूप कुमार, धूम्मा किस्कू के अलावे सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, वैश्य जागृति मंच के अध्यक्ष भोला गुप्ता, राजीव रंजन, अतहर हुसैन, शशी गुप्ता, राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, बुधन सिंह यादव, महादेव यादव, एनसीपी नेता अजय सिंह, इरफान शाहिद, महताब शाहिल उर्फ बबलू, दीपक कुमार, उदय सिंह, कांग्रेस नेता कृष्ण कुमार सिंह, अरविंद पासवान, इफ्तेखार अहमद नूरी, भीमसेन शर्मा, मुस्लिम अंसारी, झामुमो नेता अमित कुमार सिंह, सतेंद्र पासवान, मनोज मेहता, गोपाल प्रसाद, मुखिया उमेश साव सतेंद्र भुईयां, करण राजवीर, पम्मीलाल सिन्हा, रामजी पासवान, पंसस शीलू सिंह, राजकुमार पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

# उपायुक्त के निर्देश पर पूरे जिले में चलाया जा रहा वाहन जांच अभियान

**जिला परिवहन पदाधिकारी ने जांच के दौरान कई वाहनों को किया जब्त**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे के निर्देशानुसार परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन ने गरुवार देर रात वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने हरिहरगंज समेत कई क्षेत्रों में बिना फिटनेस, बिना रोड टैक्स व ओवरलोडिंग कर रहे वाहनों को जब्त कर संबंधित थानों को सुपुर्द किया।

**कुल 5 संदिग्ध वाहनों को किया गया जब्त**

इस संबंध में डीटीओ श्री हुसैन ने बताया कि गुरुवार देर रात कुल 18 वाहनों की जांच की गयी जिसमें 5 वाहनों को जब्त किया गया है। उन्होंने कहा कि यह अभियान आगे भी इसी तरह चलाया जायेगा. उन्होंने सभी वाहन स्वामियों व संचालकों से वाहन के परमिट व फिटनेस से संबंधित सारे कागजात दुरुस्त करने के पश्चात ही वाहन का परिचालन करने की अपील की। बताते चले कि उपायुक्त के निर्देश पर पूरे जिले में वाहन जांच अभियान सख्ती से चलाया जा रहा है। किसी भी प्रकार के संदिग्ध वाहनों, ओवरलोडिंग, ड्राइविंग लाइसेंस, परमिट और खासकर हेलमेट जांच अभियान चलाने का सख्त निर्देश उपायुक्त ने सबंधित पदाधिकरी को दिया है।

# सड़क दुर्घटना में एक घायल



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भवनाथपुर-बंशीधर नगर मुख्य मार्ग पर तुलसीदामर घाटी के समीप हुए मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद सड़क से गुजरने वाले राहगीरों के मदद से घायल को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक ने घायल व्यक्ति के प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल होने वाले भवनाथपुर थाना क्षेत्र के पंडरिया गांव निवासी रहीम अंसारी 50 वर्ष का नाम शामिल है। जानकारी के अनुसार घायल व्यक्ति भवनाथपुर थाना क्षेत्र के पंडरिया गांव से श्री बंशीधर नगर की ओर मोटरसाइकिल से आ रहे थे। इसी बीच तुलसीदामर घाटी के समीप बाइक अनियंत्रित होने से गिरकर घायल हो गए। जिससे उनके सर में काफी चोट लगी है।

# रामगढ़ उप चुनाव का परिणाम राज्य सरकार के खिलाफ जनादेश : एन के तिवारी



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू के वरीय नेता एन के तिवारी ने कहा कि रामगढ़ का उप चुनाव राज्य के हेमंत सरकार के खिलाफ जनादेश है। राज्य सरकार को जनादेश का सम्मान करते हुए इस्तीफा दे देना चाहिए। श्री तिवारी शुक्रवार को विश्रामपुर में आजसू द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता ने राज्य सरकार के क्रिया कलाप को नकार दिया है व एनडीए के नीति सिद्धांतो को समर्थन दिया है। इतना ही नहीं यह उप चुनाव झारखंड में आजसू सुप्रीमो के बढ़ते कद का प्रतीक भी बन गया है।

# होली व शब ए बारात को लेकर शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रमना :** थाना परिसर में शुक्रवार को होली और शब ए बारात पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया किया। मौके पर श्री बंशीधर नगर के एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी ने क्षेत्रवासियों को होली और शब ए बारात पर्व की शुभकामनाएं देते हुए पर्व शांतिपूर्ण व आपसी सद्भाव से मनाने की अपील किया।उन्होंने कहा कि डीजे साउंड का प्रयोग नही करने तथा अश्लील गाना पुरी तरह प्रतिबंद्धित होने की जानकारी दिया।पुलिस निरीक्षक कृष्ण कुमार ने कहा कि होली पर्व के दौरान हुड़दंग से बचें और अफवाहों से दूर रहें। कोई समस्या हो तो थाना को सूचित करें। उन्होने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर आपत्तिजनक या भड़काई पोस्ट करने,शेयर करने वालो पर प्रशासन की नजर है लोग इससे परहेज करे। उन्होंने कहा कि शराब का सेवन कर वाहन चलाने वाले लोगो पर दंडनात्मक कार्रवाई होगी।साथ ही वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन हर हाल मे हो।मौके पर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा, बीससूत्री उपाध्यक्ष मंसूर अंसारी, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार सिंह सहत कई लोगों ने संबोधित किया।

# छतरपुर में बंधन बैंक का खुला ब्रांच




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर में बंधन बैंक ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है। गोलक्ष्मी स्थित विश्वनाथ काम्प्लेक्स में बंधन बैंक का ब्रांच खुला है। बैंक का उद्घाटन फीता काट कर और दीप प्रज्ज्वलित कर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन और विश्वनाथ चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर अरविंद ने कहा कि बंधन बैंक के खुलने से जरूरतमंद महिलाओं का कटेगा गरीबी का बंधन और महिलाएं सशक्त बनेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि छतरपुर का विस्तार हो रहा है। बंधन बैंक के खुलने से लोगों को काफी लाभ होगा। बैंक के एरिया मैनेजर ने कहा कि बैंक महिलाओं के उत्थान और उनके सशक्तिकरण के लिए कटिबद्ध है। जल्द ही बैंक को और भी अपग्रेड किया जाएगा। उद्घाटन के मौके पर नगर की दो महिलाओं प्रमिला देवी और रेणु देवी को व्यवसाय हेतु 40-40 हज़ार का ऋण भी प्रदान किया। मौके पर मुख्य रूप से बंधन बैंक के एरिया मैनेजर सुकुमार हलदर, एडीएम पार्थ पात्रा, ब्रांच मैनेजर जितेंद्र राम, आरओ मुकेश कुमार, नीलाम्बर यादव, मृणाल कुमार, विश्वनाथ काम्प्लेक्स के ऑनर विश्वनाथ चन्द्रवँशी, चन्दन चंद्रवंशी, अनु देवी, मीरा देवी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षकों के चार दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखण्ड संसाधन केंद्र अधौरा में मूलभूत साक्षरता व संख्या ज्ञान एवम सम्पर्क फाउंडेशन कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षकों के तीसरे बैच का चल रहे चार दिवसीय प्रशिक्षण शुक्रवार को सम्पन्न हो गया। प्रशिक्षण के समापन पर प्रशिक्षकों ने कहा कि यह प्रशिक्षण आप सबों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इस प्रशिक्षण में चार दिनों तक जो भी जानकारी आप सबो को दिया गया, उसे अपने विद्यालय के बच्चों तक ले जायें तभी प्रशिक्षण सार्थक होगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों ने वर्ग एक से तीन तक के बच्चों को कैसे समावेशी, आकर्षक व आनन्ददायी शिक्षा दिया जाय के गुर शिक्षकों को विस्तार से बताया। प्रशिक्षण में शिक्षकों को संजय मेहता, अविनाश कुमार व अखिलेश प्रसाद ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में शिक्षक भूपेन्द्र प्रताप देव, मदन राम, ज्ञान प्रकाश, सत्यदेव कुमार, विनोद ठाकुर, अखौरी प्रवीण कुमार सिन्हा, ममता रानी,रेखा कुमारी, मीरा कुमारी, बबिता सिंह, कुमारी नीलम, मंजू सिंह, कुमकुम कुमारी, बाबूलाल सिंह, अशोक महतो, संजय कुमार, हफीज अंसारी, अनिल कुमार यादव, रियासत हुसैन अंसारी, सुग्रीव राम सहित 40 प्रतिभागी शामिल थे।

# महंगाई व बेरोजगारी को लेकर भाकपा माले का केतार मुख्यालय में विरोध प्रदर्शन



**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को केतार प्रखंड मुख्यालय परिसर में भाकपा माले की ओर से एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस दौरान भाकपा नेता एवं कार्यकर्ता केंद्र के नरेंद्र मोदी सरकार एवं राज्य की हेमंत सरकार पर बेरोजगारी एवं महंगाई को लेकर जमकर निशाना साधते हुए विरोध प्रदर्शन किया। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाकपा नेता वरुण बिहारी यादव ने कहा कि केंद्र के नरेंद्र मोदी सरकार सत्ता में आने के लिए गरीबों को छला और हर युवा को रोजगार देने एवं 15 लाख रुपए खाते में आने का प्रलोभन देकर साथ ही हर घर को पक्का मकान देने की बात कहकर सत्ता हथिया लिया और आज गरीबों का मिलने वाला अधिकार छीनने का काम कर रही है। वही झारखंड राज्य के हेमंत सरकार पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार सत्ता पाने के लिए हर वर्ष 5 लाख नौकरी देने की बात कह कर मुकर रही है जिससे राज्य में बड़े पैमाने पर बेरोजगारी बढ़ी है जिसका जीता जागता सबूत है कि आए दिन क्षेत्र में प्रवासी मजदूरों का शव अपने क्षेत्र में लगातार आ रहे हैं। अंत में मुख्यमंत्री के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ को 8 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया इसमें मुख्य रूप से किसानों को सूखा राहत की राशि भुगतान करने, मनरेगा योजनाओं में कमीशन खोरी बंद करने, लोकल स्तर पर बालू फ्री कराने, बेरोजगारों को रोजगार की गारंटी महंगाई व अपराध पर रोक लगाने, सरकार द्वारा ग्रीन कार्ड के लाभुकों को राशन दिलाने, हाल सर्वे को रद्द कर दिया पुराने पंजी 2 से जमीन ऑनलाइन कराने तथा जोगिया वीर की जमीन गरीबों के नाम बंदोबस्त करने एवं सुषमा हत्याकांड की सीबीआई से जांच कराने की मांग शामिल है। इस मौके पर माले नेता कामेश्वर विश्वकर्मा, गिरधारी सिंह, त्रिभुवन सिंह, किशोर कुमार, मनदीप सिंह, सुमारू सिंह, गुप्त सिंह, विक्रम सिंह, सरफुद्दीन अंसारी, लक्ष्मण सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# एमएसीटी केस को ले वर्कशॉप का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मोटर वाहन दुर्घटना क्लेम केस को लेकर शुक्रवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन पलामू के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला मोटर क्लेम के मामले में काफी उपयोगी साबित होगा। उन्होंने कहा कि कानून की पूरी जानकारी के अभाव में लोगों को क्लेम नहीं दिला पाते हैं। उन्होंने कहा कि क्लेम के मामले में सबसे बड़ा रोल पुलिस अधिकारी का होता है। इसके बाद इंसुरेंस कंपनी का होता है। पुलिस अधिकारी को ऐसे मामले में क्लेमेंट के साथ लचीला व्यवहार रखना चाहिए ।और उन्हें उचित मुआवजा मिले इसके लिए कानून के पूरे प्रावधान का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एम ए ससी टी क्लेम दिलाने के मामले में पलामू अग्रणी जिला बने इसके लिए हम सबको मिलकर काम करने की जरूरत है। इस मौके पर जिला व सत्र न्यायाधीश प्रथम संतोष कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को जानकारी देते हुए कहा कि वाहन दुर्घटना पीड़ितों को उचित मुआवजा दिलाने के उद्देश्य झारखंड परिवहन विभाग ने वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण नियमावली 2019 लागू किया है। उन्होंने पुलिस के कर्तव्य के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। दुर्घटना के दौरान इन्वेस्टिगेशन ऑफ पुलिस ऑफिसर के ड्यूटी के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि क्लेमेंट को छह माह के अंदर ही क्लेम केस करना है। उन्होंने कहा कि कोई पुलिस अधिकारी वाहन से संबंधित कागजात की मांग करता है तो उसे यूनिफॉर्म में होना जरूरी है। साथ ही उसे ड्यूटी में होना आवश्यक है। ड्यूटी के दौरान पुलिस अधिकारी ड्राइवर लाइसेंस इंसुरेंस आदि को देख सकता है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस का कर्तब्य बनता है कि घटना के रिपोर्ट लिखे।। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक सुजीत कुमार ने कहा कि आज का वर्कशॉप प्रशिक्षणार्थियों के लिए काफी उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि वर्क शॉप में बहुत कुछ लोगों को एम ए सी टी से जुड़े मामले में सीखने और समझने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि उम्मीद करते हैं कि जो भी प्रशिक्षण पाए हैं ये लोग कानून सम्मत काम कर लोगों को मदद करने में उपयोगी होंगे। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने अपना विचार रखा। मौके पर रजिस्ट्रार जिले के विभिन्न थाने से आए पुलिस अधिकारी, अधिवक्ता गण इंश्योरेंस कंपनी के अलावे दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# घर में आग लगने से लाखों की क्षति एक बकरी की जलकर मौत दो झुलसे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** केतार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बलीगढ़ पंचायत के ग्राम खोन्हर में गुरुवार की रात्रि को नागेंद्र साह के घर मे बिजली शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई जिससे घर में रखे सारा सामान जलकर खाक हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार रात्रि 10 बजे करीब खोन्हर गांव निवासी नागेंद्र साह पिता स्वर्गीय राम शरण साह के घर में बिजली शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई जो ग्रामीणों के द्वारा आग पर काबू पाते पाते तक घर में रखे सामान एवं घर पूरी तरीके से जलकर खाक हो गया। शुक्रवार को सूचना पाकर मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ भुक्तभोगी नागेंद्र साह के घर आकर जानकारी ली और कहा कि जो भी घटना घटित हुई है उसे एक आवेदन बना कर दे ताकि सरकारी मुआवजा के तहत राजस्व विभाग से मिलने वाला सहायता राशि अभिलंब दिलाई जा सके वहीं परिजनों को तत्काल संबंधित डीलर से 50 केजी राशन देने का निर्देश दिया एवं हर संभव उक्त परिजनों को मदद करने की बात कही। वही मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता ने उजड़े हुए परिवार को आशियाना बनाने एवं रहने खाने के लिए अपने गांव के ग्रामीणों के साथ चंदा जुटा कर सहयोग किया। भुक्तभोगी नागेंद्र साह ने बताया कि हम लोग पूरे परिवार गुरुवार शाम में ही अरंगी यग घूमने गए हुए थे तभी 10 बजे रात्रि में गांव के ही व्यक्ति के द्वारा सूचना मिला की मेरे घर में आग लगी है आनन-फानन में हम लोगों घर पहुंचे तो देखा कि स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा आग को बुझाया जा रहा है लेकिन तुरंत पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण पूरा घर जलकर खाक हो गया साथ ही घर में बंधे तीन बकरियां में एक बकरी की जलकर मौत हो गई और दो बकरियां बुरी तरह से झुलस गई और बताया कि घर में रखे सामान कपड़ा खाने का राशन आभूषण एवं 50 हजार रु नगद सहित लगभग 3 लाख की संपत्ति जलकर खाक हो गया। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि अखलेश कमलापुरी, उपप्रमुख शंभू सिंह खरवार, अवध यादव, मुन्ना साह, डॉ रामाधार, नन्हई साह, बालेश्वर साह, क्रमदेव साह, गणपत साह, सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सीबीआई के पुरैनी शाखा ने डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान का किया गया शुभारम्भ

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेंट्रल बैंक के पुरैनी शाखा द्वारा वितीय साक्षरता एवम डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान का शुभारंभ किया गया। प्रखण्ड के नरखोरिया कला ग्राम स्थित विद्यालय के प्रांगण में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को सेंट्रल बैंक के पुरैनी शाखा के शाखा प्रबंधक दिलीप कीड़ो व जेएस एल पी एस के प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक धनन्जय कुमार द्वारा वितीय सेवाओ,समाजिक सुरक्षा योजनाओं व डिजिटल लेन देन की जानकारी विस्तार से दिया। साथ ही पी एम एस बी वाई, पीएमजे जे बी वाई, व्यक्तिगत बचत खाता, सुकन्या योजना का खाता खोला गया।

## डॉ. महुआ माजी के माता की निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे विधायक



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी की माता का निधन 3 दिन पहले हो गयी थी। इस क्रम में कांग्रेस विधायक डा इरफान अंसारी, दीपिका पांडेय, पूर्णिमा नीरज सिंह डा महुआ माजी के कांके आवास पहुंचकर उन्हें सांत्वना दी। विधायकों ने कुछ देर घर पर रुके और हाल चाल जाना।

## ईडी ने करीब 18 जगहों पर एक साथ की छापेमारी

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को झारखंड में ईडी ने करीब 18 जगहों पर एक साथ छापेमारी की। यह छापेमारी में रांची, रामगढ़, हजारीबाग और पलामू में की गई। ईडी की टीम ने जेएसएमबीसी के पूर्व प्रोजेक्ट मैनेजर अशोक कुमार सिंह और कोयला कारोबारी मोहम्मद इजहार अंसारी के अलग-अलग ठिकानों पर छापामारी हुई। रेड में कोयला कारोबारी के ठिकाने से तीन करोड़ रुपये से ज्यादा मिलने की सूचना है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि किसी भी छोटे-बड़े अधिकारी ने नहीं की। सूत्रों ने बताया कि इजहार अंसारी के नाम पर 12 से अधिक शेल कंपनियां हैं,जिसकी जांच देर शाम तक होती रही ।

## फुटबॉल चैंपियनशिप में झारखंड की सात बेटियों का हुआ चयन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एएफसी अंडर 20 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 4 से 12 मार्च तक हनोई वियतनाम में होने वाली है। इस चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। भारतीय टीम में झारखंड के 7 महिला फुटबॉलर को जगह दी गई है। जिसमें अंजली, अष्टम उरांव, पूर्णिमा कुमारी, नीतू, सुनीता मुंडा, सुमति और अनीता शामिल हैं। खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक डॉ सरोजनी लकड़ा, उपनिदेश साझा देव शंकर दास, झारखंड फुटबॉल संघ के पदाधिकारी खेल प्रशिक्षकों और राज्य के खेल प्रेमियों ने झारखंड की बेटियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## 26 मार्च से शुरु होगी देवघर से रांची और पटना के लिए हवाई सेवा

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** देवघर-रांची और देवघर- पटना के लिए इंडिगो एयरलाइंस ने अपनी विमान सेवा शुरू करने की तिथि और समय सारिणी घोषित कर दी है। पटना देवघर की विमान सेवा 26 मार्च से और रांची से देवघर के बीच विमान सेवा 27 मार्च से शुरू होगी। रांची-देवघर सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार और देवघर - पटना सेवा चार दिनों की होगी यह सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को होगी। एक जून से रांची-देवघर के बीच एक और सेवा शुरू होगी, जो रांची से देवघर के बीच रविवार को छोड़कर अन्य तीन दिन मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को उड़ान भरेगी। इन सेक्टरों पर एटीआर श्रेणी की विमान सेवा उपलब्ध करायी जाएगी। रिजनल कनेक्टिविटी के तहत यह उड़ान सेवाएं शुरू की जाएंगी। रांची एयरपोर्ट के निदेशक केएल अग्रवाल ने बताया कि मार्च के अंत में इंडिगो की देवघर से रांची और पटना सेवा शुरू हो रही है।

## सेल सुरक्षा संगठन ने कर्मचारियों की गृहणियों के लिए सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम का किया आयोजन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेल सुरक्षा संगठन द्वारा 52 वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस 2023- हमारा लक्ष्य - शून्य अनिष्टता के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत इंडियन आयल कारपोरेशन के सहयोग से एक सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें घर ,सडक सुरक्षा, एवं एल पी जी के सुरक्षित उपयोग पर सेल एवं मेकॉन के कर्मचारियों की गृहणियों ने भारी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम की शोभा बढाने के लिए महिला समाज, श्यामली महिला मिलन की अध्यक्ष महोद्यायें भी मौजूद थीं। कार्यक्रम का आयोजन इस्पात कार्यकारिणी हॉस्टल, सेल सेटेलाइट कालोनी में 28 फरबरी को दोपहर 2.30 से 4.30 किया गया, जिसमें पहले एल पी जी के विभिन्न सुरक्षा पहलुओं, रख ङ्क रखाव और गैस की बचत करने पर बहुमूल्य जानकारी भरा प्रस्तुतीकरण किया गया और बाद में एक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

## गोली लगने से एक युवक गंभीर

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार की शाम टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के महिलौंग सरला बिरला स्कूल के नजदीक अज्ञात अपराधियों ने कल्लू यादव नामक युवक को गोली मार दी। गोली लगने के बाद आसपास में हड़कंप मच गया और अपराधी फरार हो गए । आसपास के लोग जमा हो गए और इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और युवक को बेहतर उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। खबर लिखे जाने तक डीएसपी टू कोमल राजपुरोहित ने बताया कि गोली लगी है, लेकिन गोली किसने मारी है और क्यों ,इस तरह की घटना को अंजाम दिया गया है, अभी पुलिस इस पर जांच पड़ताल कर रही है। क्योंकि गोली जिसे लगी ,उसके परिवार वाले भी काफी डरे और सहमे हुए हैं और वे घायल के साथ अस्पताल में हैं, फिलहाल अभी उसका इलाज चल रहा है, जैसे कुछ आगे पता चलेगी इसकी जानकारी अवश्य दी जाएगी।

## मोरहाबादी मैदान में चल रहे पर्यावरण मेले का हुआ समापन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मोरहाबादी मैदान में चल रहे पर्यावरण मेले का समापन हो गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि की अध्यक्षता झारखण्ड सरकार के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने किया। इससे पूर्व दोपहर में भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्री, अर्जुन मुंडा ने मेला परिसर का भ्रमण किया और मेले की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि इस तरह का आयोजन युगांतर भारती के माध्यम से पर्यावरण मेले का आयोजन किया गया है। हम सभी ने संकल्प लिया है स्वच्छ भारत का। और इस स्वच्छ भारत के मूल में प्रकृति, पर्यावरण और जीव का अन्योश्राय संबंध है। जब हम प्रकृति के बारे में संगोष्ठी करते है, प्रकृति के बारे में चर्चा करते है तो हमें इसका स्वयं आकलन करना चाहिए कि हमें प्रकृति संरक्षण के प्रति कितने सचेत है, कितने सचेष्ट है। वैदिक काल से ही हमारे पूर्वजों ने, हमारे ऋषि-मुनियों ने, मनिषियों ने, हमारे शास्त्रों ने हमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति अगाह किया है, हमें प्रकृति से जुड़ने, उनके साथ सहचर संबंध बनाने के लिए सदैव प्रेरित किया है। हम उस पक्ष को भूलते जा रहे है, जिससे हमारा अस्तित्व जुड़ा हुआ है। व्यक्ति इस अस्तित्व को नहीं समझ पाता है। तब ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से ही लोग एकदूसरे जुड़ते है तो पर्यावरण के प्रति एक उम्मीद बंधती है एक आशा जगती है। आज भारत जी-20 की मेजबानी कर रहा है। झारखण्ड भी इसका मेजबान है। भारत ने इस जी-20 का स्लोगन दिया है। वन अर्थ, वन सन, वन फैमिली''। मे प्रधानमंत्री ने भारत ने इसी पक्ष को हमेशा मजबूती के साथ दुनिया को संदेश दिया है। विकास की दृष्टि से बड़े-बड़े नगरों में बड़े-बड़े भवनों में ढ़ेर सारी सुविधाओं के साथ रहते है, पर पर्यावरण पर ध्यान केन्द्रित करने की दृष्टि से हम सदैव पीछे रह जाते है। कि पर्यावरण मेले के संरक्षक एवं झारखण्ड विधानसभा के सदस्य, सरयू राय ने कहा कि समापन समारोह के अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में झारखण्ड विधान सभा के अध्यक्ष, रबीन्द्र नाथ महतो ने कहा कि समापन समारोह के उपरांत छत्तीसगढ़ी लोक नाट्य-गीत की जीवंत किवदंती एवं पदमविभूषण से अंलकृत तीजनबाई ने पांडवानी प्रस्तुत किया। इस अद्भुत कार्यक्रम का मेले में आये हुए सभी लोगों ने आनंद लिया। खादी बोर्ड के पर्यावरण मेला के आयोजन सचिव, अंशुल शरण, संयोजक, डॉ. एम.के. जमुआर, सह-संयोजक, आशीष शीतल मुण्डा एवं डॉ. ज्योति प्रकाश, खादी बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष, जयनन्दु, धर्मेन्द्र तिवारी, निरजंन कुमार सिंह, बीरेन्द्र कुमार सिंह, मनोज सिंह, शिवानी लता, सत्यम कुमार, रोहित राज, अविनाश कुमार, अमित कुमार के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के सैकड़ों भोलेंटियर्स, युगांतर भारती के पवन कुमार, मुकेश सिंह, ब्रजेश शर्मा, पवन सिंह, मुकेश कुमार, माधुरी कुमारी, पुष्पा की भूमिका रही।

# उपायुक्त ने रख-रखाव के लिए अधिकारियों के साथ की अहम बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने अपने कार्यालय कक्ष में समाहरणालय भवन ब्लॉक ए. एवं ब्लॉक बी. के रख-रखाव हेतु अधिकारियों से अहम बैठक की। जिसमें जिला नजारत उप समाहर्ता राँची, केवल कुमार अग्रवाल, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण प्रमंडल संख्या-1 अखिलेश प्रसाद एवं कार्यपालक अभियंता विधुत कार्य प्रमंडल रातू, सुज्ञा मिंज एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा समाहरणालय भवन ब्लॉक ए. एवं ब्लॉक बी. के रख-रखाव हेतु



अहम बैठक करते हुए कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण प्रमंडल संख्या-1, अखिलेश प्रसाद से पूरे भवन की जाँच कर कार्य की सूची बना कर इसमें आने वालें खर्च का बजट तैयार कर प्रस्ताव विभाग को भेजने का निर्देश दिया। उपायुक्त समाहरणालय भवन ब्लॉक ए. और बी. की साफ-सफाई रंगरोगन, प्रसाधन (पुरुष/ महिला) की साफ-सफाई एवं प्रसाधन को आधुनिक तरीके से व्यवस्थित कर इसके रंगरोगन कराने के निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता विधुत कार्य प्रमंडल रातू, सुज्ञा मिंज को आवश्यक दिशा- निर्देश देते हुए को खराब पड़ी लिफ्ट को ठीक कराने एवं डे टू डे मेंटेनेंस कराने को कहा। तथा इन दोनों भवन में सभी अधिकारियों के कक्ष एवं पार्किंग एरिया एवं दोनो भवन में जहाँ बिजली के तार बाहर एवं अव्यवस्थित हैं। उसे ठीक करने एवं बिजली के तार अंडरग्राउंड कराने एवं दोनों भवन के कॉरिडोर में जहाँ लाईट नही लगा हैं एवं बाहर परिसर में लाइट लगाने का निर्देश दिया।

# झारखंड सरकार का बजट संतुलित : भाकपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** शुक्रवार को झारखंड विधानसभा में 116418 करोड़ का बजट पेश किया गया। बजट को भाकपा ने संतुलित बताया। राज्य कार्यकारणी सदस्य सह जिला मंत्री अजय सिंह ने कहा कि इस बजट का परिणाम दूरगामी होगा। बजट में राज्य की इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट में फोकस किया गया है। जिसका लाभ आने वाली कई पीढ़ी को मिलेगा। स्वास्थ सेवा और नए मेडिकल कॉलेजों का निर्माण होगा। स्वास्थ सेवा का विस्तार गली और मुहहले स्तर तक पहुंचने की जरूरत है। सरकार ने झारखंड के आमलोगों के साथ-साथ यहां के संसाधनों का भी बजट में ध्यान रखा है। सामाजिक

**अजय सिंह ने कहा कि इस बजट का परिणाम दूरगामी होगा। बजट में राज्य की इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट में फोकस किया गया है**

सुरक्षा को लेकर कई ऐतिहासिक कदम उठाए गए। पिछले वर्ष की तुलना में बजट में 15 प्रतिशत बढ़ोत्तरी की गई है, यह स्वागत योग्य है। बजट में सभी वर्गो का ख्याल रखा गया है, लेकिन कृषि और रोजगार में सरकार को अधिक से अधिक ध्यान देना चाहिए। स्वास्थ और शिक्षा सभी को लिए सुलभता से मिले इसलिए इसके और बजट को बढ़ाने की जरूरत है।

# घर में गैस सिलेंडर फटने से हुआ ब्लास्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के माली टोला में शुक्रवार की सुबह करीब 8:00 बजे आनंद साहू नामक के घर में सिलेंडर गैस फटने से हड़कंप मच गया। इतना ही नहीं घर के रखे कई सामान वगैरह जलकर राख हो गया। धमाका इतना जोरदार कि ना सिर्फ आनंद साहू का परिवार बल्कि आसपास के मोहल्ले वाले लोग भी डर गए। लोग आनन-फानन में पहुंचे और देखा कि घर में आग लग रही है फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई ।इससे पहले आसपास के लोगों ने स्वयं बाल्टी से पानी भर कर लाये और आग बुझाने की कोशिश कर रहे थे। फायर ब्रिगेड के पहुंचने पर आग को बुझाया गया। आनंद साहू ने बताया कि घर में जो समान था लगभग सभी जल गया। वहीं आग लगने का कारण पर आनंद साहू की पत्नी ने बताई कि जैसे ही सुबह नाश्ता बनाने के लिए सिलेंडर गैस जो एचपी कंपनी की है, रेगुलेटर खोला और माचिस जैसे ही लगाई तो आग सिलेंडर में पकड़ लिया और आग इतना तेज था कि तुरंत जो है सिलेंडर ब्लास्ट कर गया, लेकिन किसी व्यक्ति को नुकसान नहीं पहुंचा।

# आईसीएआर मोनिटरिंग टीम ने गेहूं पर शोध कार्यो की समीक्षा की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बीएयू के निदेशालय अनुसंधान अधीन संचालित आईसीएआर-अखिल भारतीय समन्वित गेहूं एवं जौ अनुसंधान परियोजना के कार्यक्रमों की चार सदस्यीय आईसीएआर मोनिटरिंग टीम ने शुक्रवार को समीक्षा की। इस दल में आईआईडब्लूबीआर के प्रधान वैज्ञानिक (गेहूं) डॉ ए शर्मा एवं प्रधान वैज्ञानिक (जौ) डॉ एल कुमार तथा बीएयू, सबौर के वैज्ञानिक डॉ दीपक प्रसाद एवं पौधा रोग वैज्ञानिक डॉ सीएस प्रसाद शामिल थे। इस एकदिवसीय विजिट में दल ने विवि के वेस्टर्न सेक्शन स्थित शोध प्रक्षेत्रों में चालु रबी मौसम में कुल 8 एकड़ भूमि में गेहूं फसल के विभिन्न शोध गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान दल ने समन्वित प्रयोग अधीन गेहूं प्रजनन, गेहूं शस्य एवं जौ प्रजनन के कुल 13, समन्वित गेहूं प्रयोग अधीन 3 राष्ट्रीय एवं 2 अंतरराष्ट्रीय नर्सरी कार्यक्रम के प्रायोगिक प्रक्षेत्रों तथा बीएयू द्वारा



विकसित उन्नत किस्म बिरसा गेहूं ङ्क 4 के बीज उत्पादन कार्यक्रमों की समीक्षा की। गेहूं फसल पर ताप सहिष्णु एवं सुखा सहिष्णु शोध कार्यो को देखा। आईसीएआर ने रांची केंद्र को उद्योग उपयोग के उद्देश्य से डूरम गेहूं को विशेष प्राथमिकता देने की सलाह दी। सदस्यीय दल ने निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह से गेहूं एवं जौ पर चलाये जा रहें शोध कार्यो पर चर्चा की। परियोजना के अधीन रांची शोध केंद्र के कार्यो एवं प्रगति की सराहना की तथा रांची केंद्र द्वारा विकसित उन्नत किस्म बिरसा गेहूं ङ्क 4 के बीजोत्पादन में गुणात्मक बढ़ोतरी करने एवं प्रदेश के किसानों को बीज उपलब्धता सुनिश्चित करने का परामर्श दिया। इस आईसीएआर दल को परियोजना अन्वेषक (गेहूं एवं जौ) डॉ सूर्य प्रकाश, शस्य वैज्ञानिक डॉ नैयर अली एवं गेहूं प्रजनक डॉ एसएस सुरिन ने शोध कार्यो की जानकारी दी।

# झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों ने सराइकेला में की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, झारखण्ड सरकार के सदस्य विकास दोदराजका, उज्जवल तिवारी और रूचि कुजुर की तीन सदस्यीय टीम ने सराइकेला खरसावां के जिला मुख्यालय सराइकेला में भ्रमण कार्यक्रम सह प्रशानिक बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में बाल अधिकार एवं संरक्षण से संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर पदाधिकारियों के साथ चर्चा की गई।विशेष कर जिले में व्याप्त बाल तस्करी के मुद्दे तथा बाल विवाह पर



अंकुश लगाने पर चर्चा हुई। इससे पहले सद्स्यों के परिसदन भवन पहुंचने पर बाल कल्याण समिति और बाल संरक्षण पदाधिकारीयों के सदस्यों के द्वारा पारम्परिक रीति रीवाज से सदस्यों का स्वागत किया गया। बैठक में बाल कल्याण समिति के पदाधिकारीयों से जिला की वस्तु स्थिति का आकलन कर झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों रूचि कुजुर, उज्जवल, प्रकाश तिवारी और विकास दोदराजका ने सभागार में विभिन्न प्रशासनिक पदाधिकारीयों के साथ बैठक किया।बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी राम कृष्ण, विशेष बाल पुलिस इकाई के अधिकारी चन्दन कुमार वत्स, जिला शिक्षा पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिन्हा, डी एस ई चार्ल्स हेमब्रॉम, डी एस डबल्यू ओ शिप्रा सिन्हा, श्रम अधीक्षक अविनाश ठाकुर, सी डी पी ओ, खनन विभाग, जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष रोहित कु महतो, सदस्यगण रविशंकर प्र गुप्ता, जुझार सोरेन तथा बाल संरक्षण पदाधिकारी संतोष ठाकुर इत्यादि उपस्थित थे।

# झारखंड का बजट लूटो, बांटो और खाओ वाला बजट है : डॉ. आशा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** डॉ. आशा लकड़ा, राष्ट्रीय मंत्री, भाजपा सह मेयर, रांची ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि झारखंड सरकार का बजट लूटो, बांटो और खाओ वाला बजट है। बजट में किसी भी क्षेत्र पर फोकस नहीं किया गया है। राज्य सरकार किसी प्रकार ठेल-धकेल कर अपना कार्यकाल पूरा कर रही है। बजट में पलामू व कोल्हान प्रमंडल के विकास के लिए कोई योजना नहीं है। महिलाओं, छात्रों व युवाओं के लिए भी इस बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। बुजुर्गो को भी कुछ नहीं मिला। ग्रामीण क्षेत्रो के विकास



के लिए कुल बजट का लगभग 12 प्रतिशत प्रावधान किया है, जो ग्रामीणों व किसानों के साथ छलावा किया गया है।

# झॉलीवुड के कलाकारों ने जमकर खेली होली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झॉलीवुड के नवनिर्मित संगठन जेसीसीए द्वारा पहली बार मोराहबादी मैदान स्थित चिल्ड्रेन पार्क में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया । यह आयोजन जेसीसीए नवनियुक्त अध्यक्ष मोनू राज, एलबम के निर्माता निर्देशक राजेश कश्यप के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया गया था । जिसमें झॉलीवुड के कई चर्चित नायक, नायिकाएं, संगीतकार, गीतकार ,गायक , कोरियोग्राफर , कैमरा मैन, फिल्म समीक्षक एंव पत्रकार गण शामिल हुए और जमकर होली पूर्व होली खेलकर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर



झॉलीवुड की सुपरस्टार नायिका वर्षा ऋतु, नायक रमन गुप्ता, सतीश शाहदेव, कोरियोग्राफर राजू तुर्की , डीओपी सुमित सचदेवा, संगीत निर्देशक श्रीकांत, जेसीसीए अध्यक्ष मोनू राज, सन्नी सिंह, चांदनी बडाइक, अंकिता, प्रिया वर्मा, एंजेल लकड़ा, शिवानी, संध्या रानी, गीतकार विजय प्रभाकर, रोहित आरके, केशव केसरिया ,इग्नेश, राजू केरकेट्टा, विवेक नायक सहित फिल्म समीक्षक परवेज कुरैशी, पत्रकार कला मंच सचिव संदीप नाग,प्रेस क्लब उपाध्यक्ष पिंटू दूबे आदि उपस्थित थे।

# अभियान उड़ान के पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के विभिन्न जिलों में अभियान उड़ान के तहत संचालित होने वाले हवाई अड्डा के सुरक्षा के लिए राज्य पुलिस के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को (बीसीएएस) के सहयोग से विशेष प्रशिक्षण कराये जाने हेतु एएसटीआइ) का गठन अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय, होटवार, राँची में किया गया है। उक्त के आलोक में प्रशिक्षण निदेशालय, झारखंड, राँची के द्वारा बीएससीए से समन्वय स्थापित कर बोकारो देवघर एवं जमशेदपुर हवाई अड्डा सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था डियूटी में प्रतिनियुक्त किये जाने वाले पुलिस पदाधिकारियों / कर्मियों का चयन कर अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय,



होटवार, राँची में पाँच दिवसीय प्रशिक्षण 27 फरवरी 2023 से 03 मिर्च 2023 तक आईटीएस राँची में आयोजित किया गया। अनुराग गुप्ता, भापुसे, डीजी (प्रशिक्षण), अशोक लकड़ा, क्षेत्रीय निदेशक, आरओ, बीसीएएस राँची एवं पुलिस अधीक्षक, आईटीएस धनन्नजय कुमार सिंह, भापुसे, के गरिमामय उपस्थिति तथा मार्गदर्शन में उक्त प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र का विधिवत् समापन किया गया। जिसमें अनुराग गुप्ता, भापुसे, डीजी (प्रशिक्षण), द्वारा वायु परिवहन को सुचारू एवं सुरक्षित ढंग से चलाने के लिए आवश्यक मापदण्डों एवं मानको से संबंधित महत्वपूर्ण टिप्स प्रशिक्षणार्थियों को दिया।

**केंद्रीय कृषि मंत्री के साथ झारखंड चैंबर की वार्ता**

# मंडी में कृषकों का माल आता नहीं, तब शुल्क का कोई औचित्य ही नहीं : नरेंद्र सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के रांची प्रवास के दौरान अध्यक्ष किशोर मंत्री के नेतृत्व में झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स और रांची चैंबर पंडरा के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर, एपीएलएम एक्ट में संशोधन का आग्रह किया। यह कहा गया कि अन्य राज्यों से आयातित कृषि उपज पर राज्य सरकारों द्वारा शुल्क वसूलने की स्वतंत्रता के प्रावधान झारखण्ड जैसे राज्य के लिए अनुकूल नहीं है। चैंबर अध्यक्ष



किशोर मंत्री ने कहा कि पठारी क्षेत्र की अधिकता होने के कारण अन्य प्रदेशों की तुलना में झारखण्ड में कृषि योग्य भूमि काफी कम है। यह आग्रह किया कि एपीएलएम एक्ट में प्रावधानित ''अन्य राज्यों से आयातित कृषि उपज पर शुल्क वसूलने की स्वतंत्रता में आवश्यक संशोधन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर एकल अर्थात् प्रथम बिंदु पर मंडी शुल्क लिया जाना सुनिश्चित किया जाय। इस एक्ट में यह प्रावधानित किया जाना चाहिए कि किसी भी वस्तु पर विपणन व्यवस्था के तहत यदि एक बार मंडी शुल्क लग गया है तो उस वस्तु पर किसी भी राज्य में दुबारा मंडी शुल्क नहीं लगना चाहिए। यह व्यवस्था राष्ट्रीय स्तर पर एकल बिंदु के तहत अनिवार्य रूप से लागू की जानी चाहिए। प्रतिनिधिमण्डल के आग्रह पर मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने अवगत कराया कि कृषि क्षेत्र को उन्नत बनाने और कृषकों के उत्थान के लिए केंद्र सरकार द्वारा सभी राज्यों को एक मॉडल दिया गया है। ह एक्ट नहीं है

# युवाओं में निराशा, बेरोजगारी दूर करने की टूटी आशा : गौतम सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य सरकार के आम बजट से युवा खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। बजट में युवा की बेरोजगारी दूर करने के लिए न तो सरकारी विभागों में बहाली न ही इनके नियोजन की कोई ठोस प्रावधान दिखाई पड़ रहा है। युवा झारखंड से लोक लुभावन वादों का नारा देकर युवाओं के वोट के बलबूते राज्य में सरकार बनाने वाली झामुमो, कांग्रेस, राजद की महागठबंधन सरकार ने इस बजट में युवाओं की पूरी तरह उपेक्षा की है। उक्त बातें बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए अखिल झारखंड छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष गौतम सिंह ने कही हैं।उन्होंने कहा कि प्रदेश में नौकरियां नीतियों के मायाजाल के कारण विलुप्त हैं। सरकार का नियुक्ति वर्ष बीते 03 वर्षो से बगैर नियुक्ति दिए बीत गया। सरकार को युवाओं के लिए बजट में रोजगार के लिए ऋण मुहैया कराने सहित कल्याणकारी योजनाओं हेतु सरल प्रावधान करना चाहिए था। राज्य में बीते तीन वर्ष से तैयार हुए बेरोजगार युवाओं के फौज को हर क्षेत्र में अवसर प्रदान किया जाना चाहिए, बजट युवाओं को समर्पित होना चाहिए। नियुक्तियों के लिए नीति के साथ साथ बजट में भी इसके लिए प्रावधान किए जाने चाहिए। पर वर्तमान बजट से सरकार के मंशा पर सवालिया निशान लगा है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# होली और शब-ए-बरात को लेकर कर्रा थाना में शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** थाना परिसर में गुरूवार को होली और शबे बरात पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ.बैठक में मुख्य रूप से कर्रा बीडीओ निशा कुमारी सिंह एवं कर्रा सीओ बैद्यनाथ कामती उपस्थित थे.शांति समिति के सदस्यों ने कहा कि कर्रा में सभी पर्व सभी धर्म के लोग मिलकर मनाते हैं. शबे बरात 7 मार्च किस संध्या इबादत होगा एवं 8 मार्च को सुबह में मुस्लिम समुदाय के लोग कब्रिस्तान में जाकर दुआ पढ़ा जाएगा. होली पर्व 7 मार्च को अगजा दहन होगी एंव 8 मार्च को के साथ होली खेला जाएगा. पदाधिकारियों ने कहा कि दोनों पर्व को हर्षोल्लास एवं शांतिपूर्ण मनाना है. मौके पर विनोद भगत, परवेज खान, बसंत सिंह मुंडा, शेख फिरोज, शिवकुमार लाल, जलेश्वर महतो, पवन सिन्हा, बिहारी सिंह, विष्णु सोनी, युसूफ खान, लोधमा मुखिया मंजुला उरांव, कच्चाबारी मुखिया ज्योति मिंज, कर्रा मुखिया रश्मि लकड़ा, छाता मुखिया सुखराम मुंडा, बालकिशून महतो, करनो बड़ाईक, अफजल मिरयासी, महादेव लोहरा, मुन्नू महतो के अलावे दर्जनों शांति समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# अफीम की खेती को किया गया नष्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** 26 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की एफ कम्पनी हुंट और मारंगहादा थाना के सशस्त्र बलों ने संयुक्त अभियान चलाकर मारंगहादा थाना क्षेत्र के बारूहातु, बोकराहेसा, गाव इलाके में लगभग 25.5 एकड़ अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया गया इस अभियान में 26 वीं वाहिनी एस एस बी के कमांडेंट एस डी शेरखानी के दिशा-निर्देश पर एफ कम्पनी हुंट के इंस्पेक्टर नकुल चन्द्र मनडल , उप निरीक्षक,पदमाधर ,सहायक उप निरीक्षक तीरपन सिह मुख्य आरक्षी बालमे मचीनदर,डी डी महतो समान्य आरक्षी सुभम पटेल,सुमानता टुडू, प्रदीप सिंह तथा मारनगहादा थाना के उप निरीक्षक अजय कुमार भगत के साथ अन्य शस्त्र बल और शामिल थे।

# महिला समूह की दीदियों ने मनाया अंतराष्ट्रीय महिला दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** शुक्रवार को ओरमांझी में जेएसएलपीएस ने कुच्चू संकुल मे शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आयोजन किया गया। जिसमे एक साल के आय-व्यय की जानकारी सभी दीदीयों के बीच में साझा किया गया।संकुल में जितनी भी गतिविधिया हो रही है, उसकी जानकारी अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष के द्वारा बारी-बारी से बताई गई। दीप जलाकर व केक काटकर आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। समूह की दीदीयो के द्वारा शपथ ली गई और दूसरों को भी शपथ दिलाई गई। कि किसी भी क्षेत्र में महिलाओं के ऊपर कोई अत्याचार ना करें। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कुच्चु पंचायत की मुखिया पुनम देवी,एव चंद्रा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सीमा तिर्की उपस्थित थे।कार्यक्रम में महिला समूह की दीदियों को समूह से जुड़े सभी बातों पर विस्तृत जानकारी दिया गया। साथ ही संकुल में काम कर रहे कैडर दीदीयो ने भी अपनी पहचान एव पद की विस्तृत जानकारी दिए।

## गैस सिलिंडर फटने से लगी दुकानों में आग

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटीसिल्वे थाना क्षेत्र के टाटीसिल्वे चौक में रात्रि के समय अचानक कमलुदीन की रुई धुनाई दुकान, रामाशीश एवम रामचंद्र मांझी के चाय दुकान में आग लग गई। इस मैके पर टाटीसिल्वे के थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ तुरंत पहुँचे। अपनी ओर से आग बुझाने का प्रयास किया गया परंतु सफलता नही मिलने पर तुरंत फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। फायर ब्रिगेड की गाड़ी आने के बाद आग पर काबू पाया जा सका। प्रथम दृष्टा मे आग लगने का कारण सिलिंडर फटने कि वजह बताया गया। गैस एजेंसी विभाग को भी सूचित किया गया है। इस घटना में कोई हताहत नही हुई है। केवल समान जलने का नुकसान हुआ है।

## गर्म पानी से तीन युवती घायल

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :**थाना क्षेत्र के गड़गांव परसा पतरा टोली में गरम पानी के संपर्क में आकर तीन युवतियां घायल हो गयी.गंभीर रूप से घायल दशमी कुमारी व संजू कुमारी को रिम्स में भरती कराया गया है.जानकारी के अनुसार पतरा टोली में मृत एक महिला का श्राद्ध कार्यक्रम के दौरान खौलता हुआ गरम पानी गिर गया.इसकी चपेट में आकर मृतका की दो पुत्रियां सहित तीन युवती घायल हो गयी.

## शांति समिति की बैठक आज

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राजकीय रेल थाना परिसर में अगामी होने वाले त्यौहार होलीका दहन, होली, शबेबरात, सरहुल को शांति एवं सौहार्दपूर्ण भाईचारे के साथ मनाने को लेकर एक अवश्यक बैठक रखी गई है! जिसमें बुद्धिजीवी महानुभवों की उपस्थिति होने का अग्रह किया है! इसकी जानकारी राजकीय रेल थाना प्रभारी जामादार मुंडा ने दी है ।

## संयुक्त सचिव से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मुखिया संघ रांची जिला सचिव नीरज कुजूर की अगुवाई में शुक्रवार को रांची जिला के मुखिया संघ के सदस्यों ने पंचायत राज विभाग के संयुक्त सचिव शैल प्रभा कुजूर से मिले। वहीं संघ की पांच सूत्री मांग पत्र सौपा गया। इस दौरान संयुक्त सचिव द्वारा मुखिया संघ को अन्य बहुत सी जानकारी दी। वहीं आश्वाशन दिया कि मुखिया संघ को अगर दिक्कत होती है तो सीधे वार्तालाप कर सकते है। इस अवसर पर मुखिया संघ जिला मीडिया प्रभारी मुखिया जतरू उरांव और बेड़ो मुखिया संघ अध्यक्ष मुखिया रमेश उरांव मौजूद थे।

## कमलेश राम का जन सहयोग जारी

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :**शुक्रवार को कमलेश राम फाउंडेशन व भाजपा मेसरा मंडल के द्वारा मंडल अध्यक्ष राजा महतो के नेतृत्व में मेसरा गांव के मिर्धा बस्ती निवासी भुकंप मिर्धा के असमयिक निधन पर उसके परिवार को श्राद्धकर्म हेतु खाद्य सामग्री व नगद राशि दिया गया। ज्ञात हो कि तीन दिन पूर्व भुकंप मिर्धा का गंभीर बीमारी से मौत हो गया था, वे कई महीने से अस्पताल में ईलाजरत थे। उस समय भी भाजपा नेता कमलेश राम नगद राशि मदद करते रहे थे, परंतु परिवार वाले लोग भुकंप मिर्धा को नहीं बचा सके। फाउंडेशन के सदस्यों को जैसे ही इसकी सूचना मिली की परिवार अंत्यत गरीब होने के कारण श्राद्धकर्म नहीं कर पा रहे हैं। तुरंत कमलेश राम ने भाजपा मेसरा मंडल के अध्यक्ष राजा महतो के हांथों सभी जरूरत की सामग्री भेजवाया। कमलेश राम फाऊंडेशन की ओर से कांके विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में इस प्रकार का सेवा कार्य हमेशा की जाती है।

## मनोरंजन विकल्प का नया तरीका वोल्फ 777

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खिलाड़ियों को आनंद लेने और खुद का मनोरंजन करने के लिए मनोरंजन विकल्प का एक नया तरीका वोल्फ 777 लॉन्च किया गया है। ये लॉटरी अपनी तरह की एक मात्र लाटरी है क्योंकि ये खेलो पर आधारित है और खेलो को विश्व स्तर पर पसंद किया जाता है। एक ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म होने के नाते, यह गेम आपके सुविधाजनक स्थान और समय पर खेला जा सकता है और इसकी सबसे अच्छी बात ये है कि यह खिलाड़ियों को चुनने के लिए विभिन्न प्रकार की लॉटरी प्रदान करता है। यह खेलने के लिए 100 प्रतिशत सुरक्षित और भरोसेमंद प्लेटफार्म है, क्योंकि परिणामों में हेरफेर करने की कहीं कोई गुंजाइश नहीं है। जो भी होता है, खिलाड़ी के सामने होता है। खेलने वाला लाटरी का लाइव ड्रॉ अपनी आँखों के सामने होते हुए देख सकता है और यही इसे और रोमांचक बनाता है।

## टीवी मुक्त भारत अभियान का शुरुआत

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत सीएचसी सिल्ली में शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान क्षेत्र के चार टीवी मरीजों को गोद लिया गया एवं दवाइयां कीट दी गई । मरीजों को गोद लेने में दिलचस्पी दिखाते हुए सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप ने भी एक मरीज को गोद लिया। चिकित्सा प्रभारी जितेंद्र महली, दीपक कुमार ,संजीव कुमार महतो, ने भी एक ,एक मरीजों को गोद ली। सभी मरीजों को पोषाहार सामग्री एवं दवाई की किट दी गई। इस मौके पर चिकित्सा प्रभारी जितेंद्र महली ने कहा की देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को जागरूक किया जा रहा है। बीमारी के लक्षण बताए जा रहे है। ताकि लक्षण दिखते ही मरीज की जांच कराने के साथ इलाज शुरू कर सकें। गोद लेने के पीछे उद्देश्य है कि संबंधित व्यक्ति उस मरीज से समय-समय पर मिलेगा। उसे नियमित दवा खाने के लिए प्रेरित करेगा। गोद लेने वाला व्यक्ति ऐसे मरीजों की आर्थिक मदद भी कर सकता है। छह माह की दवा में जब मरीज पूर्ण रूप से स्वस्थ्य हो जाएगा तो स्वास्थ्य महकमा गोद लेने वाले व्यक्ति को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी करेगा ।इस मौके पर छोटेलाल पटेल, संजय महतो, सुरेंद्र महतो, समेत अस्पताल कर्मी एवं एएनएम उपस्थित थे।

## जंगली हाथी ने फसल को रौंदा व घर को किया क्षतिग्रस्त

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेड़ो प्रखंड के जहानाबाज गांव के झिकी बनटोली जंगल किनारे स्थित एतवा उरांव के कच्चा मकान को दो जंगली हाथी ने क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि शाम ढलते ही जंगल से निकलकर दो जंगली हाथी एतवा उरांव के घर को क्षतिग्रस्त करने लगे, जिसकी आवाज सुनकर पड़ोसी रंथु मुंडा, झिरू मुंडा, संजय मुडा व डुनका मुंडा ने टिना, बाल्टी बजाते हुए हल्ला कर जंगली हाथी को भगाया। वहीं पड़ोसीयों ने बताया कि एतवा मुंडा परिवार सहित घर में ताला बंद कर मजदूरी के काम करने के लिए ईटा भट्ठा गया हुआ है। वहां से जंगली हाथी पंडरा गांव पहुंची और सालिक सिंह और बिरेन्द्र साहु के खेत में लगी गेंहू व अन्य फसलों को फसल को खा कर व रौंदकर बदर्बाद कर दिया। वहां से जब ग्रामीणों ने हाथी को भगाया तो खुरहा टोली पहुंचा और रंका मुंडा के गेंहू की फसल और चालु मुंडा के आलु के फसल को खा कर व रौंदकर बर्बाद कर दिया।

# जीत के बाद आजसू कार्यकर्ताओं ने निकला विजयी जुलूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी की जीत पर गुरुवार की शाम भव्य विजय जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में आजसू नेता-कार्यकर्ता व समर्थक शामिल हुए। विजय जुलूस सिल्ली ग्राम विकास स्कूल से सिल्ली मेन रोड़ होते हुए आजसु प्रधान कार्यालय पहुंचा। जुलूस में आतिशबाजी हुई। साथ ही समर्थकों ने मिठाई खिलाकर एक दूसरे का मुंह मीठा किया। जुलूस में शामिल लोग विजयी नारे लगा रहे थे। अति उत्साह से लबरेज समर्थक एक दूसरे को बधाई देते व गले मिलते नजर आए। इस मौके पर आजसु पार्टी के केंद्रीय नेता जयपाल सिंह सुनील सिंह गौतम कृष्ण साहू सुशील महतो संजय सिद्धार्थ वीना चौधरी ,जितेंद्र बढ़ाईक, लक्ष्मण महतो , आरती देवी ,सविता महतो, उर्मिला देवी, शर्मिला कुमारी , संवत बड़ाइक ,विनोद साहू ,शिशुपाल महतो विकास महतो बलराम साहू संजय महतो ,मनोज कोइरी, विनोद महतो नानू महतो अनिल महतो, धीरेंद्र महतो गणेश महतो आदि उपस्थित थे।

## संसद घेराव कार्यक्रम में सिल्ली के डीलर भी लेंगे हिस्सा

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड परिसर में जन वितरण विक्रेताओं की बैठक शुक्रवार को पुराने प्रखंड भवन सिल्ली में आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता अरविंद कुशवाहा के द्वारा किया गया। बैठक में उपस्थित जन वितरण विक्रेताओं को ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर फेडरेशन के आवाहन पर विक्रेताओं को 8सूत्री मांगों की पूर्ति हेतु माननीय प्रधानमंत्री जी को घेराव करने हेतु दिल्ली स्थित संसद भवन का घेराव करने का निर्णय लिया गया है। इसे सफल बनाने हेतु सिल्ली प्रखंड के सभी विक्रेताओं से अपील किया गया।इस मौके पर जितेंद्र यादव, सत्येंद्र नारायण भगत, हरिपद महतो, रामसुंदर साहू राजू कुम्हार ,नीलकमल गुत्ता, उमेश साहू गौर प्रमाणिक दुर्गा प्रसाद, गणेशयम रविदास, श्री प्रसाद कुम्हार, विष्णु चरण उरांव ,गुना धर महतो, अलका देवी ,कृष्ण प्रसाद महतो, जयपाल सिंह, हरिलाल महतो, वीरेंद्र यादव, नारायण महतो ,अजीत महतो, विष्णु चरण मांझी, फुलेंद्र महतो आदि उपस्थित थे।

# विधायक की पहल पर लगा दो सौ केवी का ट्रांसफार्मर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव में शुक्रवार को बिजली ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। गांव के अखड़ा के समीप लगी बिजली की ट्रांसफार्मर तीन दिन पूर्व जल जाने पुरे गांव अंधकार में था। ग्रामीण बिजली की समस्या को लेकर परेशान थे। बिजली नहीं रहने से फसल सुख रहे थे बच्चे पढ़ाई नहीं कर पा रहे थे। इन सब समस्याओं को देखते हुए हरिहरपुर जामटोली युवा विकास समिति ने विधायक शिल्पी नेहा तिर्की को समस्या से अवगत कराया। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल बिजली विभाग से दो सौ केबी के 2 ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। गांव में बिजली जलते ही ग्रामीणों में खुशी की लहर फैल गई। मौके पर प्रखंड उपप्रमुख मुदस्सिर हक,प्रखंड अध्यक्ष प्रो करमा उरांव, विधायक प्रतिनिधि बुधराम लोहरा,बेड़ो प्रखंड कांग्रेस कमेटी महासचिव बुद्धू उरांव,राजी पाड़ा प्रार्थना सभा के अध्यक्ष सीता तिर्की, प्रमिला तिर्की,सुजाता एक्का, राजेश उराव,सुनील तिर्की, महादेव टोप्पो,संदीप कुजूर, संतोष उराव,शंकर कुजुर ,मनोज उरांवन, नरूआ उराव व बिजली विभाग के कर्मी संतोष तिर्क व मघिया उरांव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# वैज्ञानिकों ने किसानों को दिया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड के आत्मा कार्यालय परिसर पर तीन दिवसीय किसानों का प्रशिक्षण का दूसरा दिन गुरुवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय कांके रांची के वैज्ञानिक डॉ अरुण कुमार एवं नरेश प्रसाद यादव द्वारा किसानों को मडुवा, सरसों, तथा तीसी के उन्नत खेती, बीज उत्पादन एवं उनकी उपयोगिता की विस्तृत जानकारी दिया गया. वैज्ञानिकों ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने साल 2030 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किया है. जिसके अंतर्गत मोटे अनाज हो जैसे मडुवा, कोदो, सांवा, गोंदली, ज्वार, बाजरा, आदि की खेती पर जोर दिया जाना है. वैज्ञानिकों ने खेती के लिए मिट्टी की तैयारी, बीज का उपचार, उचित बुवाई, खाद प्रबंधन, सिंचाई प्रबंधन, रोग एवं कीट प्रबंधन, फसल की उपयोगिता साथी किसान भाइयों के खेती संबंधी सवालों का समाधान दिया गया. मौके पर बीटीएम स्नेह लता तिग्गा , सहायक तकनीकी प्रबंधक माधुरी लकड़ा, द्वारिका प्रसाद, के अलावे दर्जनों प्रखंड के किसान भाई बहने उपस्थित थे।

# छह माह बाद दाऊद नगर में बिजली बहाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड के गोविन्दपुर पंचायत अन्तर्गत दाऊद नगर में नया बिजली ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली बहाल की गयी. ज्ञात हो कि गोविन्दपुर पंचायत के दाऊद नगर में विगत 6 महीने से ट्रांसफार्मर खराब था जिसकी जानकारी ग्रामीणों के द्वारा झामुमो मिडिया प्रभारी राहुल केसरी को दिया गया. झामुमो सोशल मिडिया प्रभारी खूंटी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए झामुमो जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद एवं झामुमो केन्द्रीय सदस्य सुदीप गुड़िया को गोविन्दपुर दाउद नगर के विगत 6 माह से ट्रांसफार्मर खराब रहने की समस्या से अवगत कराया और सभी के सहयोग से गुरूवार को गोविन्दपुर दाउद नगर में नया ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली बहाल कि गयी. वही गुरूवार को नया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन झामुमो सोशल मिडिया प्रभारी राहुल केशरी एवं झामुमो कार्यकारिणी अध्यक्ष विनोद उरांव के द्वारा फीता काटकर किया गया. गोविन्दपुर दाऊद नगर में नया ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली बहाल कराने से ग्रामीणों काफी उत्साह व खुशी है लोगों ने झामुमो कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया. इस मौके पर झामुमो सह सचिव नामजन होरो, मुन्ना हेरेंज, नरेश नायक, संजय मुंडा, असलम खान, कृष्णा होरो, लाला पहान, अमित खलखो, सिमोन होरो, फिरोज आलम, सनाऊला खान, असीम केरकेट्टा, प्रदीप सोय, शनिफ अंसारी, खिस्टोचित हेमरोम, दीपक तोपनो, रंजन होरो, अलोक तोपनो के अलावे गोविन्दपुर पंचायत कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, रामगढ़

अतिअल्पकालीन निविदा आंमत्रण सूचना सं0– 24/2022–23

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम : कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल रामगढ़।
2. परिमाण विपत्र निर्गत की तिथि एवं समय : दिनांक 16/03/2023 को अपराह्न 1:00 बजे तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 17/03/2023 को अपराह्न 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 17/03/2023 को अपराह्न 3:30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (1) अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग, (2) कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, रामगढ।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : कण्डिका 5, में वर्णित (2)
7. कार्यो का विवरण :–

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of SDO Residence, Ramgarh | 18,93,200/- | 38,000/- | 5,000/- | 45 दिन |
| 2 | Renovation of Boundary wall (South Side) of DC Residence, Ramgarh | 17,36,200/- | 35,000/- | 5,000/- | 45 दिन |
| 3 | Const. of Boundary wall, Gate & Approach road of Mining office, Ramgarh | 23,89,000/- | 48,000/- | 5,000/- | 45 दिन |
| 4 | Renovation of District dairy development office, Ramgarh | 24,96,000/- | 50,000/- | 5,000/- | 45 दिन |

* निविदा की शर्तें एवं अन्य सूचनाएँ www.jharkhandtenders.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, रामगढ़

PR 291780 Building (22-23)_D

## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़

ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं० :–**RDSD/RAMGARH/07/2022-23**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :– **DMFT** मद अन्तर्गत।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | आँगनबाडी केन्द्रो का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू०) | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /01/2022-23 | रामगढ | कुन्दरूकलां | बरहर टोला | 720250.00 | 15000.00 | 1250.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 2 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /02/2022-23 | रामगढ | कुन्दरूकलां | मुस्लिम टोला | 679200.00 | 14000.00 | 1250.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 3 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /03/2022-23 | रामगढ | बारलौंग | सरहर महुवा | 595750.00 | 12000.00 | 1250.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 4 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /04/2022-23 | दुलमी | कुल्ही | महमनी टोला | 720800.00 | 15000.00 | 1250.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 5 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /05/2022-23 | दुलमी | पोटमदगा | गंधौनिया | 700850.00 | 15000.00 | 1250.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 6 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /06/2022-23 | दुलमी | कुल्ही | महतो टोला, उरबा | 735350.00 | 15000.00 | 1250.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 7 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /07/2022-23 | चितरपुर | चितरपुर दक्षिणी | रहमत नगर, चितरपुर | 779750.00 | 16000.00 | 1250.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 8 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /08/2022-23 | चितरपुर | मायल | पथलगढवा | 565850.00 | 12000.00 | 1250.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 9 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /09/2022-23 | चितरपुर | बडकी पोना | कोठी पखना | 768300.00 | 16000.00 | 1250.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 10 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /10/2022-23 | माण्डू | छोटकी डुण्डी | कपरफुटवा | 600400.00 | 13000.00 | 1250.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 11 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /11/2022-23 | माण्डू | ईचाकडीह | करमाली टोला | 612700.00 | 13000.00 | 1250.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 12 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /12/2022-23 | माण्डू | माण्डू चट्टी | रंगुबेड़ा | 450120.00 | 10000.00 | 750.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 13 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /13/2022-23 | माण्डू | करमा दक्षिणी | बढाखाप | 763500.00 | 16000.00 | 1250.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 14 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /14/2022-23 | माण्डू | हेसागढा | केरीबंदा–2 | 483100.00 | 10000.00 | 750.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 15 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /15/2022-23 | माण्डू | माण्डू चट्टी | बालादोहर | 691700.00 | 14000.00 | 1250.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 16 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /16/2022-23 | माण्डू | कुजू दक्षिणी | लाटो टोला | 751900.00 | 16000.00 | 1250.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 17 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /17/2022-23 | रामगढ | कुन्दरूकलां | सरैया | 784600.00 | 16000.00 | 1250.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 18 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /18/2022-23 | माण्डू | छोटकी डुण्डी | बैडवा | 684150.00 | 14000.00 | 1250.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 19 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /19/2022-23 | माण्डू | छोटकी डुण्डी | छोटकी डुण्डी | 425550.00 | 9000.00 | 750.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 20 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /20/2022-23 | दुलमी | सिरू | करमाली टोला प्रियातु | 571850.00 | 12000.00 | 1250.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 21 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /21/2022-23 | माण्डू | माण्डू | मुरपा | 528550.00 | 11000.00 | 1250.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 22 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /22/2022-23 | दुलमी | कुल्ही | बरवा कोचा | 780650.00 | 16000.00 | 1250.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 23 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /23/2022-23 | दुलमी | कुल्ही | उरवा बस्ती | 366000.00 | 8000.00 | 750.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 24 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /24/2022-23 | माण्डू | माण्डू चट्टी | टकहा | 734700.00 | 15000.00 | 1250.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 25 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /25/2022-23 | माण्डू | माण्डू चट्टी | इन्दराबाद | 721950.00 | 15000.00 | 1250.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 26 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /26/2022-23 | माण्डू | हेसागढा | हेसागढा– 03 नं० | 465900.00 | 10000.00 | 750.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 27 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /27/2022-23 | माण्डू | हेसागढा | हेसागढा– 04 नं० | 629950.00 | 13000.00 | 1250.00 | 30.06.2023 तक होगी। |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 10.03.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 16.03.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं शपथपत्र के मूलप्रति जमा करने की तिथि एवं समय दिनांक 17.03.2023 को अपराह्न 5.00 बजे तक, स्थान– जिला परिषद रामगढ़ के सभागार कक्ष में लिया जायेगा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 18.03.2023 अपराह्न 02:00 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० :– 8986791292, 8210703869
8. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़ के पदनाम से देय हो देना होगा। जो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मुख्य शाखा, रामगढ़ (Branch Code-00164) में भुगतेय होगा। प्राईवेट बैंक का D.D/ Bankas Cheque मान्य नहीं होगा।
9 अग्रधन की राशि राष्ट्रीय बचत पत्र **(NSC)** 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र **(F.D)** 05 वर्षीय/03 वर्षीय, जो की कार्यपालक अभियंता के नाम से प्रतिज्ञिप्त होगा, मान्य होगा।
10. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।, तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
11. सरकार के संयुक्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची का पत्रांक– 653 दिनांक 28.02.2023 के आलोक में "The System of taking tender document in offine manner, should be sotpped w.,e.f. 01.03.2023." का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए यह स्पष्ट किया जाता है कि केवल ई–निविदा ही मान्य होगा तथा निविदा अभिलेख का Hard Copy समर्पित नहीं किया जायेगा।
12. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट ***Jharkhandtenders.gov.in*** एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।

PR.NO.291820 Rural Work Department(22-23):D

# भारतीय उद्योग के जनक 'जेएन टाटा' की जयंती पर टाटा स्टील ने उन्हें अर्पित की श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ने आज अपने संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा को उनकी 184वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्हें 'भारतीय उद्योग का जनक' भी माना जाता है।

संस्थापक दिवस के रूप में मनाया जाने वाला यह प्रमुख कार्यक्रम हर साल 3 मार्च को जमशेदपुर में सामुदायिक कल्याण के साथ एक औद्योगिक भविष्य के संस्थापक के दृष्टिकोण को श्रद्धांजलि देने के लिए होता है। इस वर्ष के समारोह का विषय ÷जीनोवेशन - मेक टुमॉरो ग्रीन÷ है।

जमशेदपुर में आज हुए कार्यक्रम में नोएल एन टाटा, वाइस चेयरमैन, टाटा स्टील और टीवी नरेंद्रन, सीईओ और एमडी, टाटा स्टील उपस्थित थे। इस अवसर पर कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और यूनियन के सदस्य भी उपस्थित थे। वर्क्स मेन गेट पर संस्थापक को उपाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारियों, यूनियन के सदस्यों, कंपनी समूह के अधिकारियों और जमशेदपुर के नागरिकों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ।

बिष्टुपुर पोस्टल पार्क में जमशेदपुर के नागरिकों को अपने संबोधन में, नोएल एन टाटा ने कहा :- 'आज हम अपने संस्थापक की अग्रणी भावना का जश्न मनाते हैं, जिन्होंने इस प्रेरक शहर की स्थापना की, साथ ही नेताओं की आने वाली पीढ़ियों, जिनमें से प्रत्येक ने राष्ट्र निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका-न केवल औद्योगीकरण में बल्कि सामुदायिक उत्थान में भी।'

नोएल एन टाटा ने स्टीलेनियम हॉल के अलावा टाटा वर्कर्स यूनियन कार्यालय का भी भ्रमण किया, जहां इस वर्ष की थीम 'जीनोवेशन' पर प्रदर्शनी आयोजित की गई थी।वाइस चेयरमैन ने आईआरओसी (इंटीग्रेटेड रिमोट ऑपरेशंस सेंटर) और एसएनटीआई - टेक एक्स 2023 में तकनीकी प्रदर्शनी का भी देखा किया। वाइस चेयरमैन ने आज टाटा वर्कर्स यूनियन के वरिष्ठ पदाधिकारियों से भी मुलाकात की।

संस्थापक दिवस समारोह झारखंड और ओडिशा में कलिंगनगर, मेरामंडली और रॉ मैटेरियल के स्थानों सहित देश भर में टाटा स्टील के अन्य स्थानों और कार्यालयों में भी आयोजित किया गया था। टाटा स्टील स्पोर्ट्स डिवीजन ने 2 और 3 मार्च को जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया।



बिष्टुपुर पोस्टल पार्क में शहर के लोगों का अभिवादन स्वीकार करते नोएल एन टाटा, टीवी नरेंद्रन, सीईओ और एमडी टाटा स्टील



स्टीलेनियम हॉल का उद्घाटन करते हुए नोएल एन टाटा साथ में टीवी नरेंद्रन



टाटा वर्कर्स यूनियन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ नोएल एन टाटा और टीवी नरेंद्रन

## शादी समारोह में शामिल हुआ राज परिवार पुत्र-वधु को दिया आशीर्वाद

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद के रहने वाले डॉक्टर कृष्ण चंद्र सिंह राज के पुत्र का विवाह बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर ईचागढ़ विधासभा क्षेत्र के राज परिवार के सदस्य कल्याण चंद्र सिंह भी शामिल हुए और डॉक्टर साहब के पुत्र अभिषेक अंजन और नेहा सिंह को आशीर्वाद दिए। मौके पर कल्याण चंद्र सिंह बताया कि बारात धनबाद से सासाराम गया था। कहा की वाटिका में शुभ विवाह हुआ। लड़की के पिता रंजन कुमार सिंह ने बहुत ही धूमधाम से शादी की है। इस मौके शहर के कई गणमान्य लोग भी शामिल होकर पुत्र-वधु को आशीर्वाद दिया।



## विधायक सविता महतो ने लिफ्ट इरिगेशन व डीप बोरिंग की समस्या विधानसभा में उठाया

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ईचागढ़ के विधायक सविता महतो ने ईचागढ़ विधान सभा क्षेत्र के मैसाड़ा सुवर्णरेखा डैम से नहर होते हुए 15 किमी लिफ्ट इरिगेशन द्वारा सिचाई की सुविधा व नीमडीह प्रखंड के ओड़िया से 10 किमी तक सिचाई लिफ्ट इरिगेशन द्वारा कराने तथा आमटांड नदी से काशीडीह होते हुए घाटशिला, कांडेबेड़ा तक 5 किमी तक लिफ्ट इरिगेशन द्वारा सिंचाई की व्यवस्था करने का मांग तारांकित प्रशन में विधानसभा के पटल पर रखा। साथ ही उन्होंने ईचागढ़ विधान सभा के चारों प्रखंड चांडिल, नीमडीह, कुकड़ू व ईचागढ़ में डीप बोरिंग के अभाव में कृषकों को पटवन की सुविधा नहीं होने की बात रखी उन्होंने कहा ईचागढ़ विधान सभा क्षेत्र कृषि प्रधान क्षेत्र है। यह विशेषकर सब्जियों की खेती होती है और पानी के अभाव में कृषक खेती से वंचित रह जाते हैं। सरकार ने डिप बोरिंग व लिफ्ट इरिगेशन स्वीकार करते हुए जायजा लेकर अमल करने की बात कही।



## आंगन में बैठी महिला पर अज्ञात अपराधियों ने चलाया गोली, पुलिस जांच में जुटी

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कुचाई थाना क्षेत्र के ईचाहातु में अज्ञात अपराधियों ने शुक्रवार को दिनदहाड़े एक महिला को गोली मार दी। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचाई पहुंचाया गया। जहां से महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने सरायकेला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। महिला पर गोली मारने की घटना दोपहर 3 बजे की है। जानकारी के मुताबिक कुचाई के छोटासेगोई पंचायत के ईचाहातु गांव की महिला दासमती गुंजा (30), पति अनिल गुंजा शुक्रवार को दोपहर 3 बजे खाना खाकर अपने आंगन में बैठी थी। इसी क्रम में अज्ञात अपराधी आए और महिला को एक गोली मार दी। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों अपराधी फरार हो गए। कुचाई थाना प्रभारी विष्णु कुमार भोक्ता ने बताया कि महिला को अज्ञात अपराधियों ने गोली मारी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।


## उपायुक्त अरवा राजकमल के निर्देश पर अवैध शराब भट्ठीयां ध्वस्त

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला उपायुक्त अरवा राजकमल के निर्देश पर उत्पाद विभाग की ओर से शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों में अवैध शराब बिक्री और शराब भट्ठी के खिलाफ अभियान चलाया गया। इसी क्रम में उत्पाद निरीक्षक निर्भय सिन्हा के नेतृत्व में आदित्यपुर थाना क्षेत्र के गम्हरिया स्थित सापड़ा, भद्रकाली, बोनडीह, सतवाहिनी सहित कई जगहों पर एक साथ छापेमारी अभियान चलाते हुए कई अवैध शराब भट्ठीयों को तोड़ा गया। इस दौरान काफी मात्रा में शराब निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री और जावा महुआ ड्रम को जब्त किया गया। छापामारी अभियान के दौरान 1200 केजी जावा महुआ और 65 लीटर शराब समेंत कई ड्रम को जब्त किया गया है। उत्पाद निरीक्षक निर्भय सिन्हा ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## रेलवे लाइन के समीप झाड़ियों में लगी आग कुछ समय के लिए रेल बाधित

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कांड्रा-चौका मुख्य मार्ग पर नीलांचल कंपनी से पहले रघुनाथपुर जाने के रास्ते मे दाई ओर रेलवे लाइन के समीप झाड़ियों में अचानक आग लग गई। उक्त आग ने धीरे-धीरे आसपास स्थित पेड़ों को भी अपनी लपेट में ले लिया। आग लगते देख राहगीरों द्वारा इसकी सूचना कांड्रा पुलिस को दी गई। कांड्रा पुलिस द्वारा जानकारी दिए जाने के बाद आधुनिक पावर एंड नेचुरल रिसोर्स लिमिटेड और झारखंड अग्निशमन विभाग, आदित्यपुर की दमकल वाहनें घटनास्थल पर पहुंची और आग को बुझाना शुरू किया।

## मंत्री बन्ना गुप्ता ने जमशेदजी टाटा को दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदजी टाटा के 184वीं जयंती के अवसर पर पोस्टल पार्क स्थित उनके प्रतिमा पर झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने पुष्पांजलि कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने का कहा कि जमशेदजी नसरवान जी टाटा को हम देवता के रूप मानते है।

आज उन्हे जमशेदपुर सहित पूरा राज्य नमन कर रहा है। हम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तरफ से भारतीय उद्योग के निर्माता के चढ़नो में श्रद्धा पुष्प अर्पित करने आए है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने जे एन टाटा की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी नुसरवानजी टाटा के 184वीं जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। शुक्रवार को संस्थापक दिवस के मौके पर भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिस्टुपुर स्थित पोस्टल पार्क में जमशेदजी टाटा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, मनोज कुमार सिंह, संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, जितेंद्र राय, मंजीत सिंह, प्रेम झा, धर्मेंद्र प्रसाद, मुचिराम बाउरी, सुरेश शर्मा, बिनोद राय, संदीप शर्मा बौबी, राकेश कुमार, अभिमन्यु सिंह चौहान, शशि यादव, मोंटी अग्रवाल, सुशील पांडेय, रानी ठाकुर, हरेराम यादव, दिलीप पासवान, एस कार्तिक समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दलमा में मनाया गया विश्व वन्यजीव दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दलमा :** चांडिल प्रखंड क्षेत्र दलमा के मकुलाकोचा में शुक्रवार को हर साल तरह इस साल भी आज 3 मार्च को विश्व वन्यजीव दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आसपास के स्कूली बच्चे जंगली जीवों के संरक्षण के प्रति जागरूकता की संदेश दिया गया।

दलमा के मकुलाकोचा के डीएफओ डॉ अभिषेक कुमार ने बताया कि आज विश्व वन्यजीव दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आस पास गांव के बच्चों के बीच चित्रांकन और लेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे काफी संख्या में स्कूली छात्र - छात्राओं ने भाग लिया।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों बच्चों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही बच्चों को वन्य जीवों के प्रति उन्हें जागरूक किया गया।

## साकची शीतला मंदिर समीप सांड ने दो राहगीरों को उतारा मौत के घाट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** साकची थाना क्षेत्र के शीतला मंदिर के पास आज सुबह करीब 5.30 बजे सड़क पर घूम रहे सांड ने दो लोगों के उठा कर पटक दिया। जिससे मौके पर ही दोनों की मौत हो गयी। मृतकों में अशोक अग्रवाल विहिप के प्रमुख सुमन अग्रवाल के बड़े भाई हैं। जबकि एक अन्य साकची निवासी राज किशोर सिंह हैं। जो वहां पर गार्ड का काम करते हैं। सांड का आतंक देख घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गयी। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर सांड को घेरकर रखा। भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने बताया कि सुबह घर से निकलते वक्त उन्होंने अपने ताऊ अशोक अग्रवाल को सांड द्वारा किये जा रहे हमलों की जानकारी देते हुए अलर्ट रहने को कहा था।

इसके बाद अशोक अग्रवाल हर दिन की तरह सुबह अपने पेनार रोड स्थित आवास से मानगो पुल के पास खटाल से दूध लेने के लिए गये। वहां से लौटने के क्रम में सांड ने उन पर हमला कर दिया। अशोक अग्रवाल पर हमला करने के बाद सांड ने साकची निवासी गार्ड राज किशोर को अपना शिकार बनाया वह अपनी ड्यूटी कर लौट रहा था। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेज दिया है।

### देश के प्रथम राढ़ बांग्ला पोर्टल की वर्षगांठ पर बोले रामचंद्र सहिस

## निष्पक्षता व वास्तविकता से ही मीडिया संस्थान पर बढ़ता है भरोसा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** किसी भी मीडिया संस्थान के प्रति भरोसा व विश्वास तभी बढ़ता है जब वह निष्पक्षता व वास्तविकता के साथ आगे बढ़े। यह बातें शुक्रवार को देश के प्रथम राढ़ बांग्ला न्यूज पोर्टल बराभूम दर्पण की पहली वर्षगांठ के मौके पर आयोजित स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने कहीं। उन्होंने बराभूम दर्पण परिवार को सफलतापूर्वक एक साल पूरा करने पर बधाई देते हुए कहा कि यह पोर्टल निरंतर आगे बढ़े और इसकी पहुंच अधिक से अधिक लोगों तक हो इसके लिए ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने बराभूम दर्पण के प्रकाशक कल्याण कुमार गोराई की सोच की प्रशंसा करते हुए कहा कि क्षेत्र की भाषा-संस्कृति व खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित करने के लिए जो बीड़ा उठाया है उसमें वे हमेशा मदद करने के लिए तैयार रहेंगे। विशिष्ट अतिथि पूरबी घोष ने कहा कि उन्हें भी राढ़ बांग्ला का यह पोर्टल काफी अच्छा लगता है। उन्होंने भविष्य में प्रिंट मीडिया के क्षेत्र में आने की सलाह दी। कार्यक्रम को भाजपा के पूर्व प्रत्याशी मुचीराम बाउरी, झामुमो नेता महाबीर मुर्मू, समाजसेवी सुनील वरण महतो, गिरिजा प्रसाद मिश्र, जगदीश प्रसाद मंडल, पंचानन दास,स्वपन कुमार महतो व जमशेदपुर प्रेस क्लब के सचिव बिनय पूर्ति ने भी संबोधित किया। मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, भीष्मनाथ, शरत सिंह सरदार, कानुराम बेसरा, परमेश्वर , सुभाष , ईशान चंद्र, बृंदावन, सुमित, मंटू चरण, संदीप, गोपाल, नरेन, तरुण, मृत्युंजय, गुणाधीश, तापस, उज्ज्वल कांति, हिमांशु व मलय कुमार समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।



### कोल्हन विश्वविद्यालय एथलेटिक मीट में हिस्सा लेने

## करीम सिटी कॉलेज टीम रवाना हुई घाटशिला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कोल्हन विश्वविद्यालय एथलेटिक मीट 2023 घाटशिला कॉलेज, घाटशिला द्वारा कॉलेज प्रांगण में आयोजित किया जा रहा है।

यह दो दिवसीय एथलेटिक मीट 4 एवं 5 मार्च को आयोजित हो रहा है। जिसमें कोल्हन विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले लगभग सभी महाविद्यालय के खिलाड़ी भाग लेंगे।

इसी क्रम आज करीम सिटी कॉलेज से भी महिला तथा पुरुष दोनों दलों को महाविद्यालय के स्पोर्ट्स इंचार्ज प्रो डॉ फिरोज इब्राहिमी के निर्देशन में रवाना करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने सभी खिलाड़ी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए अधिक से अधिक मेडल जीतकर लाने की दुआएं दीं। इस अवसर पर महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ बीएन त्रिपाठी ने भी बच्चों को शुभकामनाएं दीं।

## कुचाई क्षेत्र में हो रहे सफेद पत्थर के अवैध खनन का मुखिया व समिति के सदस्य ने किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई क्षेत्र में हो रहे सफेद पत्थर की अवैध खनन को लेकर बकाश्त मुंडारी खुटकट्टी रक्षा एवं विकास समिति के सदस्य एवं रूगुडीह पंचायत के मुखिया करम सिंह मुंडा ने क्षेत्र की निरीक्षण कर जल्द ही अवैध खनन कारोबारियों पर शिकंजा कसने एवं राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन से मुलाकात कर सफेद पत्थर की अवैध खनन को रोक लगाने को लेकर ज्ञापन सौंपने का विचार विमर्श किया। वही क्षेत्र का निरीक्षण कर मुखिया करम सिंह मुंडा ने कहा कि कुचाई प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रुगुड़ीह पंचायत के रामडीह पहाड़ पूर्णाडीह पहाड़ सिगिददा पहाड़ बारूहातू पंचायत तिरीलपीढ़ी आदि स्थानों का औचक निरीक्षण घटना सत्य व वास्तविकता जायजा लिया गया। जो पत्थर माफियाओं ने जेसीबी की मदद से जंगल को तहस-नहस कर दिया गया है। पहाड़ को खोदकर अवैध सफेद पत्थर निकाला जा रहा है। यह नजारा देखकर स्तब्ध रह गए कि कब कितने दिनों से यह अवैध काम धड़ल्ले से जारी है।

**सफेद पत्थर की अवैध खनन की जानकारी उपायुक्त को दी गई थी**

आपको बता दें कि सफेद पत्थर की अवैध खनन को लेकर रुगुडीह पंचायत के मुखिया करम सिंह मुंडा एवं बकाश्त मुंडारी रक्षा एवं विकास समिति के सदस्यों ने जिला उपायुक्त अरवा राजकमल से मुलाकात कर कुचाई क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन की जानकारी दी गई थी। मुखिया करम सिंह मुंडा ने कहा कि 39 मौजा के तहत रूगुडीह पंचायत बारूहातु पंचायत गोमियाडीह पंचायत व रोलाहातु पंचायत के सभी गांव बकाश्त मुंडारी खुटखट्टी क्षेत्र में शामिल है। खुटखट्टी क्षेत्र में कार्य के लिए मुंडा एवं मुखिया को सूचित किया जाता है।

साथ ही खुटखट्टी क्षेत्र में लीज में किसी प्रकार की कार्य नहीं हो सकता है। निरीक्षण में मुख्य रूप से मुखिया करम सिंह मुंडा बकाश्त मुंडारी खुटखट्टी रक्षा एवं विकास समिति के मान सिंह मुंडा धर्मेंद्र कुमार मुंडा लखीराम मुंडा वृंदावन सिंह मुंडा दशरथ उरांव लखीराम मुंडा रामचंद्र मुंडा भरत सिंह मुंडा मौजूद थे।

## संपादकीय

# किसान की आय दो रुपए!

किसान की आय 2 रुपए ही नहीं है। यह प्रतीकात्मक आंकड़ा है कि किसानी कितनी सस्ती है या कृषि की मंडी कितनी क्रूर है! हम और भारत सरकार बखूबी जानते हैं कि किसानी के बाज़ार में बिचौलियों का कितना दबदबा है! केंद्रीय खाद्य मंत्री रहते हुए रामविलास पासवान ने इस आशय का बयान देकर सरकार को चौंका दिया था। आज वह हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन एक और क्रूर यथार्थ सामने आया है। महाराष्ट्र की सोलापुर मंडी में प्याज की फसल बेचने गया था किसान राजेन्द्र तुकाराम चव्हाण। फसल 512 किलोग्राम थी। प्याज का भाव मात्र 1 रुपए किलो देने की बात हुई, तो किसान को पहला झटका लगा। फिर ट्रांसपोर्ट, मजदूरी, माल ढुलाई और आढ़ती की कमीशन निकाल कर किसान को मात्र 2 रुपए का चेक दिया गया। वह भी 15 दिन बाद का था। अर्थात 512 किग्रा प्याज की कुल कीमत मात्र 2 रुपए...! क्या नंगी नहाए, क्या निचोड़े! यह यथार्थ तब का है, जब किसान की आय दोगुनी करने का सरकारी वायदा एक साल पहले गुजर चुका है। आमदनी तो बढ़ी नहीं, किसान को फसल की लागत भी नसीब नहीं है। मुनाफा तो सपनों की बात है। किसान राजेन्द्र चव्हाण ने 512 किग्रा प्याज बोने और पैदा करने की संपूर्ण प्रक्रिया पर 40,000 रुपए से ज्यादा खर्च किए थे और आमदनी मात्र 2 रुपए हो पाई! वह घर-परिवार कैसे चलाए? रोटी कैसे खाए? बच्चों को कैसे पढ़ाए? बेटी की शादी कैसे करे? और किसानी के धंधे को बदस्तूर जारी कैसे रखे? ऐसी ही कहानी तेलंगाना में टमाटर की है। वहां टमाटर अनाथ की तरह रुल रहा है। किसान कह रहे हैं कि जितना चाहिए, टमाटर तोड़ कर ले जाएं। प्याज, टमाटर के अलावा आलू ने भी यही क्रूर यथार्थ झेला है। कुछ और सब्जियों की भी यही नियति होगी! इन परिस्थितियों में किसान आत्महत्या नहीं करेगा, तो उसके सामने विकल्प क्या है? किसान अपने ट्रैक्टर तले फसलों को रौंद रहे हैं या सडक़ों पर फेंक रहे हैं। यह प्याज, टमाटर की बर्बादी नहीं है, बल्कि अर्थव्यवस्था को कुचलना है। भारत में प्याज की 150 लाख टन से ज्यादा की खपत है और उत्पादन 200 लाख टन से ज्यादा हुआ है। इसके बावजूद प्याज आयात किया जाता रहा है। हम इस धंधे को समझ नहीं पाए हैं। फिलीपींस में 3512 रुपए किलो प्याज बिक रहा है। अमरीका में 240, दक्षिण कोरिया में 250, ताइवान और जापान में 200, कनाडा में 190 और सिंगापुर में 180 रुपए प्रति किलो प्याज बिक रहा है। यदि हम अपने ही खुदरा बाज़ार की बात करें, तो औसतन 30-35 रुपए के दाम हैं। तो फिर किसान को उसकी फसल के सही भाव क्यों नहीं दिए जा रहे? भारत में किसान की औसत आय 27 रुपए रोज़ाना की है। यह नीति आयोग का तथ्य है। माहवार आय भी 4500 रुपए के करीब है। किसान 5500-6000 रुपए मजदूरी बगैरह करके कमाता है। क्या कृषि के मौजूदा बाज़ार के व्यवहार से स्पष्ट है कि किसान को किसानी छोडने पर विवश किया जा रहा है? क्या सरकार और मंडी किसानों को आंदोलन की सजा दे रही है? सरकार प्याज और टमाटर के भी भाव तय क्यों नहीं कर रही कि उससे कम पर फसल बिकेगी ही नहीं। किसानों को मंडी के बजाय विदेश में निर्यात क्यों नहीं करने दिया जा रहा? और आयात की क्या जरूरत है, जब नैफेड के कोल्ड स्टोरेज या गोदामों में प्याज भरा रखा होता है? बेहद पेचीदा नीतियां हैं सरकार की! विडंबना यह भी है कि सरकार उद्योगों में पूंजी निवेश करती है, लेकिन किसानी को कुदरत और मौसम के भरोसे छोड़ देती है। बेल-आउट पैकेज भी उद्योगों के लिए हैं। यह मेहरबानी खेती पर नहीं है। आखिर क्यों? किसान की फसल की कीमत 2 रुपए तब दी जा रही है, जब देश आज़ादी का 'अमृतकाल' मना रहा है। प्रधानमंत्री किसानों में 6000 रुपए सालाना की खैरात बांट सकते हैं, लेकिन किसानी की उचित कीमत और किसान-समर्थक व्यवस्था तैयार नहीं कर सकते।


आज वह हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन एक और क्रूर यथार्थ सामने आया है। महाराष्ट्र की सोलापुर मंडी में प्याज की फसल बेचने गया था किसान राजेन्द्र तुकाराम चव्हाण। फसल 512 किलोग्राम थी। प्याज का भाव मात्र 1 रुपए किलो देने की बात हुई, तो किसान को पहला झटका लगा। फिर ट्रांसपोर्ट, मजदूरी, माल ढुलाई और आढ़ती की कमीशन निकाल कर किसान को मात्र 2 रुपए का चेक दिया गया। वह भी 15 दिन बाद का था। अर्थात 512 किग्रा प्याज की कुल कीमत मात्र 2 रुपए...! क्या नंगी नहाए, क्या निचोड़े! यह यथार्थ तब का है, जब किसान की आय दोगुनी करने का सरकारी वायदा एक साल पहले गुजर चुका है। आमदनी तो बढ़ी नहीं, किसान को फसल की लागत भी नसीब नहीं है। मुनाफा तो सपनों की बात है। किसान राजेन्द्र चव्हाण ने 512 किग्रा प्याज बोने और पैदा करने की संपूर्ण प्रक्रिया पर 40,000 रुपए से ज्यादा खर्च किए थे और आमदनी मात्र 2 रुपए हो पाई! वह घर-परिवार कैसे चलाए? रोटी कैसे खाए? बच्चों को कैसे पढ़ाए? बेटी की शादी कैसे करे? और किसानी के धंधे को बदस्तूर जारी कैसे रखे? ऐसी ही कहानी तेलंगाना में टमाटर की है।


## बोध कथा

# पर्यटन के नए खाके में

एशियन विकास बैंक के मार्फत हिमाचल की पर्यटन अधोसंरचना नया आकाश खोज रही है, अतः इस दिशा में 1311 करोड़ की प्रस्तावित परियोजनाएं साबित करती हैं कि सुक्खू सरकार बिना समय गंवाए एक बड़े खाके पर काम कर रही है। खास तौर पर झील पर्यटन व जल क्रीड़ा संबंधी योजनाएं आगे बढ़ते हुए प्राकृतिक संसाधनों से गलबहियां करने की दिशा में अग्रसर हैं। पौंग, तत्तापानी, नादौन व बंगाणा के किनारों पर जल केंद्रित पर्यटन सुविधाओं में इजाफा होने से न केवल नए केंद्र सुदृढ़ होंगे, बल्कि इस तरह की अधोसंरचना का निर्माण सैलानियों को अधिक दिनों तक रोके रखने का सबब बन सकता है। एडीबी के सामने पूरा होता हिमाचल का नक्शा अपने आसपास कनेक्टिविटी संबंधी परियोजनाओं की क्षमता को भी देख रहा है। यानी नेशनल हाई-वे, फोरलेन तथा कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार को देखें, तो पर्यटक की मुलाकात कांगड़ा के साथ-साथ हमीरपुर, चंबा, मंडी व ऊना से होती दिखाई दे रही है। टूरिस्ट विलेज तथा गोल्फ मैदान जैसी परियोजनाओं के अलावा पौंग से नादौन तक प्रवासी पक्षियों के विहार को मिलते बढ़ावे को अंगीकार करें, तो मनोरंजन की गतिविधियां सैलानियों की व्यस्तता बढ़ा सकती हैं। इन तमाम परियोजनाओं के बीच गरली-परागपुर में अगर फिल्म सिटी की परिकल्पना को भी साकार किया जाए, तो यह सोने पे सुहागे जैसा कार्य करेगी। गरली-परागपुर में फिल्म सिटी का औचित्य उन तमाम धरोहर भवनों से जुड़ता है, जो इस क्षेत्र को अद्भुत वास्तुशैली के अप्रतिम सौंदर्य से सुसज्जित ढांचा भी सौंप देता है। इतना ही नहीं, गरली-परागपुर में फिल्म सिटी बसाने से एक तो निजी संपत्तियों के मालिक अपना व्यावसायिक उपयोग बढ़ा पाएंगे और साथ ही हरिपुर गुलेर, सुजानपुर, कांगड़ा-नूरपुर फोर्ट, तमाम आस्था केंद्र, टी गार्डन, पौंग जलाशय व बर्फ से लदी पहाडियां भी फिल्म शूटिंग के दायरे में आकर हिमाचल की पर्यटन खूबियों का प्रचार करेंगी। एडीबी के जरिए पिछले कुछ वर्षों से हिमाचल ने अपने पर्यटन को परिभाषित करने के लिए अधोसंरचना निर्माण को अहमियत दी है, लेकिन कुछ परियोजनाएं आज भी सफेद हाथी बनी हैं या वक्त से पहले ही अपना औचित्य हार गई हैं। पर्यटन परियोजनाओं में नूरपुर के दो परिसर, पौंग बांध के किनारे व दियोटसिद्ध के समीप होटल इकाइयां, कोटला, बैजनाथ व भागसूनाग के कैफे क्यों अपना औचित्य हारे, इसके ऊपर भी विवेचन होना चाहिए। अतीत में ऐसी जगह पर्यटन सूचना केंद्र या बर्ड वाचिंग टावर बना दिए गए, जो आज तक प्रासंगिक नहीं हो सके। इस दौरान निजी प्रयासों से नए केंद्र विकसित हुए और ये केवल इसलिए क्योंकि पर्यटन में रोमांच बढ़ाने के लिए सही स्थल का चयन आवश्यक है। गोविंद सागर या पौंग बांध से जब पानी पीछे हट जाता है, तो अतीत के मंजर में उभरते बिलासपुर के डूबे हुए मंदिर, पौंग के भीतर समाई बाथू की लड़ी बाहर आते हैं, तो इस पर्यटन की प्रस्तुति को अलग तरह की अधोसंरचना से संवारा जाना चाहिए। हिमाचल को पर्यटन की दृष्टि से अलग-अलग सर्किट रेखांकित करते हुए, कुछ नए क्षेत्र व मनोरंजन के पड़ाव जोडने होंगे। प्रदेश में बौद्ध, तिब्बती व ट्राइबल पर्यटन के जरिए हाई एंड टूरिज्म को नई दिशा देने की जरूरत है। बहरहाल सुक्खू सरकार प्रस्तावित परियोजनाओं के जरिए कुछ सफर तय करती हुई दिखाई देती है, लेकिन नए ढांचे के साथ-साथ अब तक निर्मित अधोसंरचना का बेहतर उपयोग व इनमें समय और मांग के अनुरूप बदलाव करने होंगे। एडीबी के माध्यम से सरकारी ढांचा रेखांकित होगा, लेकिन पूरे पर्यटन की मिलकीयत में अस्सी फीसदी भागीदारी करने वाले निजी क्षेत्र को पर्यटन की साझेदारी में आगे बढ़ाना पड़ेगा।

# रेलवे : पूर्वोत्तर भारत के नए विकास का इंजन


जी. किशन रेड्डी
केंद्रीय उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास पर्यटन और संस्कृति मंत्री


डिब्रू-सादिया रेलवे के पहले लोकोमोटिव ने 1882 में ब्रह्मपुत्र के साथ दूर के चाय-बागानों को जोड़ा, ताकि वस्तुएं अंततः कोलकाता तक पहुंच सकें। दशकों बाद, रेलवे डिब्रूगढ़ से कोलकाता तक यात्रा की अवधि को 15 दिनों से घटाकर 24 घंटे तक करने में सफल रहा है। हालांकि, 2014 तक, पूर्वोत्तर में रेलवे की सेवाएं मुख्य रूप से वर्तमान के असम तक ही सीमित रहीं। पिछले 8 वर्षों में, पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र में रेलवे के विस्तार को सुनिश्चित करने के लिए बड़े पैमाने पर कार्य किए गए हैं और जिस धैर्य व दृढ़ता से इस सपने को साकार किया गया है, उसे लोगों के सामने लाये जाने की आवश्यकता है।एक नई सुबहङ्क पूर्वोत्तर में बदलाव भूतल परिवहन की तेजी से प्रगति, किसी भी क्षेत्र के त्वरित विकास के लिए महत्वपूर्ण है और इसके लिए भारतीय रेलवे पूर्वोत्तर में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। दशकों की उपेक्षा और विकास की धीमी गति को देखते हुए, सरकार ने इस क्षेत्र में परिवहन-संपर्क को अभूतपूर्व बढ़ावा दिया है। पिछले 9 वर्षों में, भारतीय रेलवे ने अग्रणी भूमिका निभाते हुए इस क्षेत्र में नई रेल लाइनों, पुलों, सुरंगों आदि के निर्माण पर 50,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए हैं और लगभग 80,000 करोड़ रुपये की नई परियोजनाओं को मंजूरी दी है।पूंजीगत व्यय पर विशेष जोर ने यह सुनिश्चित किया है कि राजधानी रेल-संपर्क परियोजना, जिसका उद्देश्य पूर्वोत्तर राज्यों की सभी राजधानियों को जोड़ना है, अब एक वास्तविकता है। इसके हिस्से के रूप में, भारत, जिरीबाम-इम्फाल रेल लाइन का निर्माण कर रहा है, जिसमें 141 मीटर की ऊंचाई पर दुनिया का सबसे ऊंचा लंबा तटबंध पुल है। इन परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए, भारत सरकार द्वारा पूर्ण समर्थन और संसाधन प्रदान किए गए हैं। 2009 और 2014 के बीच प्रति वर्ष 2,122 करोड़ रुपये के खर्च की तुलना में, औसत वार्षिक बजट आवंटन में 370 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 9,970 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।अवसंरचना विकास के सन्दर्भ में, पूर्वोत्तर की स्थलाकृति हमेशा से एक कठिन चुनौती रही है। हालांकि, मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों से क्षेत्र के सुदूर स्थलों को भी रेल-संपर्क से जोड़ना सुनिश्चित हुआ है। वर्तमान में 121 नई सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है और इनमें 10.28 किलोमीटर लंबी सुरंग संख्या 12 शामिल है, जो देश की दूसरी सबसे लंबी सुरंग होगी।रोजगार के अवसरों का सृजन- युवाओं का सशक्तिकरण स्थानीय व्यवसायों और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने 2022 में असम और गोवा के बीच पहली पार्सल कार्गो एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन किया। रानी गाइदिनल्यू, नागालैंड और मणिपुर की एक महान आध्यात्मिक गुरु हैं। एक उपयुक्त श्रद्धांजलि के रूप में, पहली मालगाड़ी ने मणिपुर के तमेंग्लॉन्ग जिले के रानी गाइदिनल्यू रेलवे स्टेशन में प्रवेश किया था।जो लोग पूर्वोत्तर जाते हैं, वे इस क्षेत्र की शानदार पर्यटन क्षमता से अभिभूत हो जाते हैं। मनोरम दृश्य, वन्यजीव और संस्कृति व त्योहारों के रूप में अमूर्त विरासत, सम्पूर्ण पूर्वोत्तर की विशिष्टता है। पर्यटकों को पूर्वोत्तर भारत की लुभावनी प्राकृतिक सुंदरता का आनंद मिले, इसके लिए पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने कई अत्याधुनिक विस्टाडोम कोच शामिल किए हैं। इससे पर्यटकों की संख्या में वृद्धि की उम्मीद है, परिणामस्वरूप महिलाओं और आदिवासियों जैसे वंचित समुदायों के लिए रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी।इस क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने में रेलवे भी महत्वपूर्ण रहा है। पिछले 3 वित्त वर्षों में, रेलवे ने बीस हजार से अधिक अकुशल श्रमिकों को रोजगार दिया है और कुशल काम के लिए रिक्तियां पैदा की हैं। इस प्रकार, रेलवे ने क्षेत्र के बदलते सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में योगदान दिया है।समय के साथ, स्थानीय समुदायों को अपने घरों के करीब रोजगार के अवसरों के मिलने से देश के अन्य हिस्सों में उनके प्रवास में कमी आयेगी। इससे क्षेत्र की संस्कृति और पहचान को बनाए रखने में मदद मिलेगी तथा भावी पीढ़ियां यहां की विशिष्टताओं से अवगत हो सकेंगी। एक सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त युवा, क्षेत्र और राष्ट्र के लिए हितैषी होंगे। पूर्वोत्तर- भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति का प्रवेश द्वारअर्थव्यवस्था, व्यापार और शक्ति के वैश्विक केंद्र के रूप में एशिया के उदय के कारण, 21वीं सदी को अक्सर एशियाई सदी के रूप में जाना जाता है। भारत इस उदय का इंजन है।2014 में, भारत की ÷लुक ईस्ट पॉलिसी÷, जिसने भारत के पूर्वी पड़ोसियों के साथ बेहतर आर्थिक संबंधों को बनाने पर ध्यान केंद्रित किया था, को अधिक प्रभावी, परिणाम-केन्द्रित और भू-रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण ÷एक्ट ईस्ट÷ नीति में बदल दिया गया। विभिन्न मंचों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उल्लेख किया है कि पूर्वोत्तर क्षेत्र; एक जीवंत 'एक्ट ईस्ट' नीति को लागू करने का प्रवेश द्वार होगा।इस नीति का एक शानदार उदाहरण है, अगरतलाङ्क अखौरा रेल लिंक, जिसे भारत और बांग्लादेश के बीच 1,100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के साथ निर्मित किया जा रहा है। यह न केवल हमारे पूर्वी पड़ोसी के साथ ऐतिहासिक रेल लिंक स्थापित करेगा, बल्कि क्षेत्र में विकास और समृद्धि के एक नए युग की भी शुरुआत करेगा। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय (डोनर) और विदेश मंत्रालय इस परियोजना को वित्त-पोषित कर रहे हैं। इसी तरह, इम्फाल रेलवे लाइन को मोरेह तक बढ़ाया जाएगा और वहां से, यह कलय में म्यांमार रेलवे से जुड़ जाएगी। इस प्रकार, एक ट्रांस-एशियाई रेलवे का उदय होगा। इसके अलावा, राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए क्षेत्र के भू-रणनीतिक महत्व की पहचान करते हुए, सरकार ने एक रेल-सड़क गलियारे का निर्माण करने का फैसला किया है; जो असम और अरुणाचल प्रदेश को आपस में जोड़ देगा। इसमें ब्रह्मपुत्र नदी में भारत की पहली पानी के नीचे की रेल सुरंग का निर्माण शामिल होगा। रेलङ्कसड़क संपर्क के निर्माण से भारत की उत्तर-पूर्वी सीमाओं तक कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी और हम राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों का गति एवं तत्परता से जवाब देने में सक्षम होंगे।इसी तरह, 2017 में, उत्तरी असम को पूर्वी अरुणाचल प्रदेश से जोड़ने वाले और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण धोला- सादिया ब्रिज को यातायात के लिए खोला गया था। यह भारत में पानी पर बनाया गया सबसे लंबा पुल है, जो भारत के युद्ध टैंकों के वजन को सहन करने में सक्षम है और भारत की उत्तर-पूर्वी सीमाओं के लिए सैनिकों के त्वरित परिवहन की सुविधा प्रदान करता है।भारतीय रेलवे ने इस क्षेत्र में अपने नेटवर्क का विस्तार करने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों का उपयोग किया है। असम में ब्रह्मपुत्र नदी पर बोगिबिल पुल, जो एशिया का दूसरा सबसे लंबा रेल-सह-सड़क पुल है, का 2018 में उद्घाटन किया गया था। यह पुल असम और अरुणाचल के बीच यात्रा की अवधि को 80 प्रतिशत तक कम कर देगा और भारतीय रक्षा बलों को लॉजिस्टिक्स सुविधा भी प्रदान करेगा। इस पुल को रिक्टर स्केल पर 7.0 तक परिमाण वाले भूकंपों का सामना करने के लिए डिज़ाइन किया गया है और इसका उपयोग फाइटर जेट के उतरने के लिए भी किया जा सकता है। रेलवे- नए पूर्वोत्तर को गति प्रदान कर रहा है परंपरागत रूप से, गौरवपूर्ण हिमालय और शक्तिशाली ब्रह्मपुत्र ने पूर्वोत्तर के लगभग हर नागरिक के जीवन को प्रभावित किया है। अब रेलवे भी इस सूची में शामिल हो गया है, क्योंकि इसने अपने परिचालन को क्षेत्र के विभिन्न इलाकों तक फैला दिया है। इस क्षेत्र का विकास, भारत के 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य में अपना योगदान देगा।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि यदि भारत को समृद्ध होना है, तो पूर्वोत्तर के विकास को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है और रेलवे निश्चित रूप से इस आर्थिक विकास को प्रोत्साहन देने वाले इंजनों में से एक है। नौ साल बाद, प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को पूर्वोत्तर क्षेत्र में एक वास्तविक स्वरूप प्रदान किया गया है और भारतीय रेलवे बदलाव की इस यात्रा में प्रमुख भूमिका निभा रहा है।

### पलामू के भ्रष्ट विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी पर जेएमएम ने बोला हमला

# भ्रष्टाचार की नींव पर खड़ा है रामचंद्र चंद्रवंशी का साम्राज्य : झामुमो





प्रभात मंत्र संवाददाता


**मेदिनीनगर :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने परिसदन भवन में प्रेस वार्ता आयोजित कर विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी पर जोरदार हमला बोला है। केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा कि भ्रष्टाचार के नींव पर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी का साम्राज्य खड़ा है। उन्होंने विधायक रहते हुए जनता के हितों को दरकिनार कर सिर्फ अपने और अपने परिवार के लिए सम्राज्य खड़ा करने का काम किया है। विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने भ्रष्टाचार को बुनियाद बनाकर विश्रामपुर विधानसभा के विकास की जगह सिर्फ कॉलेज, पेट्रोल पंप, निजी अस्पताल और निजी विश्वविद्यालय खोलने में अपना समय और ऊर्जा लगाई है। उन्होंने जानबूझकर बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में सरकारी शिक्षण संस्थाओं को नहीं खुलने दिया गया ताकि उनका व्यवसाय फल फूल सके। सतबहिनी में विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने फर्जी ट्रस्ट बनाने का काम किया था जिसको हाल में ही झारखंड उच्च न्यायालय ने रद्द करने का किया है। रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय परिसर में निर्मित 100 बेड एवं 50 बेड का अनुसूचित जाति छात्रावास, अनुसूचित जनजाति छात्रावास को अवैध रूप से कब्जे में लेकर निजी प्रयोग में लाया जा रहा है। जब रामचंद्र चंद्रवंशी स्वास्थ्य मंत्री थे तब पहाड़ को समतल कराकर रातों रात 100 बेड का अस्पताल खड़ा कर दिया गया था। कई जगहों पर गरीबों को डराकर उनकी जमीन को हड़प लिया गया। आज भी रामेश्वर केसरी की हत्या में न्याय का आस लिए बैठा उनका भाई विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी से अपनी लड़ाई लड़ रहा है। दो दशक तक क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कभी भी क्षेत्र के विकास के बारे में नहीं सोचा बल्कि अपने निजी विकास में लगे रहे। विधायक कोटा की राशियों का बंदरबांट कर अपना जेब भरने का काम किया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा उनके 10 वर्षों के विधायक मद की जांच कराने तथा भ्रष्टाचार के काले करतूत की फाइल बनाकर मुख्यमंत्री को सौंपने का काम करेगी। प्रेस वार्ता में पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने कहा कि विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी कितना दूध के धुले हुए हैं या झारखंड जानता है। स्वास्थ्य मंत्री रहते हुए उनके निजी सहायक का डॉक्टर से स्थानांतरण के नाम पर पैसा मांगने का ऑडियो वायरल हुआ था। बल्कि चुनाव के दौरान भी विधायक मद की राशि में अपना कमीशन मांगते हुए वीडियो वायरल हुआ था। इन्होंने अपने कार्यकाल में सिर्फ निजी स्वार्थ को पूरा करने का काम किया है।गढ़वा जिलाध्यक्ष तनवीर आलम ने कहा कि वर्ष 2016-17 एवं 17-18 में पूरे पलामू में 10 पीएचसी में 11000 बंध्याकरण का लक्ष्य था जिसमें सभी 11000 बंध्याकरण विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही हुआ तथा 11 करोड़ की निकासी की गई। इस संबंध में भुगतान पंजी उक्त पीएचसी में उपलब्ध नहीं है। इस फर्जीवाड़े की भी जांच कराई जाएगी।मौके पर गढ़वा जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, पलामू जिला सचिव सन्नू सिद्दीकी, केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी, झामुमो नेता दीपक तिवारी, युवा नेता सन्नी शुक्ला, आशुतोष विनायक, देवानंद भारद्वाज, असफर रब्बानी, छोटू त्रिपाठी मौजूद थे।

## नागरिक बोध

# समझौतापरस्ती का महिमागान

नई सदी आई, लोगों की समझ बदल गई। बात का लहज़ा बदल गया। जीने का तौर-तरीका बदल गया। आज वही कामयाब है जो मौका देख कर केंचुल बदल जाए। अभी कुछ चुनाव सम्पन्न हुए। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है अपना देश। मतदान की बड़ी शक्ति बताई जाती है। कहते हैं यहां सत्ता परिवर्तन बुलेट अर्थात बन्दूक की गोली से नहीं, बैलेट यानी वोट से होता है। इसके बाद नतीजा निकलता है जो चुनाव संघर्ष में एक-दूसरे के साथ कीचड़ की होली खेल रहे थे, आरोपों और लांछनों की कथनी अतिकथनी के दांव चल रहे थे, वही चुनाव परिणाम के दिन पांसा पलटता देख एक-दूसरे के गले लगते देर नहीं लगाते। समझौतापरस्ती हवाओं में तैरने लगती है। जनता और उसके लिए क्रांति कर देने की घोषणा गई तेल लेने। गरीब का हित साधने के बात तो ऐसा टकसाली सिक्का है जो हर पैंतरा बदलता बैसाखी के रूप में अपनाता है। फिर सरकार का दायित्व, प्रशासन में असमंजस को खत्म करना और क्रांति के लिए देर आयद दुरुस्त आयद की नई शब्दावली सामने आ जाती है। भक्तजनों के झांझ मंजीरों के स्वर तेज़ हो जाते हैं। नायक पूजा का सुर बदल जाता है। वंश पूजा के रास्ते ही जनपूजा का रास्ता बताया जाता है। हर बार ऐसा होता है। जो क्रांति धर्मी नेता सरकार विरोधी लहर का परचम लहरा रहे थे, वे चुनाव परिणाम देख कर अपने धुर विरोधी को विजेता बनते देख उसका तंवर झूलने लगते हैं। इतिहास के नये पन्ने खुल जाते हैं। बताया जाता है कि बाप-दादा के ज़माने से ही वे लोग एक साथ चलने का इतिहास जी चुके हैं। सवाल अब साहिब नया इतिहास बनाने का है, जो विजेता है, वही त्रेता है। हम तो अपने भले के लिए ही उनके हाथ बिक गये। वायदा करते हैं कि हम रंग बदलने के बाद भी रियाया का ध्यान रखेंगे। जनाब अकबर इलाहाबादी भी फरमा गये हैं, 'हाकम को बहुत फिक्र है रियाया की, लेकिन अपना डिनर खाने के बाद।' लीजिए, गद्दियों पर चेहरे बदल गये। कल जो चुनावी भाषणों में एक-दूसरे की सात पुश्तें उधेड़ रहे थे, आज भय्या-भय्या कह कर एक-दूसरे को गले लगा रहे हैं। नेतागिरी का शब्दकोष समृद्ध है। जनहितैषी पुरानी घोषणाओं के मृत होते ही नई घोषणाएं जन्म ले लेती हैं।'

## देश दुनीया से

# कृषि संबंधी चुनौतियों का समाधान

बाजरा अत्यधिक परिवर्तनशील छोटे बीज वाले घासों का एक समूह है जो दुनिया भर में व्यापक रूप से अनाज की फसलों या मानव भोजन के लिए अनाज और चारे के रूप में उगाई जाती है। कोरियाई प्रायद्वीप में बाजरा की खेती का प्रमाण मध्य ज्यूलमुन मिट्टी के बर्तनों की अवधि जो कि लगभग 3500 से 2000 बीसी से जुड़ा हुआ है। अगर हम भारत की बात करें तो कुछ सबसे पुराने यजुर्वेद ग्रंथों में बाजरा का उल्लेख किया गया है। जिसमें फॉक्सटेल बाजरास, (प्रियंगव), बरनार्ड बाजरा (अनाव) और काली उंगली बाजरा (श्यामका) की पहचान की गई है। इस प्रकार यह संकेत मिलता है कि बाजरा की खपत बहुत आम थी, कांस्य युग 4500 बीसी से भी पहले। आज के समय की बात की जाए तो लगभग 50 साल पहले तक बाजरा भारत में उगाया जाने वाला प्रमुख अनाज था, मगर कुछ आधुनिक शहरी उपभोक्ताओं के द्वारा इसे मोटे अनाज के रूप में देखा जाने लगा और बाजरा एक पिछड़ेपन, गरीबी व गवार होने का प्रतीक बनकर रह गया। जिस भारत का दिल उसके अपने गांव में बसता हो, वहां की रीति-रिवाज, संस्कृति व भाषा के साथ-साथ इन आधुनिक शहरी उपभोक्ताओं ने महत्वपूर्ण पोषक तत्वों वाले मोटे अनाज को भी पीछे छोड़ दिया तथा उसकी जगह पर परिष्कृत आहार (रिफाइंड डाइट) का चलन शुरू कर दिया जो कि महत्वपूर्ण पोषक तत्वों से विहीन है। आधुनिकता की इस दौड़ में हमें यह कतई नहीं भूलना चाहिए कि भोजन जितना संभव हो उतना स्थानीय और पौष्टिक होना चाहिए। एक परिकल्पना यह भी कहती है कि बाजरा की खेती बड़ी खाद्य कंपनियों, रासायनिक निगम, मशीनरी, संकर बीज, उर्वरक, कीटनाशक कंपनियों को कोई बड़ा लाभ नहीं देती। बाजरा की खेती छोटे पैमाने पर कम लागत वाली प्रणालियों में बहुत अच्छी तरह से बढ़ता है और छोटे किसानों की आजीविका के लिए बहुत अच्छा है। शायद इसी कारण से चावल और गेहूं का ज्यादा प्रचार-प्रसार हुआ क्योंकि यह एक अधिक आकर्षक आर्थिक रणनीति थी। खाद्य नीति रणनीतिकारों और सरकारों के बचाव में कोई यह भी कह सकता है कि उस समय के हिसाब से कई लोगों का मानना था कि रासायनिक कृषि से लंबे समय में उपज और खाद्य सुरक्षा में सुधार होगा। मोटे अनाज की विविधता से हम सिर्फ चावल और गेहूं तक सीमित हो गए। विकास के पश्चिमी मॉडल का अनुसरण करते हुए भारत और अन्य विकासशील देशों ने बहुत ही उपयोगी और अर्थपूर्ण चीजों को खो दिया है जिनमें भोजन की आदतों में बदलाव सबसे बड़े परिवर्तनों में से एक रही है। भारतीय अपने स्वदेशी खाद्य पदार्थों को तेजी से भूल रहे हैं और मानकीकरण का पीछा कर रहे हैं। बाजरे का उपयोग भी इसके प्राचीन या यूं कह लो पुराने जमाने का अनाज होने के कारण छोड़ दिया गया। हरित क्रांति से पहले बाजरा कुल खेती वाले अनाज का लगभग 40 फीसदी था। मतलब गेहूं और चावल की खेती से अधिक योगदान। चावल और गेहूं के पक्ष में राज्य की नीतियों के कारण बाजरा उत्पादन और खपत में भारी गिरावट आई तथा चावल का उत्पादन दोगुना हो गया और गेहूं का उत्पादन 3 गुना हो गया। सिंधु घाटी सभ्यता के दौरान इसकी खपत के कई सबूतों के साथ बाजरा भारत में उगाई जाने वाली पहली फसलों में से एक थी। वर्तमान में 130 से अधिक देशों में उगाए जाने वाले बाजरा को पूरे एशिया और अफ्रीका में आधे अरब से अधिक लोगों के लिए पारंपरिक भोजन माना जाता है। भारत में बाजरा मुख्य रूप से एक खरीफ फसल है जिसमें अन्य समान मूल भोजन की तुलना में कम पानी और कृषि आदानों की आवश्यकता होती है। बाजरा अपनी आजीविका उत्पन्न करने, किसानों की आय बढ़ाने और पूरे विश्व में खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने की विशाल क्षमता के कारण अति महत्वपूर्ण है।


आज के समय की बात की जाए तो लगभग 50 साल पहले कत बाजरा भारत में उगाया जाने वाला प्रमुख अनाज था, मगर कुछ आधुकिन शहरी उपभोक्ताओं के द्वारा इसे मोटे अनाज के रूप में देखा जाने लगा और बाजरा एक पिछड़ेपन, गरीबी व गवार होने का प्रतीक बकनर रह गया। जिस भारत का दिल उकसे अपने गांव में बसता हो, वहां की रीति-रिवाज, संस्कृति व भाषा के साथ-साथ इन आधुकिन शहरी उपभोक्ताओं ने महत्वपूर्ण पोकष तत्वों वाले मोटे अनाज को भी पीछे छोड़ दिया तथा उकसी जगह पर परिष्कृत आहार (रिफाइंड डाइट) का चलन शुरू कर दिया जो कि महत्वपूर्ण पोकष तत्वों से विहीन है। आधुकिनता की इस दौड़ में हमें यह कतई नहीं भूलना चाहिए कि भोजन जितना संभव हो उतना स्थानीय और पौष्टिक होना चाहिए।

# होली मिलन समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद सुनील सिंह

➲होली के गीतों पर जमकर थिरके चतरा सांसद, जमकर उड़ा अबीर व गुलाल
➲होली के गीतों ने कार्यक्रम में बंधा समा, लोग हुए मंत्रमुग्ध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** महादेव मठ प्रसिद्ध तीर्थस्थल होली मिलन समारोह कार्यक्रम में चतरा लोकसभा सांसद सुनील सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सांसद के कुन्दा आगमन पर लोगों ने कस्तूरबा विद्यालय भवन के समीप माल्यार्पण कर स्वागत किया। वही लोकप्रिय सांसद ने महादेव मठ गुफा के अंदर शिवलिंग पर जलाभिषेक व पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के लिए मंगल कामना किया, पूजा के उपरांत सांसद होली मिलन समारोह मंच पर पहुंचकर होली की धुन पर बज रहे गानों पर जमकर थिरके, वही इस दौरान सांसद समेत लोगो ने जमकर अबीर-गुलाल उड़ाए। मौके पर हजारो की संख्या में पूरे चतरा लोकसभा से पहुंचे लोगों ने भी होली मिलन समारोह कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। वही इस दौरान सांसद ने कहा की होली भारतीय संस्कृति के अनुसार नव वर्ष के शुभारंभ पर मनाई जाती है, होली रंग, खुशिया व भाईचारा का त्योहार है जिसे हम सभी बहुत धूमधाम से मनाते हैं। वही होली कार्यक्रम के अवसर पर लोगों के लिए पकवान भोजन की व्यवस्था की गई थी। वही पूरे कार्यक्रम के दौरान कुन्दा पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रही। हालांकि रुद्र महायज्ञ के मौके नहीं पहुँचने पर लोगों ने आपत्ति भी दर्ज की। मौके पर जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी, पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, सुजित जयसवाल, राकेश झा, निर्भय ठाकुर, सुभम सिंह, शिवबालक सिंह, डॉ मृत्युंजय, बिनोद सिंह, सुजीत भारती, शिवकुमार चौबे, विवेक केशरी, आशीष पासवान, राजेश यादव, दीपक शर्मा, कुन्दा सांसद प्रतिनिधि जितेन्द्र यादव, भाजपा नेता अम्बिका सिंह भोक्ता, गंदौरी साव, मंडल अध्यक्ष अनिता देवी, लवकुश गुप्ता, बसंत यादव, जितेन्द्र सौंडिक, मनोज यादव, घनश्याम यादव, अनुज गुप्ता, रविन्द्र भारती, अजित भारती, चंचल यादव, नीतीश यादव, बिनोद यादव, चंद्रदेव यादव, सतेंदर यादव, विनय साव, समेत हजारों की संख्या में पूरे चतरा लोकसभा से लोग शामिल हुए।

## होली मिलन समारोह में शामिल हुए ज्ञान शंकर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शहर के करकट स्थित होटल सेलिब्रेशन इन होटल प्रांगण में अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन का मुख्य अतिथि पलामू से आये। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन का प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। एवं अखिल भारतीय महासम्मेलन समिति कि चुनाव की गई। जहां महेंद्र साहू को जिला अध्यक्ष चुना गया। ज्ञान शंकर द्वारा जिला अध्यक्ष को निर्देशित किया गया कि हर प्रखंडों में अखिल भारतीय महासम्मेलन का कार्यालय खोला जाए जहां छोटी छोटी समस्याओं का सामाधान किया जाएगा। उन्होंने ने कहा कि होली वसंत ऋतु में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण पर्व है होली रंगों का तथा हँसी-खुशी का त्योहार है। यह भारत का एक प्रमुख और प्रसिद्ध त्योहार है, जो आज विश्वभर में मनाया जाने लगा है। और उन्होंने सभी को होली का शुभकामनाएं दीया उपस्थित महिला, पुरुष सभी लोगों ने रंग, अविर गुलाल, चन्दन लगाकर खुशीयों से भरपूर आनंद लिया वहीं उपस्थित सभी मीडिया बन्धुओं एवं सम्मानित ब्यक्तियों अंग? वस्त्र देकर सम्मानित किया गया बहुत ही धुमधाम से मनाते हुए होली मिलन समारोह आयोजन संपन्न हुआ। मौके पर प्रदेश के पदाधिकारी समेत निर्दोष गुप्ता,राजू प्रसाद, प्रदीप प्रसाद, मुरारी प्रसाद आदि सैकड़ों महिला, पुरुष उपस्थित थे।

## बालू लदे ट्रैक्टर जब्त

**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अवैध खनन पर नकेल कसने को लेकर जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव के सख्त निर्देश के बाद मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह और बीडीओ सह सीओ राकेश सहाय के सहयोग से छापेमारी कर थाना क्षेत्र अंतर्गत केचकी पंचायत के बखोरीडेरा गांव से सटे ओरंगा नदी से एक महेंद्रा ट्रैक्टर चेचिस नम्बर बीआर 26 जी 6863 से अवैध बालू का परिवहन करते पकड़ा गया। उक्त ट्रैक्टर पलामू जिले का बताया जा रहा है।इस संबंध में थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने बताया कि संबंधित मामले में अग्रेतर कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी को सूचना दे दी गई है। बता दें कि प्रखंड क्षेत्र में दिन के उजाले और रात के अंधेरे में लगातार बालू खनिज का अवैध खनन किया जा रहा है। जहां जिले के उपायुक्त के सख्त निर्देश और तत्काल कार्रवाई से बालू माफियाओं का सतर्क हो जाने की संभावना है।

## नाली का पानी विद्यालय परिसर में, छात्र परेशान



**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय गड़बूड़नी में पेयजल व्यवस्था हेतु लगे जल मीनार के पास नाली का पानी विद्यालय परिसर में बहने लगा है। जहां से पानी बाहर निकलने का कोई भी रास्ता नहीं है ना ही किसी तरह का सोख्ता गड्ढा वहां बनाया गया है। जिससे विद्यालय का शौचालय पूरी तरह जाम होने से छात्रों को काफी परेशानी हो रही है। इसकी सूचना शिक्षकों के द्वारा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को दे दिया गया है जिसके बावजूद इसे दुरुस्त करने में प्रशासन का कोई भी ध्यान नहीं है। इसे देखते हुए विद्यालय छात्रों के द्वारा जल्द ही सोख्ता गड्ढा अथवा नाली के पानी के निकासी हेतु निर्माण कार्य कराने की मांग प्रशासन से किया।

## जल नल लगाने को लेकर जगह का मुखिया ने किया चयनित



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बारीसाखी पंचायत के मुखिया सुमेरा देवी ने जल नल योजना को पंचायत में लागू करने के लिए शुक्रवार 3 मार्च को जगह का चयनित किया है। जगह पंचायत भवन के समीप चयनित किया गया। एवं पंचायत वासियों को जल्द से जल्द घर घर जल नल पहुंचाने की बात कही है। जगह चयनित करने में इनके साथ पंचायत सेवक मिथिलेश सिंह समाजसेवी दिनेश भारती प्रसादी पासवान वार्ड सदस्य रजनी देवी अनिता देवी व अन्य लोग शामिल हैं।

## डीसी अबु इमरान की अध्यक्षता में कृषि व वनोपज पर आधारित जीविकापार्जन विषयक पर एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीना, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, कृषि पदाधिकारी अशोक सम्राट, आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी, सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी, जेएसएलपीएस से अनिल डुंगडुंग, जिले के सभी पैक्स के अध्यक्ष और सदस्य समेत अन्य सभी सबंधित लोगों के संग समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में कृषि एवं वनोपज आधारित जीविकापार्जन विषयक पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विधिवत उदघाटन डीसी अबू इमरान द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर डीसी श्री इमरान ने कहा कि राज्य में कृषि उपज के अलावा अन्य वनोत्पादों की बहुत सारी विविधता होती है। जिसमें इमली, महुआ, साल बीज, पत्ते, लाह, करंज, चिरौंजी और बहुत से अन्य प्रकार के वनोत्पाद शामिल होते हैं। ये उत्पाद ग्रामीण समुदायों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि ये उनके लिए मुख्य आय के स्रोत के रूप में काम करते हैं। ग्रामीण समुदायों को इन उत्पादों के लिए उचित मूल्य नहीं मिल पाता है। जिसके कारण उन्हें अपने जीवनस्तर में सुधार लाने का मौका नहीं मिल पाता है। बिचौलियों द्वारा उनका विभिन्न स्तर पर शोषण किया जाता है। सहकारिता का उद्देश्य ग्रामीण समुदायों को अपने उत्पादों के लिए उचित मूल्य दिलाने और उनके जीवनस्तर में सुधार के लिए प्रयास करना है। इसके अलावा, ग्रामीण समुदायों को उनके वनोत्पादों की मार्केटिंग, उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने के बात भी कही। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए जिला सहका रिता पदाधिकारी नीलम कुमारी कही कि कृषि एवं वनोपज जैसे धान, गेहूं, सब्जी-फल, लाह, ईमली, कोदो, कुटकी, सरगुजा, चिरौंजी, साल, आंवला, महुआ, करंज, हर्रे, बहेरा, रेशम आदि का उत्पादन, संकलन, प्रसंस्करण, अनुसंधान तथा विकास की विभिन्न गतिविधियों को सहकारी आधार पर संगठित करना, क्रय-विक्रय एवं वितरण की ऐसी व्यवस्था करना जिससे की सदस्यों को सर्वोत्तम लाभ मिले।

## गायब रहती है प्रधानाध्यापिका, बच्चों के भविष्य पर पड़ रहा है असर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखण्ड के डाढा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बचरा, के प्रधानाध्यापिका का चलता हैं मनमानी,। प्रत्येक दिन हाजरी बनाकर हजारिबाग चली जाती है। बारियातू उप प्रमुख निशा शाहदेव, के विद्यालय पहुंचने पर अनेकों शिकायतें मिली। विद्यालय में अध्ययनरत नेहा निधि, अनुराधा कुमारी, पुष्पा कुमारी, अंशु, करूना करण सहित अनेकों छात्र छात्राओं ने बताया कि, प्रधानाध्यापिका बबिता देवी प्रतिदिन हाजरी बनाकर दिप ज्योति बस से हजारीबाग चलीं जाती है।वे कार्यालय के काम पुरा कर , मोबाइल पर बातें करते हुए समय बिताया करती है। कभी भी विद्यालय के कक्षा में जाकर नहीं पढ़ाती है। इस से विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। विद्यालय में मध्याह्न भोजन भी कभी कभी बनता है। उक्त शिकायतों के आलोक में उप प्रमुख निशा शाहदेव ने विद्यालय का निरीक्षण किया तो पाया कि विद्यालय का बेंच टेबल, एवं रसोई का कमरा जर्जर एवं अस्त व्यस्त है, रसोई में खाने का सामान, फल तथा सब्जियां खुले में पड़ा हुआ है। बच्चों को सड़े गले फल दिया जाता है जिससे बिमारियों का खतरा बढ़ जाता है। विद्यालय का शौचालय भी बन्द रहता है। बच्चों ने बताया कि सहायक अध्यापक भीम सर आतें हैं। कक्षा एक से आठवीं तक एक शिक्षक को पढ़ाना संभव नहीं है। निशा शाहदेव ने कहा कि लापरवाही करने वाले प्रधानाध्यापिका पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी इसके लिए आगामी बैठक में बात रखी जाएगी। इस संबंध में बात किए जाने पर प्रधानाध्यापिका बबिता देवी के ने बताया कि घर पर मुंडन संस्कार की बात कही साथ ही यह भी कहा कि रसोईया के घर में भी मुंडन था इसलिए विद्यालय में मध्याह्न भोजन नहीं बना। इस संबंध में प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी राम प्रसाद यादव को मामले की जानकारी के लिए फोन लगाया गया लेकिन वे फोन रिसीव नहीं किए।

## कई एकड़ों में फैले अफीम की खेती को किया नष्ट



**महुआडांड़, लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत नेतरहाट थाना क्षेत्र के ग्राम नैना माधो टोला मैं कई एकड़ में फैले हुए अफीम की खेती को महुआडांड़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेश कुजूर और नेतरहाट थाना प्रभारी बन्धन भगत के नेतृत्व में नष्ट किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर महुआडांड़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेश कुजूर और थाना प्रभारी नेतरहाट बन्धन भगत के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन कर नेतरहाट थाना अंतर्गत ग्राम नैना के माधोटोला पहुंचकर अफीम की खेती को ट्रैक्टर के द्वारा नष्ट किया जिसमें मुख्य रुप से प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल पदाधिकारी अमरेन डांग, प्रखंड कृषि पदाधिकारी संकेत सत्यम एवं सुरक्षा बल के जवान उपस्थित थे।

## कवि सम्मेलन सह सेमिनार को लेकर बनी रणनीति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चंदवा विश्रामागार में कवि सम्मेलन सह सेमिनार कार्यक्रम की आयोजन को लेकर शुक्रवार को बैठक किया गया। लातेहार के ईचाक की हयात अकेडमी के वर्षगांठ पर केएच सोसाईटी के तत्वाधान में 5 मार्च को आयोजित कवी सम्मेलन सह सेमिनार आयोजित की जाएगी। सोसाईटी के अध्यक्ष समशुल होदा ने बताया कि देश के कई हिस्सों से लेखक साहित्यकार व कवि इसमें शिरकत करेंगे।कार्यक्रम में लेखक वर्तमान समय में उठ रही सामाजिक, शैक्षणिक एवं संस्कृतिक विषयों पर कविताएं प्रस्तुत करेंगे साथ ही एक से बढ़कर एक कविताएं, नजम, गजल पेश किए जाएंगे। पलामू प्रमण्डल में यह कवी सम्मेलन सह सेमिनार यह पहला कार्यक्रम होगा। इसमें सभी बुद्धिजीवी से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की गई। बैठक में सोसायटी के अध्यक्ष समशुल होदा, हाफिज बरकतुल्लाह रिजवी, हाफिज मेराजुल हक, पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान, नौसाद अंसारी, बाबर खान, मो0 खुर्शीद अंसारी, मो0 युनूस अंसारी व अन्य शामिल थे।

## होली पर्व तथा शबे ए बरात को लेकर नए थाना प्रभारी हुऐ लोगों से रुबरु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** होली पर्व शांतिपूर्ण मनाये जाने, लोगों से परिचय प्राप्त करने को लेकर शुक्रवार को थाना परिसर में 14 वें नए थाना प्रभारी के रूप में तथा अपने कार्य शैली में अच्छे बने रहने वाले बमबम कुमार बीडीओ सह सीओ अमित कुमार ने सयुक्त रूप से संचालन किया। उपस्थित लोगों ने बारी बारी से गांव स्तर पर मनाये जाने वाला होली पर्व की स्थिति से अवगत कराया। बीडीओ तथा थाना प्रभारी ने संयुक्त रूप से लोगों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व में शांति भंग करने व हुड़दंगियों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। डीजे साउंड मालिकों को आगाह करते हुए कहा कि पर्व के दौरान, अश्लील, अभद्र व फुहार गाना बजाने पर पुलिसिया करवाई की जाएगी। होली में शराब पर प्रतिबंध के अलावे जबरन किसी को रंग व अबीर न लगाये। सभी लोग पर्व को आपसी भाई चारा के साथ मनाये। क्षेत्र में किसी भी तरह शांति भंग होने व झगड़ा होने की स्थिति पर तुरंत सूचना पुलिस को दें।

## टंडवा थाना परिसर में होली व शबेबरात त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक हुई सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** होली त्यौहार व शबेबरात पर्व शांति पूर्ण मनाने को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रंथू महतो ने किया, वहीं संचालन थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह ने किया। जबकि बैठक में मुख्य रूप से अंचलाधिकारी विजय दास, मौजूद थे। बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य तथा सभी राजनितिक दल के कार्यकर्ता ने सर्व समिति से निर्णय लिया कि सात तारीख के शाम को शबेबरात त्यौहार है और आठ तारीख के सुबह होली त्यौहार है। दोनों त्यौहार को शांति व हंसी खुशी ,पूर्व के तरह हम लोग मानवता पूर्ण मनाएंगे। वहीं सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि होली पर्व के दिन अश्लील व भड़काऊ गाने तथा शराब पर प्रतिबंध रहेगा। यदि किसी तरह का त्यौहार में कोई हुड़दंग करता है तो ग्रामीणों के शिकायत पर उस पर कानूनी कार्रवाई किया जाएगा। हलांकि थाना प्रभारी ने कहा कि हमारी पुलिस बल सभी जगह तैनात रहेगी एवम् वैसे लोगों पर नजर रखेगी। इधर बीडीओ रंथू महतो, सीओ विजय दास, ने संयुक्त रूप से कहा कि त्यौहार हंसी खुंशी मनाने का पर्व है लोग अपने अपने घरों गाँवों में प्रेम तथा स्नेह पूर्ण दोनों पर्व मनावें। बैठक के अंत में मौजूद अधिकारियों एवं राजनितिक दल तथा शांति समिति के सदस्यों के साथ एक दुशरे को अबीर लगा होली का आगाज किया।

## शिव प्राण प्रतिष्ठा सह तीन दिवसीय यज्ञ राहम में सांसद प्रतिनिधि व मुखिया जिलाध्यक्ष हुए शामिल



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम राहम में आयोजित शिव प्राण प्रतिष्ठा सह तीन दिवसीय यज्ञ में टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय एवम् धनगडा मुखिया सह मुखिया संघ जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह शामिल हुए और यज्ञ के प्रसाद को ग्रहण किए। एवम् शिव शंकर भोले नाथ से क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि की कामना किया। आयोजक प्रमुख विधायक जिला प्रतिनिधि अक्षयवट पांडेय ने बताया कि यह शिव मंदिर राहम का सबसे पुराना मन्दिर है, जिसका शिवलिंग खंडित हो गया था, जिसके कारण यह बनारस से लाए गए शिवलिंग को बनारस से ही आए यज्ञाचार्य से विधिवत् पूजा पाठ के साथ अयोजित यज्ञ में प्राण प्रतिष्ठा किया जा रहा है। मौके पर भाजपा नेता भागवत प्रसाद गुप्ता, युवा मोर्चा मंडल मंत्री अभिषेक राज, ब्रज किशोर पांडेय व अन्य उपस्थित थे।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस बारीयातू आजीविका महिला संकुल संगठन में मनाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत बारियातू पंचायत में स्थित आजीविका महिला संकुल संगठन में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस 3 मार्च शुक्रवार को मनाया गया। जिसमें मुख्य अथिति मुखिया डेगन गंझु और बीपीएम अभिषेक कुमार उपस्तिथ हुए।इस कार्यक्रम में लेखपाल और सचिव द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने में उपस्थित सभी दीदियों को बताई दिया। महिलाओ को सम्मान और प्यार देने को लेकर समाज के लोगों को जागरूक करने को लेकर कई कार्यक्रम किया गया। एवं चर्चा किया गया 8 मार्च को पूरी दुनिया में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है इसकी शुरुवात आज से करीब एक सदी पूर्व समाजवादी आन्दोलन से हुई थी। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की शुरुवात 114 वर्ष पूर्व 1908 ईज़ में हुई थी। जब अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर मे करीब 15 हज़ार महिलाए सड़कों पर उतरी थी। महिलाए काम के कम घंटो, बेहतर तनखा और वोटिंग के आधिकार की मांग के लिए प्रदर्शन कर रही थी।और इसी प्रदर्शन के पश्चात महिला दिवस मनाया जाने लगा। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस को प्रस्तुत करने वाली एक महिला ही थी।जिनका नाम कालरा जेटकिन थी। इस पर संकुल संगठन की लेखपाल ने संछिप्त मे अपनी बातो को बेहतरीन ढंग से प्रस्तुत कीया और बीपीएम के द्वारा महिलाओं के हक एवं अधिकार के बारे मे बताते हुए छुवा छुत की भावना को दूर करना एवं आत्मनिर्भर बन कर पुरुषों के साथ कन्धा से कन्धा मिलकर आगे बढ़ सकती है। दीदियो को साफ़ सफाई रहने की प्रेरणा दी साथ ही महिला किसी क्षेत्र मे कम नहीं है। मुखिया के दुवारा महिला सशक्तिकरण के प्रति प्रकाश डालते हुवे कहा कि महिलाऐं आज के समय में राजनैतिक समाजिक एवं आर्थिक रूप से पुरी सहभागिता परिवार समाज एवं ग्रामीण विकास कार्यो में निभा रही है। जिससे महिलाएं स्वंय आत्मनिर्भर बन रही है। जिससे महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ रहा है।जो कि आजीविका मिशन के तहत् आयोजित गतिविधियों के द्वारा प्राप्त हो रहा है। इस द्वौरान सभी उपस्थित अतिथियों ने महिलाओं की सशक्तिकरण के उपर अपने विचार रखे। फिर समूहों की दीदियो के द्वारा महिलाओं के समछ एक नाटक प्रस्तुत किया गया जिसके माध्यम से सभी लोगो को सन्देश देते हुए बाल विवाह, बाल मजदूरी, दहेज़ प्रथा, डायन प्रथा, भूर्ण हत्या और बेटा बेटियों मे भेद भाव न करने का शपथ लिया और साथ ही साथ संकुल संगठन की सचिव के द्वारा संकुल संगठन का प्रगति रिपोर्ट एवं आगामी कार्य योजना पढ़कर सुनाया गया और संकुल संगठन की लेखापाल के द्वारा ऑडिट रिपोर्ट भी पढ़कर सुनाई एवं अच्छा समूह, ग्राम संगठन एवं कैडर को पुरिस्कृत किया गया और संकुल संगठन की कोषाध्यक्ष के द्वारा सभा धन्यवाद कर कार्यक्रम को समाप्ति किया गया। कार्यक्रम के बैंक सखी, AW एवं समूह की दीदी उपस्तिथ हुए।

# जागरूकता ही रख सकती है परिवार की खुशियां, लापरवाही से न दें यमराज को आमंत्रण : एसडीपीओ

➲इंदुमती टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चों को डीएसपी ने पढ़ाया परिवहन नियमों के जागरूकता का पाठ
➲डीएसपी की रोड सेफ्टी पाठशाला का दिख रहा असर, बच्चे भी परिवार व समाज को करने लगे जागरूक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** शहर के दिभा मोहल्ला में संचालित इंदुमती टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर में छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। जहां रोड सेफ्टी को ले डीएसपी की पाठशाला सजी। इस पाठशाला के माध्यम से सदर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी अविनाश कुमार व थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक मनोहर करमाली ने बच्चों को सड़क पर आवागमन के दौरान होने वाले परेशानियों की जानकारी ली। एसडीपीओ ने सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी देते हुए यातायात नियमों का पालन करने को ले अपने परिवार के साथ-साथ समाज को भी जागरूक करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कभी भी बिना हेलमेट के बाइक व स्कूटी नही चलाएं। एसडीपीओ ने छात्र-छात्राओं को हाल फिलहाल में शहर में घटित दुर्घटनाओं का उदाहरण देते हुए हेलमेट पहनकर वाहन चलाने के लिए जागरूक किया। इतना ही नहीं यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के कई टिप्स भी दिए। कहा कि ओवर स्पीड में वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करना सड़क दुर्घटना का कारण बन जाते है, जिसके बारे में चालकों को सजग रहना चाहिए। सभी को यातायात नियमों का पूरी तरह पालन करनी चाहिए। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज सड़कों पर खुलेआम यमराज घूम रहे हैं। ऐसे में जागरूकता ही न सिर्फ जानमाल की सुरक्षा कर सकता है बल्कि आपके और आपके घर में खुशियां भी बरकरार रखेगा। अगर आप जागरूकता का परिचय देते हुए परिवहन नियमों का अनुपालन करते हुए संयमित वाहन नहीं चलाते हैं तो ना सिर्फ आपकी जान जाएगी बल्कि आपके घर की खुशियां भी चली जाएंगी। डीएसपी के इस जागरूकता पाठशाला का बच्चों पर भी खासा असर दिखा। बच्चों ने भी परिवहन नियमों का अनुपालन करने के साथ-साथ समाज व अपने परिवार के सदस्यों को भी इसके प्रति जागरूक करने का प्रण लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### जन कल्याण समिति करियातपुर के होली मिलन समारोह का आयोजन 7 मार्च को

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के करियातपुर में होली मिलन समारोह के तैयारियों को लेकर जन कल्याण समिति के द्वारा दिन शुक्रवार को जन कल्याण समिति कार्यालय में एक बैठक रखी गई। बैठक में समूह ने निर्णय लिया कि आगामी 7 मार्च को करियातपुर के लक्ष्मी मंदिर के निकट प्रातः 11~00 बजे से होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। साथ ही साथ समिति के सदस्यों ने रंगों के इस त्यौहार को सभी लोगों से आपस में मिल मिलाकर रहना भाईचारा एवं शांति ढंग से होली मनाने को लेकर के अपील किया गया। साथ ही साथ लोगों से इस होली मिलन समारोह में शामिल होने की अपील किया गया। मौके पर समिति के संस्थापक संतोष कुमार प्रजापति, अध्यक्ष कमलेश कुमार कुशवाहा, कोषाअध्यक्ष प्रकाश कुमार प्रजापति, सचिव धर्मेंद्र कुमार प्रजापति, चंदन कुमार केसरी, विनोद कुमार केसरी, प्रवीण कुमार प्रजापति,दीपक कुमार प्रजापति, शिवकुमार शर्मा,प्रदीप केसरी, उदय केसरी, एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### बेडोकला ओबीसी मोर्चा के मीडिया प्रभारी ने जताया हर्ष

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के प्रचंड जीत पर बेडोकला ओबीसी मोर्चा के मिडिया प्रभारी विकाश यादव ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड के वर्तमान महागबंधन कि सरकार के अंत की शुरुआत हो चुकी है। विकाश यादव ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव तो झांकी है, 2024 अभी बाकी है। इस प्रचंड विजय राज्य की भ्रष्ट और निकम्मी सरकार की विदाई की शुरुआत है। उन्होंने कहा की युवा,महिला,किसान,मजदूर, आदिवासी,पिछड़े,वंचितों समेत सभी झारखंडवासियों को धोखा देनेवालों को यह जनता का करारा जवाब है। विकाश यादव ने एनडीए प्रत्याशी की इस प्रचंड जीत के लिए रामगढ़ विधानसभा की जनता का कोटि-कोटि आभार और धन्यवाद जताया और रामगढ़ में एनडीए की जीत पर सभी देवतुल्य मतदाताओं, जुझारू कार्यकर्ताओं का हार्दिक अभिवादन भी किया। उल्लेखनीय है कि विकाश यादव ने रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर लगातार चुनावी कैंपेन किया था और गढ़ विधानसभा की जनता का भरपूर समर्थन उन्हें प्राप्त हुआ था ।

### किसानों की आर्थिक स्थिति समृद्ध करने वाला बजट : अमित साहू

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने झारखंड सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राज्य के किसानों के आर्थिक स्थिति को समृद्ध करने वाला बजट है। श्री साहू ने कहा कि राज्य के किसानों का कृषि ऋण माफ करने पर और फसल सुरक्षा बीमा योजना समेत किसानों के हितों में और भी कई योजना जो इस बजट में लाई गई है वह आने वाले समय में राज्य के किसानों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। और राज्य सरकार के द्वारा किसानों को मोटे अनाजों के उत्पादन हेतु लगातार सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य सरकार के द्वारा दुग्ध उत्पादन की दिशा में बढ़ावा देने हेतु गिरिडीह और जमशेदपुर में डेयरी प्लांट लगाने की योजना भी बहुत ही सराहनीय है। श्री साहू ने कहा कि कुल मिलाकर यह आम बजट झारखंड के किसानों के लिए बहुत ही शुभ संकेत है।

# हेसला बॉयोजेनेटिक फैक्ट्री के एक्सपायर दवाओं के स्टॉक में लगी भीषण आग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** हेसला जामुनटाड़ बॉयोजेनेटिक फैक्ट्री के परिसर में रखें अस्पतालों से लाए गए एक्सपायर दवा, पट्टी, केमिकल लिकविट स्टॉक में शुक्रवार करीब 12~30 बजे भीषण आग लग गई। जो फैक्ट्री के अंदर तेजी से फैलने लगा। इससे यहां कार्यरत आधा दर्जन मजदूरों में अफरा-तफरी का माहौल व्याप्त हो गया। अगलगी के कारण काले गुब्बारा धधकते आग के साथ आसमान में उड़ता देखा गया। फैक्ट्री परिसर में बेकार दवाए और केमिकल के बोतलें तेज आवाज के साथ फटने लगे। इससे यहां के कर्मचारियों, ग्रामीणों और नईसराय- अरगड्डा मार्ग में चलने वाले राहगीरों, वाहन चालकों के बीच डर व्याप्त हो गया। सूचना के बाद रामगढ़ से दमकल की गाड़ी 3 घंटों के बाद पहुंची। तब तक फैक्ट्री परिसर में पड़े प्लास्टिको में बंद एस्पायर दवाई तेज आग, धुओ के साथ भयवह स्थिति उत्पन्न कर रहे थे। आग फैक्ट्री परिसर से बढ़ते हुए फैक्ट्री के मुख्य प्लांट के अंदर तक पहुंचने वाला था। बायोजेनेटिक के कर्मचारियों ने बताया कि फैक्ट्री के बगल झाड़ियों में किसी असामाजिक तत्वों ने आग लगा दिया था। जो तेज हवा के कारण फैक्ट्री कैंपस में रखें प्लास्टिक में बंद बेकार दवाइयों तक पहुंच गया।

## पतरातू में खुलेगा राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** रामगढ़ जिला के पतरातू प्रखंड में नया राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान खुलेगा, जिसकी स्वीकृति आगामी वित्तीय वर्ष के बजट में प्रदान कर दी गई है।उक्त आशय की जानकारी स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने प्रेस रिलीज जारी दी। ज्ञातव्य हो कि विगत विधानसभा सत्र में विधायक अंबा प्रसाद ने विधानसभा क्षेत्र के पतरातू, बड़कागांव एवं केरेडारी में आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक संस्थान खुलवाने की मांग की थी।जिसके बाद विभाग ने इस मामले पर कार्रवाई शुरू की और विधायक ने लगातार विभागीय मंत्री एवं विभागीय अधिकारियों से समन्वय बिठाकर अंततः पतरातू में नए पॉलिटेक्निक कॉलेज के निर्माण का मार्ग प्रशस्त कराया। तकनीकी शिक्षा में नामांकन अनुपात में वृद्धि हेतु नए राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज खोले जाने का प्रस्ताव बजट में किया गया। इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने आगे कहा कि पतरातू के युवाओं को नई सौगात मिली है।और पॉलिटेक्निक कॉलेज खुलने से स्थानीय छात्र छात्राओं को लाभ मिलेगा।

## मांडू चट्टी पंचायत में राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** मांडू चट्टी पंचायत में राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर यूनिसेफ सपोर्टेड डेवनेड टीम के वरुण सिन्हा एस एस हाई स्कूल में प्रोग्राम कराया गया । जिसमें मुख्य अतिथि मांडू चट्टी पंचायत के मुखिया अनीता देवी बच्चों के बीच प्राइज का वितरण किया गया । फर्स्ट सेकंड नाजमीन निशा प्रथम स्टोन बॉक्स द्वितीय पुरस्कार डिक्शनरी पुरस्कार तृतीय रानी कुमारी गोपी पेन देकर बच्चों को सम्मानित किया गया । इस कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक महेश यादव सुबोध पासवान रेखा कुमारी परगया पाठक कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## होली एवं शब-ए-बरात को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** थाना परिसर बड़कागांव में होली एवं शब ए बरात त्योहार को लेकर शुक्रवार को शांति व्यवस्था को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक अध्यक्षता अंचलाधिकारी अमित किस्कू ने एवं संचालन थाना प्रभारी विनोद कुमार तिर्की ने किया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने शांतिपूर्वक होली त्यौहार मनाने का सुझाव दिया। उपस्थित लोगों ने कहा , शराब पीकर हुड़दंग न मचाए। मिलजुल कर शांति पूर्वक त्यौहार को मनाएं। होली के दिन शराब की दुकान को बंद रखने तथा अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की गई। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा रंगों का त्योहार होली भाईचारे का त्योहार है लोग शराब से दूर रहें और और आपस में मिलजुल कर त्यौहार को मनाएं, बुराई पर अच्छाई की विजय का त्यौहार है । अंचलाधिकारी अमित किस्कू एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे ने कहा होली रंगों और भाईचारे का त्यौहार है। हमें मिल जुलकर शांतिपूर्वक त्यौहार मनाना है कहीं से किसी भी प्रकार का कोई शिकायत का मौका नहीं दे। थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने कहा कि सोशल मीडिया में जो भी लोग शरारती तत्व के लोग भड़काऊ मैसेज भेजेंगे पकड़े जाने पर उन पर निश्चित तौर पर कार्रवाई होगी उसे बख्शा नहीं जाएगा।

## जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** विश्व यक्ष्मा दिवस के उपलक्ष्य में 24 फरवरी 2023 से 24 मार्च 2023 तक राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसका थीम ÷ ङ्घद्गह्य ङ्खद्ग ष्टड्डठ्ठ श्चठ्ठस्र ञ्चक्च÷ निर्धारित है। कार्यक्रम की सफलता को लेकर पिरामल स्वास्थ्य द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सामुदायिक बैठक कर लोगों को जागरुक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में पतरातू प्रखंड के घुटवा और कुरसे क्षेत्र में सामुदायिक बैठक कर लोगों को टीबी मुक्त भारत अभियान के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही सभी को टीबी के इलाज, रोग होने पर निशुल्क दवा वितरण एवं इलाज के दौरान हर माह रू 500 दिए जाने की जानकारी दी गई।

## आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ के लोग मनाए होली का त्योहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** पदमा के विश्वकर्मा राणा समाज के द्वारा सरैया में शुक्रवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बरही विधानसभा के झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व प्रत्याशी विनोद विश्वकर्मा शामिल हुए। उन्होंने सबसे पहले विश्वकर्मा जी के मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। एवं दीप प्रज्वलित करके होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। वही विनोद विश्वकर्मा ने कहा कि, होली के रंगों से आपसी नफरतों को मिटा दिया जाता है। और लोग आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ होली का पर्व मनाए। मौके पर किशोर कुमार राणा, महेश राणा, अनिल राणा, रघु राणा, अशोक राणा, राजू राणा, सीताराम राणा, प्रमोद राणा, मारु राणा, महेंद्र राणा, महादेव राणा, बंशी राणा, प्रभु राणा, समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा का दिया गया संदेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** हज़ारीबाग डीटीओ विजय कुमार के द्वारा जिले के सभी प्रखण्डो मे सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है । इसी जागरूकता अभियान के तहत आज विष्णुगढ के विभिन्न पंचायतो,बनासो चौक,भलुआ तथा चेडरा पंचायत में नुक्कड़ नाटक एवं गीतों के द्वारा सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमो को ग्रामीणों तक बखूबी पहुँचाया गया । जिसे लोगो ने काफी सराहा ,नुक्कड़ नाटक की टीम ने हेलमेट का उपयोग, 18 वर्ष के बच्चो को वाहन न देने की अपील की,मधपान कर वाहन ना चलाये इसकी विनम्र अपील की । यातायात नियम के पालन से आप भी सुरक्षित और आपका परिवार भी सुरक्षित के संदेश के साथ नुक्कड़ नाटक की टीम ने नाटक की समाप्ति की । नुक्कड़ नाटक की टीम में मुख्य रूप से सुधीर कुमार दास,मुकेश कुमार, सतीश कुमार रविदास, दिवाकर कुमार, सुनील कुमार,पूर्णिमा कुमारी, मदन कुमार की टीम ने मिलकर विष्णुगढ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी से मिलकर सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा जागरूकता कार्यक्रम पर किये गए नुक्कड़ नाटक की जानकारी दी ।

# फ्लोरोसिस बीमारी की रोकथाम के लिए लगातार चलाया जा रहा है अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के तत्वधान में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मंत्रालय के द्वारा राष्ट्रीय फ्लोरोसिस रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम के तहत लगातार रामगढ़ जिले में अभियान चलाया जा रहा है । फ्लोरोसिस नामक बीमारी से ससमय बचाव एवं नियंत्रण हेतु जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से बीमारी का रोकथाम किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने बताया कि फ्लोरोसिस एक लाइलाज बीमारी है। शरीर में फ्लोराइड अथवा हाइड्रोफ्लोरिक अम्ल के अधिक प्रवेश होने से फ्लोरोसिस रोग होता है। फ्लोराइड मिट्टी अथवा पानी में पाया जाने वाला तत्व है जो आमतौर पर पीने के पानी अथवा भोजन के जरिए शरीर में प्रवेश करता है जिसके कारण दांत, हड्डी और अन्य शारीरिक अंग प्रभावित हो सकते हैं, बीमारी के बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा पूरे रामगढ़ जिले में फ्लोरोसिस जांच की जा रही है जिसमें लगभग 19950 स्कूलों के बच्चों, लगभग 11,000 आम जनों, 5095 गर्भवती महिलाओं की एनएसी चेकअप के दौरान एवं डेंटल के ओपीडी में 5500 व्यक्तियों की जांच की गई है जांच के उपरांत लगभग 10,000 व्यक्तियों को संदिग्ध पाया गया है। बीमारी की जांच के लिए सदर अस्पताल, रामगढ़ में प्रयोगशाला स्थापित है एवं सामान्य जन अपने पीने की पानी की जांच व पेशाब का सैंपल की जांच निशुल्क करवा सकते हैं यह जांच एनआईए हैदराबाद से प्रशिक्षित टेक्नीशियन के द्वारा जांच की जा रही हैद्य जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सा नोडल पदाधिकारी डॉ सविता वर्मा ने बताया कि इस बीमारी के रोकथाम हेतु जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं जिसके माध्यम से बीमारी की पहचान जल्द की जा सके एवं बीमारी को बढ़ने से रोका जाए। सहिया एवं एएनएम की मदद से गांव-गांव से सैंपल लिया जा रहा है एवं संदिग्ध पाए जाने पर स्वास्थ्य विभाग की निगरानी में बीमारी को रोकने का कार्य किया जा रहा है द्य जिला कंसलटेंट एनपीसीसीफ डॉ पल्लवी ने बताया कि इस बीमारी को समय रहते पहचानना बहुत जरूरी है फ्लोरीन पदार्थ पीने के पानी एवं बाजार में मिलने वाली कई व्यंजनों में अधिक मात्रा में पाया जाता है जो कि शुरुआती समय में दांत और धीरे-धीरे कंकाल को नष्ट करना शुरू करता है लोगों से अपील खाने-पीने की सामग्रियों को अच्छे से जांच परख कर अपने आहार में हरी सब्जियां फल शामिल करने से एवं हर रोज दूध के किसी भी प्रकार जैसे दही पनीर लस्सी आदि का सेवन से इस बीमारी को काफी हद तक रोका जा सकता है ।

### सेवाकाल के प्रासंगिक और ज्वलंत मुद्दों के साथ 2008 के शिक्षकों की बैठक

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ महाविद्यालय में अपने योगदान के 15 वर्ष पूरा होने के अवसर पर 2008 के बैच के शिक्षकों की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में झारखंड में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों खासकर 2008 के शिक्षकों के प्रमोशन के विलंबित मुद्दों के साथ ही अन्य जरूरी मुद्दों पर गंभीर विचार-विमर्श हुआ। उपस्थित शिक्षकों ने देश के अन्य विश्वविद्यालयों की तुलना में झारखंड में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों की दयनीय हालत पर चिंता व्यक्त की। जिनके दायित्व निर्वहन में विगत समय में लगातार हो रही बढोतरी के बावजूद उन्हें अपने सेवाकाल की छोटी से छोटी जायज प्राप्तियों के लिए भी हमेशा न्यायालय का मुँह देखना पड़ता है। वर्ष 1996 के 12 साल बाद 2008 में नियुक्त शिक्षकों के साथ तो नाइंसाफी इतनी है कि चाहे पी.एच.डी. के इन्क्रीमेंट का मामला हो या ए.जी.पी. के 6000 से 7000 बढने का, सभी में वित्तीय लाभ प्रदान किए जाने की तिथि अधिसूचना जारी किए जाने की तिथि से देय होने की बात कही गई है, जो निहायत ही अनौचित्यपूर्ण है। मनोविज्ञान के विभागाध्यक्ष डा. सतीश कुमार सिंह ने अन्य समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बिहार सरकार ने 2005 में एवं यूजीसी ने 2006 में ही 12 दिन ई.एल. का प्रावधान कर दिया था, जिसे झारखंड में 2021 के अप्रैल में जाकर 12 दिन ही लागू किया गया। जब प्रिंसिपल, शिक्षकेतर कर्मचारी, परीक्षा नियंत्रक एवं कॉलेज कोष प्रबंधकों के लिए 33 दिन ई.एल. का प्रावधान है, तो शिक्षकों के लिए मात्र 12 दिन के ई.एल का प्रावधान समूचे शिक्षक वर्ग के साथ सरासर नाइंसाफी है। आगे, राज्य के सभी सरकारी कर्मचारियों के लिए जब 20 लाख ग्रेच्युटी का प्रावधान है, जबकि कॉलेज के शिक्षकों के लिए सिर्फ 10 ही लाख। विडंबना है कि झारखंड के कुछ विश्वविद्यालयों में 2008 में नियुक्त शिक्षकों की सेवानिवृत्ति होने पर ग्रेच्युटी दी जा रही है, लेकिन विनोबा भावे विश्वविद्यालय में इसे नहीं दिया जा रहा है। तर्क यह कि जब इन्हें पुरानी पेंशन योजना प्राप्त नहीं है, तो ग्रेच्युटी नहीं दी जा सकती है। यहाँ ध्यान देने योग्य बिंदु यह है कि उच्च शिक्षा में पेंशन रोके जाने का निर्णय लागू करने के लिए यूनिवर्सिटी एक्ट में कहीं संशोधन नहीं किया गया है। वैसे भी झारखंड में पेंशन योजना सभी विभागों में लागू किए जाने की कवायद शुरू हो चुकी है। ऐसे में उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा पुरानी पेंशन योजना लागू करने को नजरअंदाज किये जाने का औचित्य समझ से परे है। इस बैठक में डा. वकील अहमद, डा. कामना राय, प्रो. रोज़ उराँव, डा. प्रीति कमल, डा. अनामिका, डा. मालिनी डीन, प्रो. विजेता तिग्गा, डा. बलवंती मिंज, प्रो. असीम और डा. राहुल की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही।

### त्रिवेणी के ओबी सुनो में कोयला चुनने के दौरान एक व्यक्ति की दबने से मौत

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल माइन्स के पास त्रिवेणी के ओबी डंप में कोयला चुनने के दौरान दबने से सोनबरसा निवासी बिरेंद्र राम (40 वर्षीय) की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिरेंद्र राम शुक्रवार को दोपहर में त्रिवेणी सैनिक ओबी में कोयला चुनने गया था। कोयला चुनने के दरम्यान अचानक ऊपर से ओबी गिरने से बिरेंद्र दब गया। ग्रामीणों के सहयोग से बिरेंद्र को ओबी से निकालकर बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां पर डॉक्टरों के द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। वीरेंद्र राम अपने पीछे तीन पुत्री और 2 पुत्र व पत्नी को छोड़ गया। मौत के बाद कंपनी के अधिकारीयों से स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा मृतक परिवार को मुआवजा व नौकरी मांग करने लगे। वही कंपनी के अधिकारियों ने मामला को संज्ञान में लेते हुए पीड़ित परिवार को 6,00,000 रुपए व एक नौकरी देने का आश्वासन दिया। जिसके बाद शव को डाडीकला थाना प्रभारी मणिलाल सिंह ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया।

# एनडीए को जिताकर जनता ने झारखण्ड में बदलाव का संदेश दिया है : सांसद जयंत सिन्हा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ उपचुनाव में जनता ने एनडीए को प्रचंड जीत दिलवाई है। इस चुनाव ने 2024 में झारखण्ड में बदलाव का संकेत दे दिया है जेएमएम-कांग्रेस ठगबंधन वाली सरकार के कार्यों व नीतियों से हज़ारीबाग व रामगढ़ समेत पूरे झारखण्ड की जनता त्रस्त है। सांसद हज़ारीबाग सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने रामगढ़ उपचुनाव में विशेष भूमिका निभाई। एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के समर्थन में उन्होंने क्षेत्र भर में अनेक कार्यक्रम कर जनता को भारी संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन, जनसंपर्क अभियान, पद यात्राओं, विशाल बाइक रैली, नुक्कड़ सभाओं समेत विभिन्न समाजों के प्रबुद्धजनों से मुलाकात कर उपचुनाव पर चर्चा की। जयंत सिन्हा को जनता का जो स्नेह, समर्थन व आशीष मिला, वो अद्भुत था। वे जनसंपर्क व पदयात्रा के माध्यम से रामगढ़ विधानसभा के सभी प्रखंडों में गए और क्षेत्रवासियों से संवाद किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में क्षेत्र के विकास के लिए जो विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं लायी हैं, जनता उनसे बेहद प्रसन्न और संतुष्ट है। रामगढ़ उपचुनाव में इन विकास कार्यों का जनता पर काफी गहरा प्रभाव पड़ा।जयंत सिन्हा कार्यकर्ताओं को उपचुनाव में सभी आवश्यक दिशा-निर्देश देते रहे। उनका कहना था कि हमें हर बूथ को मजबूत बनाये रखते हुए मतदाताओं को सर्वाधिक संख्या में मतदान करने के लिए मतदान केंद्रों तक लाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे हर गली, चौक व मुहल्ले में जाएं और लोगों को मोदी सरकार के विकास कार्यों के विषय में बताएं। एनडीए कार्यकर्ताओं को अपने सांसद से मार्गदर्शन प्राप्त कर उपचुनाव में प्रचार-प्रसार हेतु नई ऊर्जा मिली और वे दोगुनी लगन व मेहनत से जुटे रहे। इस विराट जीत पर जयंत सिन्हा ने कहा कि रामगढ़ उपचुनाव के नतीजों से हज़ारीबाग, रामगढ़ और झारखण्ड ही नहीं बल्कि पूरे देश में संदेश गया है कि ÷हेमंत हटाओ, झारखण्ड बचाओ÷। इस उपचुनाव को लेकर मैं आश्वस्त था कि जनता एनडीए को ऐतिहासिक जीत दिलवाएगी। रामगढ़ की जनता में जेएमएम-कांग्रेस की विफल सरकार के प्रति भारी आक्रोश है। राज्य सरकार ने युवाओं, महिलाओं व किसानों समेत हर वर्ग से झूठे वादे किए। इस ठगबंधन सरकार ने पिछले 3 सालों में सिर्फ लोगों को ठगने का काम किया। रामगढ़ उपचुनाव जेएमएम-कांग्रेस सरकार को जनता का जवाब है। आज झारखण्ड की जनता सिर्फ मोदी जी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार का शासन देखना चाहती है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि 2024 में जनता झारखण्ड की विफल सरकार को उखाड़ फेंकेगी और राज्य में पुनः विकास का कमल खिलेगा। जयंत सिन्हा ने इस अवसर पर रामगढ़ की जनता का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनता ने मलाई की राजनीति करने वालों को नकार कर भलाई की राजनीति करने वालों को चुना है। एनडीए पर जनता ने जो विश्वास और भरोसा जताया है, हम उस पर पूरी तरह खरा उतरेंगे। क्षेत्र की प्रगति व विकास ही हमारा लक्ष्य है। सभी के समुचित प्रयास व सहयोग से हम प्रगति को बढ़ावा देंगे। साथ ही उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री जी, माननीय भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा भाजपा, झारखण्ड अध्यक्ष दीपक प्रकाश समेत एनडीए के लाखों समर्पित कार्यकर्ताओं का धन्यवाद देते हुए उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दीं।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# होली व शब-ए-बरात आपसी भाईचारा से मनाने का लिया गया निर्णय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** होली व शब ऐ बारात को लेकर खलारी थाना परिसर में शांति समिति का बैठक थाना प्रभारी फरीद आलम के अध्यक्षता में किया गया. बैठक में श्री प्रभारी ने बताया कि होली व सब्बेबारत उसी उत्साह व भाई चारे के साथ मनाया जायेगा. इस दौरान शांति समिति में उपस्थित सभी समाजसेवी,व गणमान्य लोगों ने शांति व भाईचारा के साथ मनाने का निर्णय लिया. थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल से दुर्घटना का मामला अधिकतर होते



रहता है. और मोटरसाइकिल दुर्घटना का मुद्दा गणमान्य लोगों ने ही उठाया गया था. राँची पुलिस ने खलारी के गणमान्य व समाजसेवी की मांग पर मोटरसाइकिल चालकों पर जांच पड़ताल किया जायेगा. थाना प्रभारी ने बताया कि खलारी थाना क्षेत्र में कही पर भी बिना हेलमेट व लाइसेंस के साथ पकड़े जाने पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाने का प्रवधान आ गया है. किसी भी हालत में अपने बच्चों व या अपने भी हेलमेट पहन कर घर से सुरक्षित निकले अथवा सुरक्षा का पूर्ण ख्याल रखे. जो लड़का या लड़की नाबालिक उम्र के पकड़े जाने पर उसका भारी जुर्माना गार्जियन के द्वारा लागया जायेगा. मौके पर खलारी प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा,जिला परिसद सरस्वती देवी,खलारी मुखिया तेजी किस्पोट्टा, विश्रामपुर पंचायत मुखिया दीपमाला कुमारी,जेएमएम वरिष्ठ नेता रँथु उराँव, कांग्रेश प्रखंड अध्यक्ष साबिर अंसारी,इंदिरा देवी,मुन्ना देवी,निर्मला उराँव,सुशील अग्रवाल, आनंद सिंह, विकास दुब्बे, पृथ्वी सिंह, सुरेश यादव, मनेर अंसारी, कृष्णा चौहान, मुन्नू शर्मा, रंजीत सिंह, सलामत अंसारी, असरफी राम, कार्तिक पांडेय, शिबू महली,इम्तियाज अंसारी, संतोष रजक, नाशिम अख्तर सहित अन्य उपस्थित थे।

# पीड़िता की जमीन पर सिर्फ उनके पूर्वजों का हक है : अंचलाधिकारी

## फर्जी दस्तवेज बना कर अंचल का बदनामी करने वाले हो जाय सावधान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** खलारी अंचल में अपना हक का जमीन को दुसरो के नाम कैसे कर दिया जाता इसे सीखने के लिए आइए न हमरा खलारी अंचल में की खबर छपने के बाद खलारी अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्या ने स्वतः संज्ञान लेते हुये अपने से पूरी जांच पड़ताल कर बताया कि पूर्वजों से लगान रशिद काटते आ रहा है वह जमीन उसी का हैं. मामला हुटाप पंचायत अंतर्गत छापर टोला का है. जिसका खाता संख्या 51 प्लॉट संख्या 281 में शेख कासिम अली नाम पर जो कई वर्षो से 2 एकड़ 41डिसमिल का भूमि निर्गत है. शेख कासिम अली के जमीन पर किसी का हस्तक्षेप नही है. पीड़िता सकीना खातून व उनके परिवार ने बताया था कि मेरे जमीन पर बिना दाखिल खारिज किये ही दुसरो के नाम आवंटन




कर दिया गया. जो कि 60 डिसमिल भूमि पर अजीजा खातून पिता कयूम अंसारी के नाम है. वही 1 एकड़ भूमि पर शेख सहदुल के नाम है. ये दोनों के पास कोई भी दस्तवेज नही है. इन लोगो ने पीड़िता को फर्जी दस्तवेज दिखाकर सकीना खातून की पूर्वज की जमीन को हस्तक्षेप कर रहे है. और अजिजा व शेख सहदुल का जो भी पेपर निरस्त किया जायेगा।

## मुखिया ने किया विकास योजना का शिलान्यास

**बरकट्ठा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत ग्राम कोनहरा कला में मुखिया अब्बास अंसारी ने 499700 की लागत से बनने वाला नाली निर्माण का आधारशिला रखा। शिलान्यास के अवसर पर मुखिया अब्बास अंसारी ने कहा कि यह योजना का निर्माण 15 वीं वित मद से कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि घरों का पानी रोड़ पर निकासी से आवागमन में लोगों को काफी परेशानी होती थी।नाली निर्माण से लोगों को आवागमन में सहुलियत होगी। उन्होंने कहा कि पंचायत की सर्वांगीण विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता है। लोगों की समस्यायों का समाधान करने का प्रयासरत हुं। मौके पर वार्ड सदस्य जहीर अंसारी, मुस्ताक अंसारी, वकील अंसारी,जीवन यादव,राजेंद्र प्रजापति,मुकेश यादव, जागेश्वर प्रजापति,ताज मोहम्मद,जाकिर हुसैन, महबूब आलम,राजेंद्र यादव, जहूर अंसारी,विकास यादव, महेंद्र प्रजापतिसमेत आदि लोग उपस्थित थे।

## पूर्णाहुति के साथ नव दिवसीय शतचंडी महायज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा का समापन

**बरकट्ठा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के बरकनगांगो पंचायत अंतर्गत ग्राम जतघघरा में आयोजित नव दिवसीय शतचंडी महायज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।अंतिम दिन वेदी पूजन,पाठ,हवन,पूर्णाहुति, महाआरती,कन्या भोजन, ब्राह्मण भोजन और भण्डारा के साथ यज्ञ का समापन किया गया। ज्ञात हो भव्य देवी मंडप निर्माण की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा गया। वहीं वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा गांव भक्तिमय हो गया है।वृंदावन से आये प्रख्यात प्रवचनकर्ता पं देवकी नंदन कहा कि अधर्म के मार्ग पर चलकर कोई अब तक फला फूला नहीं है,और न ही सुख शांति से रहा है। धर्म के प्रति आस्था जब तक जनमानस में गहराई तक प्रवेश ना करेगी तब तक मानव जाति की समस्याओं एवं कठिनाइयों का हल ना हो सकेगा।हमें अच्छा मनुष्य बनना चाहिए। सनातन धर्म में किसी भी धार्मिक यज्ञ अनुष्ठान का शुभारंभ कलश पूजन से किया जाता है। कलश में 33 कोटी देवी देवता का निवास माना जाता है, 33 कोटि देवी देवता एक ही ईश्वर के 33 अलग-अलग शक्तियों है, प्रत्येक देवी देवता 11 शक्ति के स्पेशलिस्ट है। हर यज्ञ अनुष्ठान में नारियों की अहम भूमिका होती है। भारतीय संस्कृति में नारी का स्थान सर्वोच्च माना गया है।

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेंती में दसवीं कक्षा के छात्र छात्राओं विदाई दिया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेंती में दसवीं कक्षा के छात्र छात्राओं को विदाई सम्मान समारोह किया गया. विदाई समारोह में समाजसेवी रोहन गंझू और खजांची प्रजापति, सिकेन्दर प्रजापति ने विदाई समारोह के छात्र छात्राओं को पेन व उपहार देकर सम्मानित किया गया. मौके उत्क्रमित उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय टोपो, प्रभुदेव ठाकुर, मुकेश दास, सुरभि कुमारी, दशरथ कुमार, मोहम्मद शरीक, गोवर्धन महतो, बलेसर राम, सोनी कुमारी, संतोष कुमार, डोली कुमारी, रूपक कुमार, एवं बेंती मुखिया सरिता देवी, गणेश भुइयां, पंचायत समिति कुमारी अनुप्रिया, अजय प्रजापति, नितेश प्रजापति, जयराम भुईयाँ, रोहित केशरी, सिकेन्दर प्रजापति, अरुण पासवान,प्रेम ठाकुर सहित अन्य शामिल थे।

## पुरुषों ने रैंप वॉक कर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल, रांची ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को रंगों के अधिकार नामक एक अभियान के साथ चिह्नित किया। इस अभियान के एक भाग के रूप में, अस्पताल ने एक अद्वितीय रैंप का आयोजन किया। सेंट जेवियर्स कॉलेज में स्टिलेटोस में पुरुषों के लिए वॉक, जहां छात्रों और फैकल्टी सदस्यों ने रैंप वॉक किया, यह दिखाने के लिए कि एक महिला के जूते में क्या होना पसंद है और उन चुनौतियों और कठिनाइयों को समझते हैं जो वे अक्सर सहते हैं। इस पहल का उद्देश्य दैनिक आधार पर उनके सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर करते हुए महिलाओं के लचीलेपन और ताकत का प्रदर्शन करना था। यह महिलाओं की उपलब्धियों का उत्सव भी था, क्योंकि प्रतिभागियों ने लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए एकजुटता के साथ रैंप वॉक किया।



## राम की पुस्तक कर्मा एंड यू लॉन्च किया गया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हमारे जीवन के विभिन्न पहलुओं को हमारे कर्म कैसे प्रभावित करते हैं, लेखक और उद्यमी राम के शर्मा द्वारा लिखी पुस्तक कर्मा एंड यू क्रिएट योर ओन डेस्टिनी के लॉन्च मौके पर आयोजित एक विशेष समारोह में इस पुस्तक को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। कोलकाता की गैर सरकारी सामाजिक संस्था प्रभा खेतान फाउंडेशन (पीकेएफ) द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम में इस पुस्तक को लॉन्च किया गया।पुस्तक के लॉन्चिंग मौके पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरूप विश्वाश (पश्चिम बंगाल सरकार में बिजली, आवास, युवा सेवा और खेल मंत्री) और विशिष्ट अतिथि संजीव पुरी (अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, आईटीसी) ने इस पुस्तक का विमोचन किया।

# भारतीय जीवन बीमा निगम के खलारी शाखा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** भारतीय जीवन बीमा निगम के खलारी शाखा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में खलारी शाखा के सभी कार्यकर्ता उपस्थित हुये. इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने आपसी कलेश मिटाकर होली के रंग में एक दुसरो पर अबीर गुलाल लगाकर जश्न मनाया. उसके बाद सुरुचि भोज का आनंद लिया गया. मौके पर ऋषिकेश प्रसाद,मनिकार्जुन ठाकुर,अखिलेश कुमार,शिव कुमार चौधरी,रवि शंकर सहाय,एसबीके सिंह, संजय तिवारी, बैजनाथ प्रसाद, महेंद्र प्रसाद,अजय चौहान, शंकर साहू, उपेन्द्र चौहान सहित अन्य शामिल थे।


**कार्यालयः जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा**

Email ID :- cs.koderma4@gmail.com

**सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक 177 (DHS) दिनांक 11.02.2023 द्वारा ई–निविदा संख्या 04/2023 का प्रकाशन किया गया है, जिसका PR No.-290061 है। उक्त निविदा को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है। पुनः नये स्तर से ई–निविदा का प्रकाशन किया जायेगा।

मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, DHS, कोडरमा।

PR 291813 (Health Med Edu and Family Welfare) 22-23 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी**

**शुद्धि पत्र**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस प्रमंडल द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–43, वर्ष 2022–23 **PR N0.291104 Rural Development (22-23): D** द्वारा प्रकाशित है, जिसे **E-Tender :- RDD/SD/KHN/43/2022-23** पढ़ा जाय। एवं आंशिक संशोधन कर पुनः संशोधित तिथि किया जाता है :–

| क्र0 सं0 | विवरण | पूर्व प्रकाशित की तिथि/समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा विपत्र की बिक्री की तिथि | 02.03.2023 को 11.00 बजे पूर्वाहन से 03.00 बजे अपराहण तक। | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः 06.03.2023 अपराहण 01.00 बजे। |
| 2 | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 03.03.2023 के 11.00 बजे पूर्वाहन से 3.00 बजे अपराहण तक | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथिः– 14.03.2023 अपराहण 05.00 बजे तक। |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 03.03.2023 के 3.30 बजे अपराहण तक। | निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति जमा करने की तिथि एवं समय 15.03.2023 अपराह्ण 05:00 बजे तक। सीान ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी। |
| 4 | | | निविदा खोलने की तिथि एवं समय 16.03.2023 अपराह्ण 03:00 बजे। स्थान ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी। |

निविदा सूचना की शेष शर्तें पूर्ववत रहेगी ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी ।

PR.NO.291803 Rural Development(22-23):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा**

e-mail ID : eedwsd.lohardaga1@gmail.com

**शुद्धि पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा अंतर्गत प्रकाशित ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 06/2022-23 (द्वितीय आमंत्रण), जिसका PR – 289728 Lohardaga (22-23).D है, के दोनों ग्रुपों में निम्न प्रकार से आंशिक संशोधन किया जाता है –

| | | |
|---|---|---|
| 3 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 11.03.2023 के अपराह्न 3.30 बजे से |
| 4 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 18.03.2023 के अपराह्न 3.30 बजे से |
| 5 | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान | 20.03.2023 को 3.30 बजे अपराह्न तक |
| 6 | निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय | 21.03.2023 को 11.30 बजे पूर्वाह्न से |

निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 291822 Lohardaga(22-23).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी**

**शुद्धि पत्र**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी अन्तर्गत आमंत्रित ई0 टेन्डर रिफरेन्स नम्बर – R.D.D./S.D./KHUNTI/45/2022-23 PR N0. 290898 Rural Development (22-23) D द्वारा प्रकाशित है, जिसे निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| क्र0 सं0 | विवरण | पूर्व प्रकाषित शुद्धि पत्र की तिथि/समय | संषोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 2 | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि। | 02.03.2023 के अपराह्ण 01.00 बजे। | 06.03.2023 के अपराह्ण 01.00 बजे। |
| 3 | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि। | 09.03.2023 के अपराह्ण 05.00 बजे तक | 14.03.2023 के अपराह्ण 05. 00 बजे तक |
| 4 | निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति जमा करने की अंतिम तिथि, स्थान एवं समय। | 10.03.2023 अपराह्ण 03.00 बजे तक। स्थान ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी। | 15.03.2023 अपराह्ण 05.00 बजे तक। स्थान ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी। |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि स्थान एवं समय। | 11.03.2023 अपराह्ण 01.00 बजे तक। स्थान ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी। | 16.03.2023 अपराह्ण 03.00 बजे तक। स्थान ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी। |

निविदा सूचना की शेष शर्तें पूर्ववत रहेगी ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी

PR 291805 Rural Development (22-23)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, रामगढ़।**

रामगढ़ थाना के सामने, गांधी चौक, रामगढ़ कैन्ट, जिला–रामगढ़, झारखण्ड– 829122

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 04 वर्ष 2022–23 दिनांक 03.03.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, रामगढ़। |
| 2. | परिमाण विपत्र विक्री की तिथि | दिनांक11.03.2023 को 03.00 बजे अपराह्न तक। |
| 3. | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक 13.03.2023 को 03.00 बजे अपराह्न तक। |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 13.03.2023 को 03.30 बजे अपराह्न से। |
| 5. | परिमाण विपत्र की विक्री की स्थान | 1. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ अंचल, हजारीबाग। 2. कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, रामगढ़। |
| 6. | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, रामगढ़। |

7. कार्य की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र० सं० | अंचल कानाम | प्रमण्डल कानाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हजारी बाग | रामगढ़ | Purchase of Furniture for Divisional Office andNaisarai Inspection Bunglow for the year 2022-23 | 10.00 | 20,000/- | 1,250/- | 25.03.2023 तक |

➢ निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।

1. प्राक्कलन की राशि घटने या बढ़ने पर अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।
2. कार्य का परिमाण विपत्र के क्रय हेतु पथ निर्माण विभाग का निबन्धन प्रमाण–पत्र,GSTiN से संबंधित प्रमाण–पत्र की सुस्पष्ट छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।

3- PWD कोड में संशोधन के फलस्वरुप 10 प्रतिशत न्यूनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है।

कार्यपालक अभियंता
प०नि०वि०पथ प्रमण्डल रामगढ़।

PR 291839 (Road) 22-23 (D)

**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची द्वारा आयोजित**

**मोटरयान दुर्घटना मुआवजा से संबंधित विशेष लोक अदालत**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निर्देश पर झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के संरक्षण में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची द्वारा दिनांक 18 मार्च, 2023 (शनिवार) एवं 20 मार्च 2023 से 23 मार्च 2023 तक पूर्वाह्न 10:30 बजे से कार्य की समाप्ति तक व्यवहार नयायालय, रांची के परिसर में मोटरयान दुर्घटना मुआवजा से संबंधित विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अधिक से अधिक संख्या में अपने मामलों को उक्त मोटरयान दुर्घटना मुआवजा से संबंधित विशेष लोक अदालत में सूचीबद्ध कराकर सस्ता एवं सुलभ न्याय प्राप्त करें और इस आयोजन को सफल बनावें।

**नोट :–** इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस के दिन 10.30 बजे पूर्वाह्न से कार्यावधि तक राँची, व्यवहार न्यायालय परिसर में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में उपस्थित होकर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार राँची अथवा उनके दूरभाष सं0–0651–2223351 अथवा मोबाईल नम्बर – 9852361365, 9334941801 से सम्पर्क कर सकते हैं।

अरुण कुमार राय
न्यायायुक्त–सह–अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची।

राहुल कुमार सिन्हा
उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची।

किशोर कौशल
वरीय पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य
जिला विधिक सेवा प्राधिकार राँची।

PR.NO.291795 Law(22-23):D

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची**

**अति–अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या – 04/2022-23 (3rd Call)**

**PR No. 277855 (Drinking Water & Sanitation) 22-23#D**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची
2. निविदा विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची
3. परिमाण विपत्र विक्री की अन्तिम तिथि :– 11.03.2023 कार्य अवधि (5 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– 13.03.2023, 3 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 14.03.2023, 4 बजे अपराह्न को।
6. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान :– 1. कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची। :– 2. अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची।
8. निविदा का विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0 में) | अग्रधन राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र की राशि (रु0 में) | कार्य समाप्ति अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | Group B | | | | |
| 01. | Supplying and fitting of 33 KV VCB with 33 KV C.T. & P.T. and renovation of Electric Sub-Station (33/11KV) with its all components for Booty Pumping Plant under D.W. & S. Mech. Sub-Division, Booty. | 3967924.00 | 79400.00 | 5000.00 | One month |

नोटः– (i) निविदा सम्बन्धी सूचना, नियम एवं शर्तों की जानकारी हेतु वेबसाईट www.prdjharkhand.in तथा प्रमण्डलीय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

(ii) निविदादाता को निविदा में हिस्सा लेने से पूर्व स्थल का निरीक्षण करना होगा। स्थल निरीक्षण के उपरान्त निविदादाता site incharge/concerned officer से M.O.M./Certify कराना सुनिश्चित करेंगे एवं उसकी प्रति तकनीकी बीड में संलग्न करेंगे।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची

PR 291857 Drinking Water and Sanitation(22-23)#D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा**

e-mail ID : eedwsd.lohardaga1@gmail.com

**ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० – 19/2022–23**

**(SCA द्वारा स्वीकृत योजना) प्रथम आमंत्रण**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड़।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
3. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 10.03.2023 के अपराह्न 3.30 बजे से
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 18.03.2023 को 3.30 बजे अपराह्न तक।
5. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान :– 20.03.2023 को 3.30 बजे अपराह्न तक, 1. कार्यपालक अभियन्ता, लोहरदगा के कार्यालय में। 2. अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला के कार्यालय में।
6. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 21.03..2022 को 11.30 बजे पूर्वाह्न से।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 :– 9431516030
9. कार्य की विवरणी –

| क्र0 | योजना का नाम | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि लगभग (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Solar Based Mini Pipe water supply Scheme for Masuriyakhand Police Picket, vill – Masuriyakhand, Panchayat – Deodariya, Block-Kisko with new HYDT on Turn key Basis under D.W. & S.Division, Lohardaga for the year 2022-23 under SCA. | SCA/LOH-01 | 13,10,428.00 | 26,500.00 | 2,500.00 | 03 months |
| 2 | Construction of Solar Based Mini Pipe water supply Scheme for Kekrang Police Picket, vill – Kekrang, Panchayat – Rorad, Block-Peshrar with new HYDT on Turn key Basis under D.W. & S.Division, Lohardaga for the year 2022-23 under SCA. | SCA/LOH-02 | 13,47,841.00 | 27,000.00 | 2,500.00 | 03 months |

नोट : 1. निविदा की नियम एवं शर्तें आदि कार्यालय सूचना पट्ट एवं झारखण्ड सरकार के वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर उपलब्ध है।
2. परिमाण विपत्र की राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्राथमिकता के आधार पर भारतीय स्टेट बैंक का देय होगा।
3. संवेदकों का UCAN निबंधन अनिवार्य है।
4. प्राक्कलित राशि घट या बढ़ सकती है, तदनुसार ही अग्रधन की राशि देय होगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 291833 (Lohardaga) 22-23 (D)

## सेवानिवृत्त समारोह आयोजित कर दी गई विदाई

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड के कोल्हर पंचायत अंतर्गत ग्राम तेतरियाटांड प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक विश्वनाथ मंडल आज शुक्रवार को सेवानिवृत्त हुए उनके सेवानिवृत्त होने पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से टुंडी बीईईओ मूरत महतो,बीपीओ उमेश पासवान, समाजसेवी नयन रंजन सिन्हा, नवीन चन्द्र सिंह, मथुरा मंडल, नवीन सिन्हा टुंडी झामुमो अध्यक्ष लोलिन बास्की समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## हैनि मेन मेडिकल हॉल का उद्घाटन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने हीरापुर हरि मंदिर के समीप कौशल्या मार्केट में हैनि मेन मेडिकल हॉल का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस अवसर पर मेडिकल हॉल के संचालक भारत भूषण सिंह को बधाई देते हुए रागिनी सिंह ने कहा कि हीरापुर बाजार में होमीयोपेथीक दवा खाना खुलने से लोगों को काफी सहूलियत होगी। मौके पर उपस्थित डॉ एके ओझा ने बताया कि होमीयोपेथीक चिकित्सा पद्धति एक बेहतरीन चिकित्सा पद्धति है जिसमें कई असाध्य रोगों का इलाज मुमकिन है। एलो पेथीक कि तुलना में होमीयोपेथीक इलाज सस्ती और प्रभावकारी भी है।

## लालमणि वृद्धा आश्रम के वृद्धजनों ने नौशाद गद्दी का मनाया जन्मदिन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने अपना जन्मदिन आश्रम के वृद्धजनों संग केक काटकर मनाया और आश्रम के सभी वृद्धजनों के लिए बहुत ही स्वादिष्ट भोजन का व्यवस्था किया। आश्रम के एक वृद्धा अशोक कुमार ने कहा अध्यक्ष नौशाद गद्दी जो हम सबों के पुत्र हैं। वे किसी भी माता पिता के बेटे से भी बढ़कर हम वृद्ध लोगों की सेवाकार्य में अनवरत लगे हैं। इस महान कार्य की जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम है। ईश्वर उनको और उनके परिवार को हमेशा स्वस्थ और खुशहाल रखे यही हम सब वृद्धाजनों की आत्मिक कामनाएं और ईश्वर से विनती व प्रार्थना है। आश्रम के सभी वृद्धजनों ने नौशाद गद्दी को अपना हार्दिक आशीर्वाद दिया। नौशाद गद्दी के जन्मदिन पर बीसीसीएल जीएम बीएस घोष, जीएम सीटीपीएम एस पांडे, सिविल इंजीनियर सरोज, ओवरसीयर निकुंज, आश्रम के सचिव डॉ. डी. सरण, अमरजीत समेत अन्य लोग शामिल थे।

## सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक का विदाई समारोह

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को गिरिडीह सर जैसी बॉस विद्यालय परिसर में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक देवेंद्र प्रसाद सिंह के विदाई समारोह का भव्य आयोजन विद्यालय परिवार द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों की अगवानी तिलक चंदन पुष्प वर्षा और संथाली नृत्य के साथ छात्राओं ने भव्य तरीके से किया गया।

## होंडा स्किल एनहैंसमेंट सेंटर का उद्घाटन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान धनबाद के प्रांगण में आज होंडा स्किल एनहैंसमेंट सेंटर का उद्घाटन मुख्य अतिथि सह होंडा मोटर्स एंड स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के महाप्रबंधक, पूर्वी भारत व्यवसाय, राजेन्द्र भीमराव शिन्दे एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, धनबाद के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी आनंद कुमार ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया एवं एमओयू स्थानान्तरण किया। इस अवसर पर आनन्द कुमार ने होंडा इंडिया फाउंडेशन और गर्वनमेंट आइटीआइ धनबाद के बीच हुए एमओयू पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रशिक्षणार्थियों को अपने प्रशिक्षण के साथ-साथ वास्तविक इंडस्ट्री का अनुभव एवं जानकारी प्राप्त होगी।

## केसर ए हिंद जमीन की मापी की गई

**बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता ) :** कसमार प्रखंड के बगदा गांव स्थित केसर ए हिंद जमीन पर अतिक्रमण के खिलाफ ग्रामीणों ने कसमार अंचलाधिकारी को आवेदन दिया था। जिसके आधार पर आज कसमार थाना के एएसआई भीम सिंह सहित पुलिस बल की उपस्थिति में अतिक्रमित जमीन की मापी अंचल की टीम द्वारा की गई।पिछली बार कथित अतिक्रमणकारियो द्वारा बाधा डालने के कारण मापी नही हो पाई थी। प्राप्त जानकारी जे अनुसार बगदा के सरकारी केसर ए हिन्द जमीन जिसका थाना नंबर 103 प्लॉट नंबर 1080 तथा खाता नंबर 150 हैं। यह भूमि सार्वजनिक करम अखरा है। जिसे बगदा निवासी धरणीधर प्रसाद वर्मा, जयकुमार तथा विमल वर्मा द्वारा अतिक्रमण किया गया है। जिसके खिलाफ 200 ग्रामीणों ने कसमार अंचलाधिकारी को लिखित शिकायत कर सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने का आवेदन दिया था। जिसके आधार पर आज अंचल अधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला के आदेश पर सरकारी अमीन रमेश कुमार ने मापी की। जिससे पता चला कि 20 फिट जमीन का अतिक्रमण हुआ है।

# मिजिल्स रुबेला संक्रमण की रोकथाम को लेकर उपायुक्त ने दिए कई निर्देश

### एमआर अभियान को लेकर बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** मिजिल्स रुबेला संक्रमण की रोकथाम के लिए उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार कक्ष में एमआर अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि भारत सरकार ने इस वर्ष मिजिल्स रूबेला के उन्मूलन के लिए लक्ष्य निर्धारित किया है। यह अभियान अप्रैल माह के दूसरे सप्ताह में शुरू होगा। जिसमें 9 महीने से लेकर 15 साल तक के जिले के लगभग 07 लाख से अधिक बच्चों का एमआर टीकाकरण निर्धारित है। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान सभी स्कूल, आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य संस्थान में टीकाकरण किया जाएगा। इसके सफल क्रियान्वयन के लिए शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, सभी पंचायती राज संस्थान एवं एनजीओ से सहयोग अपेक्षित है। शहरी क्षेत्र में गैर सरकारी स्कूल में सफलतापूर्वक टीकाकरण करने के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक सभी स्कूल से बच्चों की लक्षित संख्या समय पर उपलब्ध कराएंगे। इसके लिए सभी स्कूलों में एक बार पैरंट टीचर मीटिंग भी करा दी जाए। जिससे अधिक से अधिक संख्या में बच्चों को टीका दिया जा सके। इसके अलावा उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी कल्याण विद्यालयों तथा बाल गृह, मिशनरी ऑफचारिटी, ब्लाइंड स्कूल, बिरहोर छात्रावास आदि सभी विद्यालयों में टीकाकरण का कार्य किया जाय। बैठक में उप विकास आयुक्त शशि भूषण मेहरा ने कहा कि अभियान को लेकर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं एमओआईसी स्वयं माइक्रो प्लान तैयार करें जिससे कोई बच्चा छूटे नहीं। साथ ही प्रखंड में मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्यों का सहयोग लें।बैठक में वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के चिकित्सक, डॉ अरुण तिवारी ने कहा कि खसरा एक जानलेवा रोग है। यह वायरस द्वारा फैलता है। इसके कारण बच्चों में अंधापन, दिव्यांगता तथा असमय मृत्यु हो सकती है। वहीं रूबैला भी एक संक्रामक रोग है। यह भी वायरस द्वारा फैलता है। यह अभियान 12 अप्रैल से 05 मई तक चलेगा। साथ ही अभियान के अंतर्गत 9 माह से 15 वर्ष तक के बच्चों को यह टीका लगाया जाएगा। अगर बच्चे ने पहले भी टीका लिया है तो भी उसे टीका दिया जाएगा।

# गैस सिलेंडर में मूल्य वृद्धि के खिलाफ महिला कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटि की जिलाध्यक्ष सीता राणा के नेतृत्व में मोदी सरकार के द्वारा होली पर्व से पूर्व रसोई गैस सिलेंडर पर पचास रुपया और कॉमर्शियल गैस सिलेंडर पर 350 रूपया के मूल्य वृद्धि के विरोध में बलियापुर रोड स्थित धनबाद भाजपा कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। मौके पर धनबाद जिला कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि एक ओर देश की जनता मंहगाई से त्राहिमाम कर रही है, युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं वही मोदी सरकार अपने मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए देश की संपत्ति को कौड़ी के भाव बेच रही है। वहीं महिला कांग्रेस की धनबाद जिलाध्यक्ष सीता राणा ने कहा कि भजपा सरकार ने होली जैसे पावन पर्व से पूर्व गैस सिलेंडर पर मूल्य बढ़ोतरी कर जीवन को नारकीय बना रही है। आम जनता पहले ही सरसो तेल व खाद्य सामग्री के मूल्य वृद्धि से परेशान है। आम जनता की घरेलू बजट को मोदी सरकार तबाह करने में लगी है। सरकार मूल्य वृद्धि को वापस नही लेती है तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। सीता राणा ने कहा कि मोदी सरकार लुटेरी सरकार बन गई है और मोदी तानाशाही रवैया अपना कर देश की जनता को मंहगाई के भट्ठी में झोंक रही है।

# सड़क दुघर्टना में व्यक्ति मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के ठेठाटांड निवासी शशि चन्द्र पाण्डेय एक विवाह समारोह में भाग लेने पश्चिम बंगाल के बर्दवान जा रहे थे। तभी उनकी गाड़ी किसी हाईवा ट्रक से टकरा जाने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गए थे तीन चार दिनों से धनबाद पीएमसीएच में ईलाज के क्रम में आज उनकी मौत हो गई वे 69 वर्ष के थे ।

अपने पीछे पत्नी के अलावा चार पुत्रों समेत भरापुरा परिवार छोड़ गए उनके निधन की सूचना मिलते ही भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल पाण्डेय एवं पुरनाडीह मुखिया बसंत नारायण तिवारी ने गहरी संवेदना प्रकट किया है एवं इस दुःख की घड़ी में परिवार वालों को हर संभव मदद करने की बात कही है।

# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर आम-जन की शिकायतों व समस्याओं को सुना। उन्होंने संज्ञान में आए सभी मामलों के आवेदन को संबंधित पदाधिकारी को तत्काल निष्पादन के लिए अग्रसारित किया। जनता दरबार में मुख्यतः शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य, बकाए वेतन, जमीन बंदोबस्ती की मांग, राशन कार्ड, मुआवजा, अवैध खनन, जलापूर्ति, लोन माफी, पारिवारिक विवाद, सड़क निर्माण, साइबर क्राइम से संबंधित आवेदन आए।जनता दरबार में आए पूर्व जिला परिषद सदस्य अब्दुल मौरम ने गोविन्दपुर क्षेत्र के गैराबाद एवं वन भूमि को बचाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि 68 एकड़ भूमि पर लगे पेड़ विशेष रूप से पलाश के पेड़ जंगल की प्रकृति के अंतर्गत हैं। जहां भू-माफियाओं ने लगभग 1000 से अधिक पेड़ों को जेसीबी मशीन से काट कर आग लगा दी है। उन्होंने बताया कि वे इस मामले में डीएफओ धनबाद को आपत्ति दर्ज कराई, लेकिन किसी भी विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उपायुक्त ने इस मामले को डीएफओ और सीओ को निष्पादन के लिए अग्रसारित किया। इस दौरान कलियासोल प्रखंड से आए दिव्यांग राजू दत्ता ने सरकारी



योजनाओं का लाभ नही मिलने की शिकायत उपायुक्त से की। उन्होंने बताया कि वे दोनों पैर से चलने में असमर्थ हैं। उनके पास कोई रोजगार भी नहीं है। उन्होंने बकरी पालन, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल के लिए भी आवेदन दिया था। परंतु आज तक उन्हें किसी प्रकार की कोई सहायता नहीं मिली है। उन्होंने उपायुक्त से प्रधानमंत्री आवास योजना, बकरी पालन के लिए शेड और मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल दिलाने की मांग की। उपायुक्त ने इस आवेदन को कलियासोल प्रखंड विकास पदाधिकारी को तत्काल निष्पादन के लिए अग्रसारित किया। उपायुक्त ने आए सभी आवेदनों को चिन्हित कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के निर्देश दिए।

# अग्निकांड में प्रशंसनीय बचाव कार्य के लिए बीमा कर्मचारी संघ के ने डा. निर्मल ड्रोलिया को सम्मानित किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** बीते 31 जनवरी को बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के जोड़ाफाटक रोड स्थित आशीर्वाद टावर में हुए भीषण अग्निकांड में त्वरित राहत और बचाव कार्य में अपने दायित्वों का निष्ठांपूर्वक एवं ईमानदारी से निर्वाह करने के लिए बीमा कर्मचारी संघ हज़ारीबाग मंडल के धनबाद इकाई ने पाटलीपुत्र नर्सिंग होम के सीएमओ सह अध्यक्ष डा. निर्मल ड्रोलिया को मोमेन्टो, गुलदस्ता एवं शॉल देकर सम्मानित किया। सम्मान कार्यक्रम में संघ के अध्यक्ष




हेमन्त मिश्रा, सचिव नीरज कुमार के अलावा शाखा से सुरेश कुमार, अमित कुमार, सुभम राज, देवाशिष चौधुरी, बीरेन्द्र बराट, कैलास दास, नीशेष कु. सिन्हा, प्रशान्त कु. सिन्हा, अलगू प्रसाद, रुमा मजूमदार एवं आभा सिन्हा उपस्थित थे। वहीं पाटलीपुत्र नर्सिंग होम से डा. सतीश चंद्र, बिनोद गुप्ता, राजेश जगनानी, राम बाबू, रॉकी गुप्ता रवि चौरसिया एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# महिला ने अपने बड़े बेटे पर सम्पति हड़पने का लगाया आरोप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**निरसा :** निरसा प्रखण्ड के पंडरा गांव की एक महिला ने अपने ही बड़े बेटे पर धोखा से पेपर पर हस्ताक्षर कराकर पूरा सम्पति हड़पने का आरोप लगाया है । अपने ही बेटे के घृणित साजिश का शिकार पंडरा निवासी 72 वर्षीय शुभ्रा तिवारी ने निरसा प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के सामने पत्रकारों को बताया कि जिस बेटे को 9 महीना पेट मे रख कर जन्म दिया उसी ने एक पेपर पर साइन करा कर हमारे पूरे चल अचल सम्पति को अपने नाम करा लिया। उन्होंने कहा कि हमारी तीन संतानें है जिसमे एक बेटी दो बेटा है। उन्होंने कहा कि बेटे के धोखाधड़ी की जानकारी से अवगत हुई तब सच्चाई जानने एवं पेपर की मांग की तो टालमटोल करता रहा। उन्होंने कहा कि उनका बेटा देवज्योति तिवारी द्वारा मालिकाना हक के लिये बनाया गया कागजात अवैध है। साथ ही यह अपील करती हूं कि देवज्योति तिवारी के



मालिकाना हक के कागजातों पर विस्वास न करें तथा उनके झांसे में आकर सम्पति की खरीद बिक्री न करें आप धोखे का शिकार हो सकते हैं।

# पूर्व मध्य रेल द्वारा ट्रांसजेंडर के खिलाफ चलाया 03 दिवसीय अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल द्वारा ट्वीटर एवं रेल मदद एप्प पर रेल यात्रा के दौरान ट्रेनों में किन्नर/ट्रांसजेंडरों द्वारा यात्रियों को परेषान करने संबंधी प्राप्त कई षिकायतों के मद्देनजर 27.02.2023 से 01.03.2023 तक तीन दिवसीय विषेष अभियान चलाया गया । इस विषेष अभियान के दौरान रेलवे सुरक्षा बल द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों पर ट्रेनों में 85 किन्नर/ट्रांसजेंडरों को यात्रियों को परेषान करने के आरोप में हिरासत में लिया गया तथा इनसे 64 हजार रुपये दंडस्वरूप वसूल किये गये । इस विषेष अभियान के दौरान सोनपुर मंडल में 28, दानापुर मंडल में 24, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 18, धनबाद मंडल में 08 तथा समस्तीपुर मंडल में 07 किन्नर/ट्रांसजेंडरों को गिरफ्तार किया गया । यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पूर्व मध्य रेल द्वारा यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा ।

# ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत नाबालिक को रेलवे चाइल्ड लाइन को सौंपा गया



**बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आरपीएफ बोकारो के एसआई मीना कुमारी के साथ एएसआई डीके द्विवेदी, सीटी देवेंद्र कुमार और मेरी सहेली टीम एलसी अंजलि कुमारी, पोस्ट बोकारो की एलसी बीना कुमारी और सीपीडीएस टीम बोकारो के स्टाफ के साथ एएसआई एसएन सिंह ने एक नाबालिग लड़के को देखा जो शाम के लगभग 05.15 बजे लक्ष्यहीन होकर तुपकाडीह एफओबी के निकट प्लेटफार्म नंबर-01 पर संदिग्ध हालत में घूम रहा था। पूछताछ में उसने अपना नाम मानसी कुमार उम्र 12 वर्ष, पिता का नाम धनंजय मिस्त्री, निवासी सेक्टर भरम टोली, थाना बरियातू, जिला रांची बताया। और उसने कहा कि उसने अपने माता-पिता को बिना किसी सूचना के अपना घर छोड़ दिया और उसके पास कोई यात्रा अधिकार/टिकट नहीं है। उक्त नाबालिग लड़के को आगे की कार्रवाई के लिए रेलवे चाइल्ड लाइन बोकारो को सौंप दिया गया ।

# झारखण्ड कोलियरी मजदूर यूनियन ने किया विरोध प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** बास्ताकोला बीसीसीएल एरिया 9 परियोजना कोल डंप में झारखण्ड कोलियरी मजदूर यूनियन ने बस्ताकोला चांदमारी कोल डंप चालू कराने को लेकर शुक्रवार को जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही झारखण्ड कोलियरी मजदूर यूनियन के बैनर तले मजदूरों ने प्रबंधन अशोक शर्मा को ज्ञापन सौपा। यूनियन नेता शह जोनल अध्यक्ष उमा शंकर चौहान ने प्रबंधन से मांग किया की बास्ताकोला चांदमारी कोल डंप में मैनुअल ट्रक लोडिंग चालू किया जाए। बस्ताकोला कोल डंप में मैनुअल ट्रक लोडिंग चालू नहीं होने से मजदूरों की स्थिति भुखमरी के



कगार पर पहुंच गई है इसलिये प्रबंधन इस पर ध्यान दें और क्षेत्र में जल का छिड़काव कराया जाए ताकि लोगों को प्रदूषण की समस्या से निजात मिल पाए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अनुसार स्थानीय नीति के तहत 75 प्रतिसत स्थानीय बेरोजगार मजदूरों को नियोजन देना चाहिए।

इस पर भी प्रबंधन का ध्यान आकर्षित किया। वही प्रबंधन ने आश्वासन दिया कि जल्द ही मैनुअल लोडिंग चालू किया जाएगा जिसके बाद लोगों ने प्रदर्शन समाप्त कर दिया। मौके पर मुख्य रूप से जोनल अध्यक्ष उमाशंकर चौहान, कृष्णा चौहान, लक्ष्मण, संतोष लाल, मुन्नी देवी, कंचन चौहान, बाबूराम चौहान, गायत्री देवी, सोनिया देवी, कालीचरण, संजय बावरी, विकास भुइयां आदि मौजूद थे।

# गिरिडीह में झामुमों का शक्ति प्रदर्शन आज

### दो मंत्रियों समेत सीएम हेमंत भी होंगे शामिल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में झामुमो के 50वें स्थापना दिवस के स्वर्ण जयंती दिवस के रूप में खास बनाने को लेकर जेएमएम की जिला ईकाई ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है. इससे पहले खतियान जोहार यात्रा में शामिल होने गिरिडीह आए सीएम हेमंत सोरेन के कार्यक्रम के बहाने जेएमएम के जिला समिति ने शक्ति प्रदर्शन में कोई कसर नहीं छोड़ा था और इसमें जेएमएम सफल भी रही थी। तो दूसरी बार एक बार फिर सीएम हेमंत सोरेन शनिवार को गिरिडीह आ रहे है। और सिर्फ सीएम ही नही, पार्टी के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होने सूबे के दो मंत्री जगरनाथ महतो और हफीजुल हसन भी आ रहे है। लिहाजा, एक बार फिर गिरिडीह जेएमएम शक्ति प्रदर्शन के लिए तैयार हैं। शनिवार को डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के साथ सदर विधायक सोनू और जेएमएम जिला अध्यक्ष संजय सिंह समेत कई नेताओं ने झंडा मैदान का अंतिम दौरा कर पूरी तैयारी का जायजा लिया।शनिवार को होने जेएमएम के स्वर्ण जयंती समारोह में सदर विधायक सोनू के साथ गांडेय विधायक सरफराज अहमद और पूर्व विधायक और जेएमएम नेता जयप्रकाश वर्मा के साथ कई और बड़े चेहरे के भी शामिल होने की बात कही जा रही है। मौका स्वर्ण जयंती का है तो उम्मीद यह भी है की इस जयंती समारोह में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक जुटेंगे। ऐसे में झंडा मैदान को पार्टी के झंडे से पाट दिया गया है तो सीएम से लेकर पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन समेत कई बड़े नेताओं के होर्डिंग्स झंडा मैदान से लेकर पूरे शहर भर में लगाया गया है। गिरिडीह रांची रोड के डुमरी मोड के मोहलीचुवा, धनबाद रोड और देवघर रोड में पार्टी के कई नेताओं के नाम पर तोरण द्वार बनाए गए है। जो अलग झारखंड और कई मुद्दों पर आंदोलन के रास्ते पार्टी के लिए जान गवां दिए।

# बजट में हुआ धनबाद के साथ सौतेला व्यवहार : सोहराब

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** पुराना बाज़ार चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष सोहराब खान ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा की झारखंड के वित्त मंत्री रामेश्वर उराँव ने झारखंड का 1 लाख 16 हज़ार 418 करोड़ रुपए का बजट पेश किया परन्तु धनबाद का हाथ खाली ही रहा। बताया की ओल्ड पेंशन नीति लागू हुई और मरीज़ो को सस्ते दर में एम्बुलेंस मुहैया करवाया जाएगा ये स्वागत योग्य है। दुमका एवं बोकारो में हवाई सेवा शुरू की जाएगी पर धनबाद का जिक्र तक नही हुआ। ट्रामा सेंटर और फ्लाईओवर तक कि बात धनबाद



के लिए न होना ये दुर्भाग्यपूर्ण है। व्यवसायीयों, आम आदमी एवं धनबाद के साथ सौतेला व्यवहार इस बजट में किया गया।

### 4 व 5 मार्च को कुकून लग्जरी बिजनेस होटल में शाम-ए-गजल का दिलकश आयोजन

# 5 मार्च को फूलों की होली का शानदार व रंगारंग आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** कुकून लग्जरी बिजनेस होटल हर पर्व त्योहारों में धनबाद वासियों के लिए विशेष थीम पर आकर्षक, दर्शनीय और यादगार कार्यक्रम आयोजित कर धनबाद वासियों का दिल जीतता आया है। होटल के प्रबंधक कौशिक डे ने बताया की इसी संदर्भ में जानदार और मनोरंजक कार्यक्रमों की कड़ी को जारी रखते हुए कुकून लग्जरी बिजनेस होटल ने होली पूर्व 5 मार्च को धनबाद के लोगों का पसंदीदा केरामेल रेस्तरां में राधा का रंग कृष्णा के संग मनभावन पारंपरिक नृत्य और होली के रसीले गीतों एवं सबसे विशेष फूलों की होली थीम पर बहुत ही बेहतरीन कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। जिसमें धनबादवासी देश के प्रख्यात राधा



कृष्ण एवं अन्य कलाकारों की टोली अपने नृत्य गान से रिझायेंगे और सबसे खास उपस्थित लोग अपने परिवार, दोस्तों, पार्टनर के संग संयुक्त नृत्य कर फूलों की होली खेलकर यादगार और हार्दिक आनंद उठाएंगे। तथा इसके साथ ही 4 और 5 मार्च को अपने दूसरे खूबसूरत रेस्तरां क्यूब्स बार लाऊंज़ में शाम ए ग़ज़ल कार्यक्रम पेश किया जाएगा जो होली स्पेशल होगा। जो गज़लों के शौकीनों का दिल छू लेगी जिससे बहुत निकट आने वाली होली के आगाज के साथ इस पर्व की खुशियों का रंग दुगना और दिल और मन गजलों से सराबोर हो जाएगा। साथ ही अपने सुपर सर्टिफाइड शेफ के द्वारा हर अवसर पर एक अलग हटकर लाजवाब और जायकेदार डिश लोगों ने पसंद किया है जिनमें मुर्ग जमीनदोज़, हॉट फील्ड रोस्टेड मालाबार चिकन, सिजलिंग मटन खुराना, मिन्टी चिकन रोलेड, मशरूम गुगली एवं वेज के एक से एक जायकेदार डिशेज हैं जो होली के रंग को और गहरा बनाएंगे।

# भाजपा युवा मोर्चा ने केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर का किया भव्य स्वागत





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी का आगमन बिशुनपुर जाने के क्रम में लोहरदगा की पावन धरती पर हुआ जहां भारतीय जनता युवा मोर्चा लोहरदगा जिलाधक्ष मनीष शिखर के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया गया एवं यूवा मोर्चा के द्वारा मोटरसाइकिल जुलूस निकालकर रोड शो का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों युवा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मौके पर प्रदेश मंत्री अजातशत्रु ने कहा कि हम सबों का सौभाग्य है कि माननीय केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर का आगमन लोहरदगा में हुआ एवं उनके स्वागत का मौका हम सभी युवाओं को मिला जिसके लिए हम सभी युवा साथी खुद को कृतज्ञ महसूस कर रहे हैं साथ ही इस कार्यक्रम में शामिल सभी युवाओं का तहे दिल से धन्यवाद देता हूं। जिला अध्यक्ष मनीष शिखर ने इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी युवा साथियों को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष राज मोहन राम, लाल अनूप नाथ शाहदेव, भाजयुमो प्रदेश मंत्री अजातशत्रु, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विश्वजीत शाहदेव, सूरज दसोंधी, रितेश कुमार, अमित लोहरा, भाजयुमो जिला अध्यक्ष मनीष शिखर, जिला महामंत्री बाल्मीकि कुमार, जिला उपाध्यक्ष कमलेश कुशवाहा, श्याम वर्मा, जीवन उरांव, जिला मंत्री रेखा देवी, सुधांशु कुमार, विजय कुमार महतो, शुभम पंकज, पप्पू पहलवान, सचिन सिंह, निशांत सिंह, महादेव उरांव, रोशन कुमार साहू, भीखराम उरांव, नगर अध्यक्ष पवन प्रजापति, सरजू साहू, राजेश तूरी, शिवा ठाकुर, प्रवीण ठाकुर, रमन कुमार,सुशील कुमार, प्रियांशु कुमार, यशस्वी ओझा, दिव्यांशु कुमार, दिनेश कुमार, नीरज कुमार, गौतम प्रजापति, टीपू खान, विकास प्रजापति, छोटू कुमार, रवि साहू, विवेक सोनी, सुशांत पौराणिक, साहिल कुमार, अंकित, उपाध्याय बिट्टू साहू, सुशील भगत, रमन नायक, वेदांग कुमार, उत्तम सिंह, शुभम वर्मा, रोहित कुमार, नासिर अहमद सहित अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## उपायुक्त ने की विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ की वित्तीय समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा आज विभिन्न विभागों की वित्तीय समीक्षा की गई। इसमें डीआरडीए, डीएमएफटी, राजस्व, आपदा प्रबंधन, श्रम विभाग के विभिन्न मदों में प्राप्त आय/व्यय की समीक्षा शामिल थी। श्रम विभाग के द्वारा संचालित संकल्प स्कीम अंतर्गत युवाओं को मेडिकल संबंधी प्रशिक्षण के लिए उप विकास आयुक्त, लोहरदगा को निदेश दिया गया कि इसके लिए एक कार्ययोजना तैयार कर प्रस्ताव उपस्थापित कराया जाय। आपदा प्रबंधन विभाग अंतर्गत प्राकृतिक आपदा, कोविड-19, श्रम विभाग अंतर्गत सेमिना, आर्थिक सहायता, सर्वेक्षण, विज्ञापन, प्रचार-प्रसार, राजस्व विभाग अंतर्गत विभिन्न मद, ग्रामीण विकास अंतर्गत मशीन उपस्कर, विधायक मद समेत अन्य मदों में आवंटन/व्यय की समीक्षा की गई। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, कोषागार पदाधिकारी, डीएमएफटी प्रभारी, श्रम अधीक्षक, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विशेष प्रमण्डल, डीडीएमओ, डीआरडीए परियोजना पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## अवैध बालू लोडेड ट्रैक्टर को परिवहन करते एसपी ने किया जब्त, चालक गिरफ्तार



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुंदगड़ी मोड़ के समीप अवैध बालू लोडेड बिना रजिस्टेशन नम्बर के एक ट्रैक्टर को परिवहन करते हुए गस्ती के दौरान पुलिस अधीक्षक ने किया जब्त चालक गिरफ्तार। सेन्हा थाना क्षेत्र के कुंदगड़ी मोड़ के समीप अवैध बालू लोडडे ट्रैक्टर को लोहरदगा एसपी आर रामकुमार द्वारा जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया बताया जाता है कि एस पी आर रामकुमार सेन्हा थाना क्षेत्र में गस्ती पर निकले थे। उसी दौरान अवैध बालू परिवहन करते हुए ट्रैक्टर पर नजर पड़ा जैसे ही ट्रैक्टर को रोक कर कागजात का मांग किया गया। उसी समय चालक गाड़ी खड़ा कर फरार हो गया था। तबतक इस मामला की जानकारी सेन्हा थाना पुलिस को मिलते ही त्वरित कारवाई करते हुए जब्त ट्रैक्टर के चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। इस संदर्भ में सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर बता दें कि पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार साइकिल से क्षेत्र का गस्ती तथा मॉर्निंग वॉक पर निकले हुए थे। तभी कंडरा कोयल नदी से अवैध बालू लोड कर परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर बिना रजिस्टेशन नम्बर का तेज रफ्तार में कुंदगड़ी के तरफ जा रहा था। जिसे कि पुलिस को देख कुंदगड़ी मोड़ के समीप चालक ट्रैक्टर छोड़ कर भागने लगा तभी पुलिस द्वारा तत्पर्यता दिखते हुए कुंदगड़ी निवासी सुरेंद्र उराँव के ट्रैक्टर चालक पुत्र नवीन उराँव को गिरफ्तार कर लिया गया। जिस पर अवैध बालू परविहं के मामले में नियम संगत कारवाई किया जा रहा है। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने जानकारी देते हुए कहा कि अवैध बालू खनन एवं परिवहन मामला में टैक्टर चालक एवं जब्त वाहन पर कारवाई हेतु खनन एवं परिवहन विभाग को सूचनार्थ किया गया है।

## भंडरा में होली एवं सब-ए-बरात को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**भंडरा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भंडरा में होली एवं सब-ए-बारात त्योहार आपसी-भाईचारगी के साथ संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को भंडरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने की। मौके पर बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने सभी जनप्रतिनिधियों व बुद्धिजीवियों को संबोधित करते हुए कहा कि त्योहार को आपसी भाईचारगी के साथ मनाएं। भंडरा की पहचान आपसी एकता और सौहार्द के रुप में होती है। जिसे बरकार रखना है। उन्होंने कहा कि होली के दौरान अश्लील गाना नहीं बजाना है। सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि प्रखंड प्रशासन क्षेत्र में शांति व्यवस्था स्थापित करने के लिए 24 घंटे तत्पर है। खासतौर पर पुलिस प्रशासन शरारती तत्वों पर विशेष निगरानी रख रही है। मौके पर अवर निरीक्षक विकास कुमार विश्वकर्मा, एएसआई लाल महतो, मुखिया सुमित उरांव, इंद्रदेव उरांव, परमेश्वर महली, ईश्वरी मोहन शर्मा, किस्सा साहू, उत्तम गुप्ता, तैयब खान, बालकृष्णा सिंह, अभिषेक चौहान, सफीक अंसारी, बशु उरांव, निरंजन उरांव, विवेक सोनी के अलावे दर्जनों शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

# मोटर वाहन दुर्घटना व बीमा क्लेम को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा)ने मोटर वाहन दुर्घटना एवं बीमा क्लेम को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का आयोजन न्यायालय परिसर स्थित सभागार में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष डालसा श्री राजेंद्र बहादुर पाल,बार अध्यक्ष डॉ प्रमोद पुजारी, डालसा सचिव राजेश कुमार एवं ट्रांसपोर्ट निरीक्षक शिरिल बेसरा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राजेंद्र बहादुर पाल ने कहा कि सड़क पर सावधानी अति महत्वपूर्ण है किंतु दुर्घटना की स्थिति में मुआवजा का भी प्रावधान किया गया है। यदि क्लेमेंट इमानदारी से मृतक या घायल की आर्थिक स्थिति को न्यायालय के समक्ष रखे तो पीड़ित पक्ष को जल्द से जल्द न्याय मिलने की उम्मीद बढ़ जाती है। न्यायालय में दुर्घटना दावा के विभिन्न पहलुओं पर अधिवक्ता सीपी पाठक ने भी अपने विचार रखे। जबकि जिला मोटर वाहन निरीक्षक सिरिल बेसरा ने पुराने गाड़ियों की खरीद बिक्री से संबंधित विभिन्न नियमों को बतलाते हुए फार्म 29 एवं फार्म 30 को भरकर ही पूराने वाहन हस्तांतरण करने पर बल दिया। इससे पूर्व उद्घाटन भाषण में बार के अध्यक्ष डॉ पीके पुजारी ने ऐसे कार्यशाला के निरंतर आयोजन पर बल दिया। कार्यशाला में विभिन्न थानों के पुलिस अधिकारी, मोटर वाहन से जुड़े अधिवक्ता, बीमा कंपनी के प्रतिनिधि एवं डालसा के पीएलवी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डालसा सचिव राजेश कुमार ने किया, उन्होंने सड़क दुर्घटना में घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने पर बल दिया जिसके लिए सरकार प्रोत्साहन राशि भी दे रही है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रीय गान के साथ किया गया।

# भवन निर्माण कार्य मे गुणवत्ता पर कोताही बर्दाश्त नही : राधा तिर्की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** राजकीय उत्क्रमित बुनियादी उच्च विद्यालय प्रांगण में चार कमरा का भवन निर्माण के पूर्व पाहन पुजार द्वारा सरना रीति रिवाज से पूजन कर शिलान्यास किया गया। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय के समीप संचालित राजकीय उत्क्रमित बुनियादी विद्यालय में कक्षा के अभाव में बच्चों के बीच बैठने का समस्या को लेकर बना हुआ था। जिसको लेकर विद्यालय प्रबंधन समिति व प्रधानधियापिका के द्वारा पूर्व में विभाग को पत्राचार किया गया था। इसके अलावे विद्यालय निरीक्षण के दौरान जीप सदस्य राधा तिर्की को भी समस्या से अवगत कराया जा चुका था। वहीं विद्यालय की ओर से प्रबंध समिति एवं जीप सदस्य राधा तिर्की के पहल से ए सी ए के तहत विशेष प्रमंडल लोहरदगा के तत्वधान में विद्यालय प्रांगण में चार कमरा का भवन निर्माण की स्वकृत प्राप्त कर संवेदक रोहित साहू द्वारा भवन निर्माण कार्य आरम्भ कराया जाना है। भवन निर्माण कार्य के पूर्व शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित जीप सदस्य राधा तिर्की के उपस्थिति में मनी पहान द्वारा सरना रीति रिवाज के अनुसार विधिवत पूजा कर शिलान्यास किया गया। वहीं जीप सदस्य द्वारा चयनित स्थल पर कुदाल चला कर शिलान्यास करते हुए भवन निर्माण कार्य आरम्भ कराया गया साथ ही इस अवसर पर संवेदक को कार्य के प्रति सजग रहने की बात कहते हुए कहा गया कि गुणवत्ता हीन कार्य मे किसी प्रकार से समझौता नही किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा यह भवन निर्माण कार्य नही है। बल्कि इसे शिक्षा का मंदिर निर्माण के दृष्टिकोण से कार्य करना होगा जिससे आने वाले समय में विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के बीच समस्या उतपन्न न हो। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान मुखिया धनवाज उराँव, प्रधानाधियापिका रेणु मिश्रा, सहायक शिक्षक शिक्षिका डॉ0 बैजंती उराँव, मेराज अंसारी, रंजू साहू के अलावे संवेदक रोहित साहू, मिथलेश मिश्रा मौजूद थे।

## ट्रैक्टर पलटने से एक ही परिवार के 4 लोग हुए घायल

**भंडरा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भंडरा थाना क्षेत्र के मसमानो गांव में ट्रैक्टर पलट कर दबने से एक ही परिवार के चार लोग बुरी तरह से घायल हो गए। जिसे स्थानीय ग्रामीण आशुतोष कुमार व भंडरा थाना पुलिस की मदद से सभी घायलों को भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सेन्हा थाना क्षेत्र के बोंडो छापर टोली गांव निवासी सुकरा उरांव का पुत्र नारायण उरांव (35वर्ष) अपनी पत्नी राधा देवी (30वर्ष), पुत्री आरोही कुमारी (नौ वर्ष) व नौ माह का पुत्र शशि उरांव के साथ अपने ट्रैक्टर में सवार होकर भंडरा से मसमानो-टोटो मुख्य पथ होते हुए बोंडो छापर टोली जा रहे थे। तभी अनियंत्रित होकर केश्वर बांध के समीप ट्रैक्टर पलट कर 12 फिट गहरे खाई में जा गिरा। इससे सभी टैक्टर सवार बाल-बाल बच गए। इसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों द्वारा भंडरा थाना पुलिस को दिया गया। सूचना मिलते ही भंडरा थाना पुलिस अग्रतर कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

## उमराह के लिए रवाना हुए लोगों को अंजुमन अध्यक्ष अफसर कुरैशी ने किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के विभिन्न प्रखंडों से 8 लोग शुक्रवार को मक्का मदीना शरीफ उमराह के लिए रवाना हुए। रवानगी से पूर्व सभी को अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी अफसर कुरैशी ने जामा मस्जिद स्थित शहंशाहे लोहरदगा हजरत बाबा दुख्खन शाह मजार शरीफ के प्रांगण में माला पहनाकर सम्मानित किया तथा उमराह के दौरान किए जाने वाले अरकानों के बारे में उन्होंने सभी को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मौके पर हाजी अफसर कुरैशी ने कहा कि हज के बाद उमराह का इस्लाम में काफी महत्व है जो लोग अपने जीवन में हज नहीं कर पाते हैं उन्हें उमराह जरूर करनी चाहिए। उन्होंने जायरिनों को उमराह पर जाने की मुबारकबाद देते हुए जिला, राज्य व देश की तरक्की, अमन और शांति के लिए दुआ करने की भी अपील की है। मौके पर उन्होंने सभी जायरिनों को फूल का माला पहना कर तथा मुबारकबाद देकर रवाना किया। बताया गया कि लोहरदगा के विभिन्न प्रखंडों से 8 लोग रांची एयरपोर्ट से मक्का मदीना उमराह के लिए रवाना हो रहे हैं। जायरीनों में मोहिबुल्लाह अंसारी, मुस्तफा अंसारी, मजार अंसारी, मुस्लिम अंसारी, अख्तर अंसारी, ताजिम अंसारी, अजहरुद्दीन अंसारी तथा सलेहा बेबी शामिल है।

# जंगली हाथियों के कहर से वचाव हेतु वन सम्पदाओं का संरक्षण आवश्यक : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित कैरो प्रखंड कार्यालय सभागार में 03 मार्च शुक्रवार को प्रखंड प्रमुख श्री राम उराँव, अंचलाधिकारी कमलेश उरांव,व प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, की उपस्थिति में जंगली हाथियों से बचाव हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने कहा कि जंगली हाथियों के कहर से बचने के लिये वन-संपदाओ का संरक्षण आवश्यक है। अंधाधुन जंगलों की कटाई से जंगली जानवरों का आश्रय समाप्त होता जा रहा है इसी का नतीजा है कि दिन प्रतिदिन हाथियों का झुंड जंगलों से निकलकर रिहायशी इलाकों तक पहुंच रहे हैं जिससे कि जान माल का खतरा बनी रहती है इधर कुछ वर्षों से हमारे क्षेत्र में भी हाथियों का आना जाना लगा रहता है जिस से लगातार जान माल की खतरा हो रही है। अंचलाधिकारी कमलेश उरांव ने कहा कि वैसे तो जंगली हाथी खतरनाक होते ही हैं परंतु झुंड से भटका हुआ अकेला हाथी और भी खतरनाक हो जाता है हमें सावधानी बरतनी चाहिए फिर भी कहीं कोई घटना हो जाती है तो सरकार के द्वारा पीड़ित परिवार को सरकारी प्रावधान के तहत आवश्यक कार्यवाही के बाद मुआवजा दिया जाता है सरकार के द्वारा मुआवजा की राशि बढ़ाने पर भी विचार किया जा रहा है। प्रखंड प्रमुख श्री राम उराँव ने कहा कि जंगली हाथी कि रास्ता को कभी अवरुद्ध नहीं करना चाहिए हाथियों के आने जाने का रास्ता को अवरुद्ध करने का ही नतीजा है कि आज हाथी आबादी वाले क्षेत्रों में पहुंच रहे हैं। प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित राजेश उरांव व गुहा उरांव ने जंगली हाथी से बचाव को लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी दी उन्होंने बताया कि ऐसा माना जाता है कि तेज रोशनी दिखाकर पटाखे फोड़ कर मिर्च पाउडर से युक्त गोबर के उपले जलाकर मधुमक्खी जैसे तेज भिनभिनाहट वाली आवाज निकाल कर ढोल बजाकर हाथी को भगाया जा सकता है उन्होंने हाथी से बचाव को लेकर कहा कि हाथी से दूर ही रहे साथ ही साथ दूसरों को भी दूर रखें खेत खलियान में न सोए जंगल से लगे क्षेत्रों में खलियान ना बनाएं पेड़ पर चढ़कर हाथी ना देखें महुआ फल या शराब ना बनाएं शराब को घर से दूर ही रखें लाल रंग के कपड़े पहनकर हाथी देखने कभी भी ना जाए गांव के आसपास हाथी होने की सूचना पर सावधानी बरतें घर में कभी भी वृद्ध बच्चे महिलाओं को अकेले ना छोड़े अनावश्यक पटाखों का प्रयोग ना करें हाथियों का प्रवाह मार्ग ना रोके वन क्षेत्र से गुजरने वाली सड़कों पर सावधानीपूर्वक चले हाथियों को गुलेल तीर व अन्य साधनों से ना मारे हाथियों को लगातार न खदेड़े जंगल में उनका पीछा ना करें अनाज खाते समय हाथियों को खदेड़ने का प्रयास न करें। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मृणाल प्रकाश, मुखिया वीरेंद्र महाली श्रवण मुंडा, सुमन उरांव, पंचायत समिति सदस्य अंगनु उरांव, सुनीता लकडा, किशोर उराँव, श्यामदयाल उराँव, रोजगार सेवक हिफजूल रहमान, मंसूर आलम, पंचम एतवा पहान, नन्दा भगत, अख्तर अंसारी, सागर सोनी, सुधीर तिग्गा इत्यादि कार्यशाला मे उपस्थित थे।

## एक बार फिर दिखा हाथियों का तांडव, टूटे कितनों के घर



**ठेठईटांगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार शाम होते ही एक जंगली हाथी का तांडव देखने को मिला। ठेठईटाँगर प्रखंड के जोराम पंचायत के अकवनटोली निवासी पीटर लुगुन के घर को छतिग्रस्त करते हुए, केरिया पंचायत के लोदरा बेड़ा निवासी अरुण बिलुंग के घर को फिर से तोड़ा, जो की 2020 से लगातार पांचवी बार जंगली हाथी द्वारा तोड़ा गया , इसके बाद प्रदीप बिलुंग और सिमोन बिलुंग के घर को ताबड़तोड़ क्षतिग्रस्त करते हुए उरद के बोरी, चावल की बोरी को लेकर चलता बना । इसके बाद केरिया के डांग टोली निवासी कालेप डांग के घर को छतिग्रस्त किया, ग्रामीणों ने पूरी मेहनत और ज़ोर लगाकर पूरब की ओर जंगल में हाथी को खदेड़ा। अहले सुबह इसकी सुचना प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज को जैसे ही मिला,वे तुरंत संबंधित गांव का दौरा किये एवं तत्काल सहयोग के रूप में बीस-बीस किलो चावल उपलब्ध कराया एवं सरकार के द्वारा मिलने वाला मुवावजा के लिए आवेदन लिखवाया, साथ ही हर संभव मदद देने की बात कही,और लोगों को हाथी आने पर सजग रहने की सलाह दी एवम् घर में नशीला पदार्थ बनाने एवं रखने से मना किया। मौके पर कांग्रेस पार्टी के प्रखंड सचिव प्रिंस कुमार, विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू, जॉनसन डांग, आदि उपस्थित थे।

# पवन शांति युद्ध मे शहीद जवान फिदलिस एक्का की बेटी को नौकरी देने के लिए विधायक भूषण बाड़ा और विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने सीएम को दिया ज्ञापन

**➲विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान शहीद की बेटी ने स्थानीय विधायक भूषण बाड़ा को समस्याओं से कराया था अवगत**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा और कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी के नेतृत्व में 1987 में श्रीलंका के साथ हुए पवन शांति युद्ध मे शहीद जवान फिदलिस एक्का की बेटी बसंती एक्का ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को आवेदन देकर नौकरी की मांग की है। मुख्यमंत्री को दोनों विधायकों ने बताया कि शहीद फिदलिस एक्का 10 अक्टूबर 1987 को श्रीलंका के पिरिविलम में एलटीआई से शान्ति सेना के रूप पर लड़ते हुए शहीद हो गए। पर दुर्भाग्य की बात है कि परिजन उनके अंतिम दर्शन तक नहीं कर पाए। तब से लेकर आज तक वे लोग गुमनामी की जिंदगी ब्यतीत किये। फिदलिस के शहीद होने के 34 वर्ष गुजर जाने के बाद भी उनके परिजनों को किसी ने सुध नहीं ली। साथ ही किसी तरह का कोई सरकारी सुविधा भी नसीब नहीं हुआ।इसके बाद विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गांव पहुंचे स्थानीय विधायक भूषण बाड़ा को इसकी जानकारी दी। साथ ही अपनी पीड़ा बताते हुए किसी एक परिजन को नौकरी देने के लिए पहल करने की मांग की। जिसके बाद विधायक ने पहल करते हुए मुख्यमंत्री से मिलवाने का आश्वासन दिया था। इसी कड़ी में कोलेबिरा विधायक के साथ वे शहीद की बेटी को लेकर मुख्यमंत्री से मिले। इधर पिछले दिन पहले ही डाल्टेनगंज में सीआरपीएफ की 112 बटालियन द्वारा शहीद के गांव में शहीद जवान की प्रतिमा का अनावरण कर सम्मान देने की शुरुआत की गई। जिसका खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन द्वारा 34 साल बाद फिदलिस का मृत्य प्रमाण पत्र दिया गया। साथ ही उनके परिजन को आवास एवं शौचालय का भी लाभ दिया गया। वहीं प्रशासन द्वारा बसंती को जीएनएम की नर्सिंग करने एवं ट्रेनिंग पूरी करने के बाद नौकरी देने का आश्वासन दिया गया। जिसके बाद बसंती ने किसी तरह जीएनएम की ट्रेनिंग पूरी की। इसके बाद बसंती प्रशासन के समक्ष नौकरी के लिए लगातार गुहार लगाई। पर उन्हें नौकरी नहीं मिली। किसी तरह का उनके पास रोजगार का साधन भी नही है। जिस कारण जीवन बसर करने में काफी कठिनाई हो रही है। विधायकों ने उन्हें स्टाफ नर्स के रूप में नौकरी देने की मांग की है। वहीं मुख्यमंत्री ने भी नौकरी देने की दिशा में सकारात्मक पहल करने का अस्वाशन दिया।

**गुमनामी का जीवन गुजारने वाले शहीदों के परिजनों को भी नौकरी देने की रखी मांग**

विधायक विक्सल कोंगाड़ी और विधायक भूषण बाड़ा ने मुख्यमंत्री से गुमनामी की जिंदगी जीने वाले शहीदों को भी चिन्हित करने की मांग की। साथ ही चिन्हित कर सरकारी सुविधा का लाभ से वंचित ऐसे शहीद जवानों के परिजनों को भी सरकारी नौकरी देने की मांग की है। विधायकों ने कहा है कि पूर्व की सरकार की लापरवाही के कारण आज भी बहुत से शहीद जवानों के परिजनों को सम्मान नहीं मिल पाया है। साथ ही नौकरी के लिए भी भटक रहे हैं।

## यह बजट अब तक का सबसे निराशाजनक बजट : लक्ष्मण बड़ाईक

# आधारभूत संरचना के विकास का कोई स्वरूप नही : विमला प्रधान

**झारखंड को पीछे ले जाने वाला यह बजट : सुशील श्रीवास्तव**

**यूपीए सरकार के निश्चय पत्र एवं संकल्प पत्र के बिल्कुल उल्टा है यह बजट : रवि गुप्ता**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** झारखंड सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा की यह बजट अब तक का सबसे निराशाजनक बजट है इस बजट में गांव गरीब किसान नौजवान मजदूर किसी को कुछ नहीं मिला यह सरकार सिर्फ लोगों को बेवकूफ बनाकर झारखंड का दोहन करने में लगी हुई है, इस वजह से झारखंड वासी पूरी तरह निराश है। वही बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा की आधारभूत संरचना के विकास का कोई स्वरूप नहीं है इस वजह में राजकीय आधारभूत संरचना का विकास यथावत खड़ी है इसके विकास का संकल्प इस बजट में नहीं दिखाई देता है युवाओं के रोजगार सृजन के बारे में जिन वादों नारों को देखकर यूपीए गठबंधन की सरकार सत्ता में आई थी उसका कोई स्वरूप इस बजट में दिखाई नहीं पड़ता है। केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा राज के पिछड़े क्षेत्र के विकास के बारे में इस बजट में कुछ भी नहीं है खासकर दक्षिणी छोटानागपुर एवं सिमडेगा जिला को बजट में कुछ नहीं मिला सिमडेगा जिला एक पिछड़ा और आदिवासी बहुल जिला है पर इस बजट से सिमडेगा जिला वासियों को काफी निराशा हुई है यह बजट झारखंड को पीछे ले जाने वाला बजट है। बजट में कई केंद्र की योजनाओं को भी नाम बदल कर लागू कर दिया गया है, इस बजट से व्यपारी किसान मजदूर सभी निराश हैं । बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सो.मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता ने कहा कांग्रेस एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने चुनाव पर निश्चय पत्र और संकल्प पत्र में जिन बातों की घोषणा की थी उन घोषणाओं का भी इस बजट में कहीं समायोजन नहीं दिखाई दे रहा है योजना आकार तो जरूर बढ़ा दिया गया है मगर वित्तीय समावेश अलग-अलग विभाग में किस तरह से किया जाए वह पूरी तरह से अविश्वसनीय है हमें विश्वास था कि सरकार अपने घोषणापत्र के आधार पर प्रत्येक वर्ष महिलाओं को 72000 देना सुनिश्चित करेगी बजट मे पांच लोगों को हर वर्ष रोजगार देगी रोजगार नहीं देने पर बेरोजगारी भत्ता देगी पर सब कुछ छोड़ दिया गया, बजट में बच्चों छात्रों युवाओं महिलाओं ,किसान ,मजदूर और बुजुर्गों के लिए कुछ भी नहीं किया गया है ,यह बिल्कुल ही बोगस बजट है ।

## पर्यावरण मेला में अर्जुन मुंडा ने बाल कृष्णा सिंह को किया सम्मानित



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पर्यावरण मेला 2023 रांची युगांधर भारती एवं दामोदर बचाओ आंदोलन के द्वारा मोराबादी मैदान रांची में आयोजित पर्यावरण मेला में पर्यावरण संरक्षण सम्मान समारोह में पर्यावरण संरक्षण सम्मान श्री अर्जुन मुंडा केंद्रीय मंत्री जनजाति कल्याण विभाग भारत सरकार के द्वारा बाल कृष्णा सिंह दामोदर बचाओ आंदोलन लोहरदगा जिला संयोजक एवं रामस्वरूप साहू को दामोदर बचाओ आंदोलन चुल्हा पानी के विकास में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दामोदर बचाओ आंदोलन के केंद्रीय अध्यक्ष माननीय विधायक जमशेदपुर पूर्वी सरयू राय जी के साथ में मंच पर ओम प्रकाश सिंह,वरिष्ठ भाजपा नेता अंशुल शरण, अध्यक्ष युगांधर भारती, शीतल, आशीष मुंडा, सचिव साथ में अन्य अतिथि गण उपस्थित थे। बधाई देने वालो में लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत, ओम सिंह, मिथुन तमेडा, धनंजय तिवारी, नवीन कुमार टिंकु, मुकेश साहु, धीरज प्रसाद, राजेश प्रसाद, संजय चौधरी, लाल अशोक, राजेश गुप्ता, सुनील सिंह, विवेक सोनी,जय नारायण प्रजापति, सुभाष यादव, परमेश्वर ठाकुर, यदुनंदन तिवारी, भृगुनंदन तिवारी, लाल पंचम नाथ शाहदेव, सरस्वती देवी,राजेंद्र लोहरा, लाल सुदर्शन सहित दामोदर बचाओ आंदोलन एवं भारतीय जनता पार्टी एवं अन्य समाजिक संगठनों के लोगों ने भी बधाई दी।

# पतरातु डैम रिजॉर्ट में जी 20 डेलिगेट्स का हुआ भव्य स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** मद्धिम संगीत, पक्षियों की चहचहाहट, पतरातु डैम के किनारे बना रिजॉर्ट शुक्रवार को विदेशी मेहमानों की मेहमाननवाजी में व्यस्त था। जी 20 सम्मेलन में शिरकत करने आए मेहमान भी झारखंड के रमणीय वातावरण के कायल हो गए। कुछ मेहमान पलाश के वृक्षों को निहार रहे थे, तो कुछ डैम में बोटिंग का आनंद लेते दिखाई दिए। रिजॉर्ट में मेहमानों का स्वागत झारखंड की संस्कृति और परम्परा के अनुरूप किया गया। ढोल, नगाड़े की थाप पर नृत्य करते झारखंड के कलाकारों ने प्रतिनिधियों का मन मोह लिया।



**जेएसएलपीएस के उत्पादों के स्टॉल पर मेहमानों ने की खरीदारी:** जी 20 की बैठक में शामिल होने वाले विदेशी मेहमानों के स्वागत का तरीका एकदम अनूठा और आकर्षक था। रिसोर्ट के किनारे जेएसएलपीएस प्रोडक्ट्स के स्टाल लगाए गए थे। साथ ही खादी ग्राम उद्योग की भी प्रदर्शनी लगाई गई थी। विदेशी मेहमानों में झारखंड के प्रोडक्ट को लेकर काफी उत्सुकता दिखाई दी। उन्होंने जेएसएलपीएस के इनस्टॉल से कई खाद्य प्रोडक्ट की खरीदारी की। वही खादी ग्राम उद्योग के स्टॉल पर भी मेहमानों ने जाकर उनके प्रोडक्ट के बारे में जानकारी ली।

**झारखंडी वाद्ययंत्रों की प्रदर्शनी:** विदेशी मेहमानों के लिए सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र रहे झारखंड की संस्कृति और संगीत से जुड़े वाद्य यंत्र। झारखंड की संस्कृति और संगीत से जुड़े वाद्य यंत्रों की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। विदेशी डेलिगेट्स ने वाद्ययंत्रों के प्रति गहरी रुचि दिखाई और उनके विषय में जानकारी प्राप्त की।

**हॉस्पिटिलिटी के विदेशी हुए मुरीद:** जी20 की बैठक में भाग लेने आए विदेशी मेहमानों ने झारखंड में हॉस्पिटिलिटी को लेकर काफी तारीफ की। उन्होंने बताया कि झारखंड का नेचर आकर्षित करने वाला है और खासकर यहां की मेहमाननवाजी बेहतरीन रही।उन्हें जी-20 की बैठक के साथ-साथ यहां की प्रकृति और यहां के लोगों के बारे में काफी जानकारी मिली। झारखंड के लोक नृत्य को भी उन्होंने काफी सराहा।

# नॉर्थ ईस्ट में मोदी विजन



रविन्द्र उपाध्याय @ संपादक

संसार का सबसे लंबा द्वीप, कंचनजंघा की बर्फीली पहाड़ियों पर सर्पीले रास्ते, दुनिया का सबसे नम स्थान, घने मनोहरी जंगल, मूसलधार बारिश, चाय के बागान, सौंदर्य बिखेरते परंपरागत आवास और जंगलों में गैंडे और याक का वास। यह है नॉर्थ ईस्ट यानी पूर्वोत्तर की पहचान। इतना सब होने के बावजूद आजाद भारत के इन आठ राज्यों - असम, मणिपुर, नगालैंड, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम व सिक्किम को उग्रवाद व अलगाववादी ताकतों ने अपनी गुलामी में जकड़े रखा। स्वतंत्रता प्राप्ति से लेकर एक दशक पहले तक ये राज्य उपेक्षा का शिकार रहे। बमों की आवाज से पूर्वोत्तर गूंजता रहा और आग की लपटों से जलता रहा। अपनी दुर्दशा पर आठ-आठ आंसू भी बहाता रहा। पूर्वोत्तर के राज्यों में विकास की रोशनी उस समय से पहुंचना शुरू हुआ, जब 2014 में देश को मोदी के रूप में एक सशक्त प्रधानमंत्री मिला। मोदी सरकार ने इस क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित करने तथा शांति स्थापित करने के लिए कई कदम उठाए। सरकार की नीति ने संभावनाओं के द्वार खोलने के साथ इस क्षेत्र की जनता में नई उम्मीद भी पैदा की। पूर्वोत्तर भारत को उत्पादन और विकास का हब के रूप में विकसित करने की महत्वाकांक्षी कार्य योजना का क्रियान्वयन शुरू किया गया। इस उपेक्षित क्षेत्र को आर्थिक रूप से अधिक गतिशील और समृद्ध बनाया जा रहा है। सड़क, रेल, नदी और हवाई मार्गों के माध्यम से पूर्वोत्तर में आवागमन को बढ़ाया जा रहा है। इससे तकनीक और विचारों के आदान-प्रदान एवं प्रवाह में भी गुणात्मक वृद्धि हो रही है। सरकार ने संवाद और संवेदनशीलता से इस क्षेत्र के वर्षो से लंबित कई मुद्दों का भी समाधान किया। सरकार की समावेशी नीतियों के कारण पूर्वोत्तर के लोगों का अलगाववाद और उग्रवाद से अब मोह भंग हो रहा है। असम में शांति और सद्भाव हेतु त्रिपक्षीय समझौते के बाद करीब पांच दशकों से चल रहे अलग बोडोलैंड राज्य विवाद का शांतिपूर्ण हल हुआ। बता दें कि 2014 तक पूर्वोत्तर के राज्यों में कांग्रेस और लेफ्ट का राज था। वहां 2016 से सरकारें बदलने लगीं। 2019 आते-आते पूरी तरह से पूर्वोत्तर का सियासी नक्शा बदल गया। आठ में से सात राज्यों में भाजपा और उसके सहयोगी दलों ने सरकार बना ली। इसके बाद इस क्षेत्र में विकास ने रफ्तार पकड़ी। क्योंकि केंद्र में भी बीजेपी की सरकार है। पीएम मोदी ने पूर्वोत्तर के इन राज्यों के विकास के लिए अलग से बजट में प्रावधान किया। ऐसा पहली बार हुआ। इसके अलावा कई तरह के कार्यक्रमों के जरिए पूर्वोत्तर के राज्यों को देश और दुनिया के नक्शे पर लाया जाने लगा। केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद नॉर्थ ईस्ट के लोगों को सभी योजनाओं का फायदा मिलने लगा। यहां सबसे ज्यादा आवास योजना का लोगों को फायदा मिला। पूर्वोत्तर के राज्यों में 60 फीसदी से ज्यादा लोगों को आवास योजना का लाभ मिल चुका। इसके अलावा मुफ्त राशन योजना का भी लाभ लोगों को मिल रहा है। इन राज्यों में आवागमन को सुलभ बनाया गया। तेजी से इन राज्यों में सड़कों का निर्माण हुआ। इससे इन राज्यों की कमाई बढ़ गई। लोगों को रोजगार मिला। इसके अलावा बड़े पैमाने पर यहां शिक्षण संस्थानों की शुरुआत हुई। युवाओं को कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा से जोड़ा गया। विकास के यहां अनगिनत काम हो रहे हैं। यही कारण है कि पूर्वोत्तर के तीन राज्यों त्रिपुरा,नगालैंड और मेघालय के चुनाव नतीजों पर पीएम मोदी ने वहां की जनता का आभार जताया। त्रिपुरा के विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि राज्य के विकास को बढ़ावा देना जारी रहेगा। कहा कि मेघालय को विकास पथ पर आगे बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत करते रहेंगे और राज्य के लोगों को सशक्त बनाने पर फोकस करेंगे। गौरतलब व विचारणीय बात तो यह है कि आजादी के बाद अगर इसी तरह वहां विकास कार्य शुरू किया जाता तो पूर्वोत्तर के राज्य आज विश्व के मानचित्र पर ध्रुव तारे की भांति अपनी चमक बिखेर रहा होता। सचमुच इस राज्यों के विकास में केंद्र की मोदी सरकार का बहुमूल्य योगदान है। यही कारण है कि मिजोरम छोड़ कर पूर्वोत्तर के सात राज्यों में बीजेपी का कमल खिल रहा है। यह केंद्र द्वारा किए गए व किए जा रहे विकास कार्यों की देन है। मोदी विजन की देन है।

# जमीन के अंदर बंकर बना चल रहा था शराब बनाने की फैक्ट्री

## उत्पाद विभाग ने किया भंडाफोड़, तीन लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बोकारो :** जमीन के अंदर बंकर बना, चला रहा था नकली विदेशी शराब बनाने का फैक्टरी। 300 पेटी नकली अवैध शराब, 2000 लिटर स्प्रिट,नकली लबेल, ढकन, होलोग्राम, के साथ तीन लोग गिरफ्तार साथ में एक बोलेरो गाड़ी भी उत्पाद विभाग ने की जप्त। उत्पाद विभाग के इस्पेक्टर संजीत देव ने जानकारी देते हुए बताया की हम लोगो को लगतार सूचना मिल रही थी कि होली को लेकर आशा विहार इलाके से विभिन्न जिलों से लेकर बिहार तक अवैध शराब की खपत की जा रही है। सूचना के बाद इसकी पुष्टि कराई गई। पुष्टि के बाद छापामारी दल का गठन किया गया। सहायक आयुक्त उत्पाद के निर्देश पर छापामारी जरीडीह थाना के बलरामपुर गांव में किया गया। मौके पर तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया तथा 300 पेटी नकली विदेशी अवैध शराब तथा 2 हजार स्प्रिट बरामद किया गया है। एक फरार अभियुक्त विनोद साहू के ऊपर प्राथमिक दर्ज कर लिया गया है तथा तीनों आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। बताते चलें की जरीडीह थाना के बलरामपुर गांव में एक चारदीवारी में जमीन के अंदर बंकर बनाकर बड़ी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बनाकर विभिन्न जिलों तथा बिहार में इसकी बड़ी खेप खपाई की जा रही थी। जहां उत्पाद विभाग ने इसका खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजने का काम किया है वही शराब माफिया के मंसूबों पर पानी फेंकने का काम किया है वही होली के त्यौहार को देखते हुए इन दिनों शराब माफिया लगातार शराब को खपाने के लिए लगे हुए है।



## निलंबित आईएएस पूजा सिंघल ने फाइल की डिस्चार्ज पिटीशन

**रांची :** ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में मनी लॉन्ड्रिंग की आरोपित निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल लगातार तीसरे दिन शुक्रवार को सशरीर हाजिर हुई। मनरेगा घोटाला के केस में पूजा सिंघल की ओर से ईडी कोर्ट में डिस्चार्ज पीटीशन फाइल की गयी। इस पर सुनवाई के लिए अदालत ने 17 मार्च की तिथि निर्धारित की । पूजा सिंघल ने अपने अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा के माध्यम से डिस्चार्ज पीटीशन दायर की है। आईएएस पूजा सिंघल पर खूंटी का डीसी रहते हुए मनरेगा घोटाला के जरिए करोड़ों रुपए की संपति अर्जित करने और घोटाले के जरिये कमाए हुए पैसों को अलग-अलग जगह निवेश करने का आरोप हैं।

## भगोड़े कारोबारी विजय माल्या को सुप्रीम कोर्ट से लगा झटका



**नई दिल्ली :** भगोड़े कारोबारी विजय माल्या की याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है. साल 2018 में दाखिल इस याचिका में माल्या ने खुद को भगोड़ा घोषित करने को लेकर मुंबई की कोर्ट में चल रही कार्रवाई को चुनौती दी थी. माल्या के वकील ने कोर्ट को बताया कि वह लंबे अरसे से उनके संपर्क में नहीं हैं, इसलिए जिरह नहीं कर सकते. इससे पहले भी माल्या के कुछ मुकदमे इसी आधार पर खारिज हुए हैं. इस मामले में भी 2019 में ही मुंबई की ईडी कोर्ट उसे भगोड़ा घोषित कर चुकी है. साल 2018 में दाखिल याचिका बिना जिरह के अब तक लंबित थी. सुप्रीम कोर्ट ने उसे शुक्रवार को खारिज कर दिया. जज अभय एस ओका और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता के वकील का कहना है कि याचिकाकर्ता उन्हें कोई निर्देश नहीं दे रहा हैय इस बयान के मद्देनजर, मुकदमा न चलाने संबंधी याचिका खारिज की जाती है.मुंबई की ईडी कोर्ट ने पांच जनवरी, 2019 को माल्या को %भगोड़ा% घोषित किया था. विशेष धनशोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत, एक बार किसी व्यक्ति को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किए जाने के बाद, अभियोजन एजेंसी के पास उसकी संपत्ति को जब्त करने की शक्तियां होती हैं. मार्च 2016 में ब्रिटेन भाग गया माल्या 9,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में फरार है. कई बैंकों ने बतौर लोन किंगफिशर एयरलाइंस को यह पैसे दिए थे.सुप्रीम कोर्ट ने एक अलग मामले में 11 जुलाई, 2022 को, माल्या को कोर्ट की अवमानना के लिए चार महीने की जेल की सजा सुनाई थी और केंद्र को भगोड़े व्यवसायी की मौजूदगी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था, ताकि भगोड़ा कारोबारी सजा भुगत सके.

# आंध्र प्रदेश में 50 हजार नए रोजगार के अवसर पैदा करेगा रिलायंस : अंबानी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** रिलायंस आंध्र प्रदेश में 50 हजार रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा और देश भर में आंध्र के उत्पादों को पहुंचाने के लिए रिलायंस रिटेल, प्रदेश से कृषि, कृषि आधारित उत्पादों और अन्य उत्पादों की अधिक से अधिक खरीद करेगा। साथ ही 10 गीगावाट सोलर पॉवर प्लांट में रिलायंस निवेश करेगा। 'आंध्र प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023' में



रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने यह घोषणा की। आंध्र के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी के उपस्थिती में मुकेश अंबानी ने रिटेल सेक्टर में क्रांति का जिक्र करते हुए कहा कि रिलायंस रिटेल ने आंध्र प्रदेश के 6 हजार गांवों में 1 लाख 20 हजार से अधिक किराना व्यापारियों के साथ साझेदारी की है। डिजिटल युग में भी छोटे व्यापारी फल-फूल सकें इसके लिए उन्हें आवश्यक उपकरणों से लैस किया गया है। रिलायंस रिटेल ने आंध्र प्रदेश में 20,000 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार और बड़ी संख्या में अप्रत्यक्ष रोजगार दिए हैं। रिलायंस जियो के बारे में बात करते हुए मुकेश अंबानी ने बताया कि, जियो ट्रू 5जी का रोलआउट आंध्र प्रदेश सहित पूरे भारत में 2023 के अंत से पहले पूरा हो जाएगा। 40,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करके जियो ने राज्य में सबसे बड़ा और सबसे बेहतरीन डिजिटल नेटवर्क फुटप्रिंट बनाया है, जो प्रदेश की 98प्रतिशत आबादी को कवर करता है।

# भारत-चीन सीमा विवाद पर केन्द्र को देना होगा जवाब : कांग्रेस

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने कहा कि भारत-चीन सीमा विवाद के मुद्दे पर केन्द्र सरकार को अपनी चुप्पी तोड़नी होगी। उन्हें बताना होगा कि चीन से 26 बार वार्ता के बाद क्या हल निकला है।कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि एक ओर चीन हमारी सीमा में अतिक्रमण कर रहा है दूसरी ओर भारत सरकार चीन के विदेश मंत्री डॉ किन गैंग से संवाद कर रही है। खेड़ा ने कहा कि जी20 के दौरान विदेश मंत्रियों की बैठक के मौके पर हमारे विदेश मंत्री ने चीन के विदेश मंत्री से भारत-चीन सीमा विवाद के मुद्दे पर क्या बात की है उन्हें देश को बताना चाहिए। खेड़ा ने कहा कि हमारे विदेश मंत्री एस जयशंकर पहले ही कह चुके हैं कि चीन बड़ी अर्थव्यवस्था है उससे लड़ा नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री को सेना के शौर्य पर सवाल नहीं उठाना चाहिए क्योंकि हमारी सेना के हौसले फौलादी हैं।

# हाई कोर्ट में अनूप सिंह की जीरो एफआईआर के खिलाफ याचिका स्वीकार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर की कोर्ट में शुक्रवार को हेमंत सरकार गिराने के कथित मामले में कैश लेने के आरोपित कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप की याचिका पर अपना फैसला सुना दिया है। इस केस के सभी पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने 24 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाई कोर्ट ने राजेश कच्छप की याचिका स्वीकार कर ली है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने



विधायक अनूप सिंह द्वारा कैश कांड में कराई गई जीरो एफआईआर के खिलाफ हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। राजेश कच्छप ने हाई कोर्ट में क्रिमिनल रीट दाखिल कर इस पूरे मामले में जांच की मांग की थी। विधायक राजेश कच्छप की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा ने पक्ष रखा। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार ने पक्ष रखा। केंद्र सरकार की ओर से अधिवक्ता विनोद साहू ने कोर्ट में बहस की। उल्लेखनीय है कि पिछले साल 30 जुलाई को 46 लाख कैश के साथ कोलकाता में पकड़े गए कांग्रेस से निलंबित तीन विधायकों इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी की ओर से रांची के अरगोड़ा थाने में अनूप सिंह की ओर से किए गए जीरो एफआईआर को कोलकाता ट्रांसफर किए जाने के खिलाफ दाखिल याचिका मामले में कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है।

# झारखंड का निराशा पूर्ण बजट : आनंद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** झारखंड सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट निराशाजनक रहा। इस पूरे बजट में तथ्यों से परे वादों को ही बल दिया गया। चुकी यह हेमंत सरकार का आखिरी पूर्ण बजट था। इसीलिए इसमें आकाश कुसुम जैसे कई वादे किए गए। जिसका धरातल पर कोई महत्व नहीं है। उन्होंने कहा कि आज जब पूरा राज्य लगभग व्यवसाय हीन हो चुका है,उस समय वव्यसाई समस्याओं पर कुछ भी न बोलना और अपने वादों के अनुरूप कृषि कर को खत्म न करना यह सरकार की दोहरे चरित्र को दर्शा रहा है। पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष



आनंद शंकर ने बताया कि यह सरकार पूर्ण रूप से विफल हो चुकी है। जिसका ताजा उदाहरण रामगढ़ उप चुनाव में दिखा है। सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने पलामू में मनोचिकित्सक डॉक्टरों की नियुक्ति एवं मनो चिकित्सालय खोलने के कदम का स्वागत किया और कहा कि अगर सरकार अब ईमानदारी से काम करें तो निश्चित तौर पर झारखंड पुनःपटरी पर लौट सकता है। सरकारी खोखले वादों के विपरित कोई काम भी बिना भ्रष्टाचार के पूर्ण नहीं हो पा रहा है।।आज के बजट भाषण में स्वयं वित्त मंत्री एवम् मुखमंत्री थके से असंतुष्ट दिखे।।वित्त एवं मुख्यमंत्री ने भाषण पर प्रक्रिया भी उत्साह पूर्वक नहीं थी। पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स इस संपूर्ण बजट को अनुपयोगी बताते हुए इससे 10 में से 4 अंक देता है। इस बजट को राज हित में कदापि नहीं कहा जा सकता है। हमें सरकार से ज्यादा आशा थी, जो कि पूरी नहीं हो सकी।

# ताजिकिस्तान से वतन सकुशल लौटे 18 मजदूर

## 16 मजदूरों की ताजिकिस्तान से वापसी होना शेष, 36 मजदूरों में 2 की पहले हो चुकी है वापसी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** जीवन सोनी ताजिकिस्तान में फंसे झारखंड के 36 मजदूरो में 18 मजदूर ताजिकिस्तान की सकुशल वतन वापसी हुई।सभी 18 मजदूर ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांबे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सोमन एयर से पिछले को मंगलवार को दिल्ली पहुंचा।अपने वतन पहुंचने पर सभी 18 मजदूरों ने दिल्ली पहुंचने पर सबसे पहले ईश्वर का नाम लेते हुए अपने वतन की मिट्टी को चुमा खुलकर सांस लिया।दिल्ली से कुछ मजदूर बस और कुछ मजदूर ट्रेन से अपने-अपने घर पहुंचे। मजदूरों ने वतन वापसी होने पर केंद्र और राज्य सरकार के साथ-साथ प्रवासी मजदूरों के हित में काम करने वाले



सिकन्दर अली समेत सारे मिडिया का आभार प्रकट किया। बताते चले कि झारखंड के गिरिडीह, हजारीबाग, बोकारो, धनबाद जिले के 36 मजदूर जो बिष्णुगढ प्रखंड के खरना निवासी पंचम महतो के माध्यम से टीजीएम कंपनी में काम करने ताजिकिस्तान गये थे।जहां सभी मजदूर बुरी तरह से फंस गये थे।न ही उन्हें ठीक ढंग से खाना दिये जा रहा था न ही उन्हें वेतन दिया जा रहा था।इसी बीच मजदूरों ने पिछले 13 फरवरी को प्रवासी हित में कार्य करने वाले समाज सेवी सिकन्दर अली सोशल मीडिया के माध्यम से वीडियो शेयर कर अपनी पीड़ा को साझा करते हुए वतन वापसी में सहयोग की अपील की थी।इसके बाद केंद्र एवं राज्य सरकार ने मामले को गंभीरता से लिया। इसके बाद मजदूरों का बकाया मजदूरी का भी भुगतान कराया गया। इसके बाद 18 मजदूर की वतन वापसी करायी गयी।लौटने वाले मजदूरों में गिरिडीह जिले के बगोदर प्रखंड अंतर्गत तुकतुको के खिरोधर महतो,नागेश्वर चौधरी, रामदेव महतो, औरा के सुखदेव महतो, संतोष कुमार महुरी के गोवर्धन महतो, ढिबरा के जगरनाथ महतो, सरिया प्रखंड के अंतर्गत पिपराडीह के डुमरचंद महतो, डुमरी प्रखंड के अंतर्गत कुलगो के शंकर कुमार महतो. हजारीबाग जिले के बिष्णुगढ प्रखंड अंतर्गत गोविंदपुर के बालेश्वर महतो, नागी के महेन्द्र महतो, सारूकुदर के टुकामन महतो, नागेश्वर महतो खरना के डेगलाल महतो,महेश महतो बोकारो जिले के गोमियां प्रखंड अंतर्गत हुरलुंग के नारायण महतो,बालेश्वर महतो अशोक कुमार,करतवारी के प्रकाश महतो शामिल हैं।वही दो मजदूर प्रकाश महतो एवं दिनेश महतो की वापसी पूर्व में हो चुकी हैं और अभी 16 मजदूरो का ताजिकिस्तान से वापसी होना बाकी हैं।

## संत मरियम स्कूल में हुआ होली मिलन समारोह का आयोजन

# आपसी प्रेम व भाईचारे का पर्व है होली : ऋषभ गर्ग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** गुरुवार को संत मरियम स्कूल के आवासीय प्रांगण में रंगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग एवं विशिष्ट अतिथी विश्रामपुर एसडीपीओ सुरजीत कुमार, सदर एसडीओ राजेश शाह, व्यवसाई संघ के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल और स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर मुख्य अतिथि ऋषभ गर्ग ने कहा कि होली का त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देता है। यह पर्व ऋतुराज वसंत के आगमन पर फाल्गुन की पूर्णिमा को



आनंद और उल्लास के साथ मनाया जाता है। साथ ही उन्होंने कहा की हर एक पर्व हमे कुछ न कुछ शिक्षा देकर जाती है, उसी कड़ी में हम सभी को यह प्रयास करना चाहिए की आने वाली होली में अपने अंदर के छल प्रपंच अधर्म का नाश कर अच्छे मार्ग को अपनाएं ताकि भविष्य बेहतर हो। विशिष्ट अतिथि सुरजीत कुमार ने सभी को होली की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा की हम सब अपने बेहतर कर्मो से यह प्रयास करे कि आगामी रंगों का त्योहार होली हम सभी के जीवन में उत्सव समृद्धि और सुख का नया रंग उड़ेले। विशिष्ट अतिथि श्री राजेश शाह ने कहा की धर्म और सत्य पर आधारित यह पर्व हम सभी को अनेक मार्ग प्रदत्त करता है। बुराई पर अच्छाई के प्रतिक का यह पर्व हमे सदैव सत्य के साथ अडिग रहने की प्रेरणा देता है। संत मरियम स्कूल के चेयरमैन श्री अविनाश देव ने कहा कि आप सभी बच्चे होली की छुट्टियां मनाने घर जा रहे हैं। आप सभी छुट्टियों का आनंद लें परंतु अपने स्वाध्याय को चालू रखें, नियमबद्ध होकर घर में भी अनुशासन का पालन करें और अपने समाज को बेहतर विद्यार्थी के रूप में अपना परिचय दें। साथी ही श्री देव ने विद्यार्थियों से आग्रह किया आपके आसपास के शोषित वंचित और गरीब तबके के लोग भी होली अच्छे से मनाए इसका आपको ख्याल रखना है। मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक मौजूद रहे।